राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 13 अंक - 335
लखनऊ, गुरुवार 6 अगस्त, 2026
पृष्ठ- 12 मूल्य- ₹ 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com





मिड-डे मील की खबर प्रकाशित होने के बाद जांच तेज 10

अभिभावकों की सहमति से तैयार की जा रही डिजिटल आईडी : संदीप 03


-: सर्राफा बाजार :-

| | | |
|---|---|---|
| गोल्ड | 24 कैरेट | = 1,45,900/10 ग्राम |
| | 22 कैरेट | = 1,33,750/10 ग्राम |
| | 18 कैरेट | = 1,09,460/10 ग्राम |
| चांदी | | = 2,40,000/किग्रा |



## संक्षिप्त समाचार

### अगले आयेंगे प्लास्टिक के नोट



**मुंबई।** सब कुछ योजना के अनुसार रहा तो अगले वित्त वर्ष के आरंभ तक प्लास्टिक के नोट लोगों के हाथों में होंगे। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने बुधवार को बताया कि शुरुआत में इन नोटों को पायलट परीक्षण के लिए लाया जायेगा। यदि पायलट में सबकुछ ठीक रहा तो इसका आगे विस्तार किया जायेगा। केंद्रीय बैंक के मौद्रिक नीति संबंधी बयान जारी करने के बाद आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन में एक प्रश्न के उत्तर में श्री मल्होत्रा ने कहा, यदि सबकुछ योजना के मुताबिक हुआ तो हमने अगले वित्त वर्ष की शुरुआत में इसे लाने का लक्ष्य रखा है। उन्होंने बताया कि अभी पॉलीमर के कागज के लिए निविदा आमंत्रित की है। उसके आने के बाद उस पर परीक्षण किये जायेंगे, सुरक्षा संबंधी स्वीकृतियां मिलेंगी, कई चरण हैं, कई सिक्योरिटी फीचर हैं।

### होर्मुज खोलें अन्यथा होगा बड़ा हमला : ट्रंप




**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि होर्मुज जलडमरूमध्य जल्द ही खोल दिया जाएगा, अन्यथा ईरान पर बहुत बड़ा हमला किया जाएगा। एक साक्षात्कार में श्री ट्रंप ने ईरान के साथ वार्ता की प्रगति संबंधी सवाल पर कहा कि होर्मुज जलडमरूमध्य बहुत जल्द खोल दिया जाएगा, अन्यथा उन्हें बहुत कड़ा प्रहार झेलना पड़ेगा। किसी भी स्थिति में जलडमरूमध्य खुलने वाला है। दूसरी ओर ईरानी अधिकारियों ने अमेरिका के साथ किसी भी प्रत्यक्ष वार्ता में शामिल होने से इनकार किया है। उनका कहना है कि बातचीत ओमान के माध्यम से मध्यस्थों के जरिए हो रही है।

### भारत के आंतरिक मामलों में न बोले पाक

**नई दिल्ली।** भारत ने पाकिस्तान के उप प्रधानमंत्री की पाकिस्तान में मनाये गये तथाकथित यौम-ए-इस्तेहसाल (विरोध दिवस) पर की गई टिप्पणियों को भारत के खिलाफ दुर्भावनापूर्ण प्रचार बताते हुए खारिज कर दिया है और कहा है कि पाकिस्तान को भारत के आंतरिक मामलों पर बोलने का कोई अधिकार नहीं है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने पाकिस्तानी उप प्रधानमंत्री के बयान पर सख्त प्रतिक्रिया करते हुए कहा कि जम्मू -कश्मीर और लद्दाख केंद्र शासित प्रदेश भारत के अभिन्न और अविभाज्य हिस्से हैं, हमेशा से रहे हैं और हमेशा रहेंगे। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान की झूठ फैलाने की हताश कोशिशों का मकसद अपने खराब मानवाधिकार रिकॉर्ड और आतंकवाद के वैश्विक केंद्र होने की स्थिति से अंतरराष्ट्रीय ध्यान हटाना है।

# मानसून सत्र एक दिन पहले खत्म

## विपक्ष के जोरदार हंगामे की भेंट चढ़ा विधानमंडल



- कई अहम विधेयक व अनुपूरक बजट पारित

**विशेष संवाददाता।**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश विधानसभा का मानसून सत्र बुधवार को निर्धारित समय से एक दिन पहले ही अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दिया गया। गुरुवार तक प्रस्तावित सत्र का समापन विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने विपक्ष, विशेषकर समाजवादी पार्टी के सदस्यों के लगातार हंगामे और नारेबाजी के बीच किया। अंतिम दिन भी सदन की कार्यवाही सामान्य रूप से नहीं चल सकी और कई बार व्यवधान की स्थिति बनी रही।

मानसून सत्र के दौरान सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच कानून-व्यवस्था, किसानों, बेरोजगारी, महंगाई, बिजली, बाढ़ और अन्य जनहित के मुद्दों पर तीखी नोकझोंक देखने को मिली। विपक्ष ने सरकार को विभिन्न मुद्दों पर घेरने की कोशिश की, जबकि सरकार ने विपक्ष पर सदन की कार्यवाही बाधित करने और लोकतांत्रिक परंपराओं को नुकसान पहुंचाने का आरोप लगाया।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सत्र के दौरान कहा कि सरकार जनहित के मुद्दों पर चर्चा के लिए पूरी तरह तैयार थी, लेकिन विपक्ष ने बहस के बजाय हंगामे का रास्ता चुना। उन्होंने कहा कि सदन संवाद का मंच है और जनप्रतिनिधियों को जनता के मुद्दों पर सार्थक चर्चा करनी चाहिए।

सत्र के दौरान सरकार ने कई महत्वपूर्ण विधेयक पारित कराए। इसके साथ ही वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए अनुपूरक बजट भी सदन से पारित कराया गया। सरकार का कहना है कि इससे विकास परियोजनाओं, आधारभूत ढांचे, ग्रामीण विकास, शिक्षा, स्वास्थ्य और अन्य प्राथमिकता वाले क्षेत्रों में अतिरिक्त वित्तीय संसाधन उपलब्ध होंगे।

अंतिम दिन विपक्ष के विरोध के कारण सदन की कार्यवाही बार-बार बाधित हुई। हंगामे की स्थिति को देखते हुए विधानसभा अध्यक्ष ने गुरुवार तक चलने वाले सत्र को बुधवार को ही अनिश्चितकाल के लिए स्थगित करने की घोषणा कर दी।

### गुस्सा : विपक्ष का रवैया जनता विरोधी : मुख्यमंत्री



विधानसभा का मानसून सत्र एक दिन पहले समाप्त होने के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विपक्ष, विशेषकर समाजवादी पार्टी, के रवैये पर कड़ी नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि विपक्ष ने पूरे सत्र को हंगामे की भेंट चढ़ा दिया, जिससे प्रदेश के युवाओं, किसानों, महिलाओं और गरीबों के हित से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर सार्थक चर्चा नहीं हो सकी। सीएम ने कहा कि सरकार 59 हजार करोड़ रु. से अधिक का अनुपूरक बजट लेकर आई थी। इसमें युवाओं के कौशल विकास और रोजगार, किसानों के कल्याण, महिलाओं के सम्मान एवं स्वावलंबन तथा गरीबों के लिए नई योजनाओं और कार्यक्रमों का प्रावधान किया गया था। सरकार चाहती थी कि इन विषयों पर सदन में व्यापक चर्चा हो, लेकिन समाजवादी पार्टी के लगातार विरोध और हंगामे के कारण यह संभव नहीं हो सका।

### मानसून सत्र की प्रमुख बातें

- निर्धारित अवधि से एक दिन पहले सत्र समाप्त।
- अंतिम दिन भी विपक्ष के हंगामे से कई बार बाधित हुई कार्यवाही।
- विधानसभा अध्यक्ष ने सदन को अनिश्चितकाल के लिए स्थगित किया।
- अनुपूरक बजट सदन से पारित।
- कई महत्वपूर्ण सरकारी विधेयकों को मंजूरी।
- सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच विभिन्न मुद्दों पर तीखी बहस।
- सरकार ने विपक्ष पर चर्चा से बचने, विपक्ष ने सरकार पर जवाब से बचने का आरोप लगाया।
- 59,019.54 करोड़ का अनुपूरक बजट पारित।
- विभिन्न विभागों के लिए अतिरिक्त वित्तीय प्रावधान को मंजूरी।

### दर्द : क्या मैं अध्यक्ष पद के योग्य नहीं : महाना



विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने सत्र के समापन पर सदन में अपनी पीड़ा खुलकर व्यक्त की। लगातार हंगामे और कार्यवाही बाधित होने पर उन्होंने सदस्यों से भावुक अंदाज में कहा, यदि आपको लगता है कि मैं अध्यक्ष पद के योग्य नहीं हूं तो आप स्पष्ट कह दीजिए। मैं पूरे सदन को साथ लेकर चलने की कोशिश करता हूं, लेकिन बार-बार व्यवधान से सदन की गरिमा प्रभावित होती है। उन्होंने कहा कि अध्यक्ष का दायित्व किसी दल का नहीं, बल्कि पूरे सदन का होता है। उन्होंने सत्ता और विपक्ष दोनों से संसदीय परंपराओं का सम्मान करने की अपील करते हुए कहा कि जनता ने सदस्यों को बहस और जनहित के मुद्दे उठाने के लिए चुना है, न कि लगातार हंगामा करने के लिए। उन्होंने यह भी कहा कि अध्यक्ष के निर्णयों पर असहमति हो सकती है, लेकिन सदन की गरिमा सर्वोपरि रहनी चाहिए।

### लखनऊ-कानपुर एक्सप्रेस-वे पर अभी नहीं लगेगा टोल



**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।** बारिश के दौरान बार-बार सड़क धंसने और निर्माण गुणवत्ता पर उठे सवालों के बीच भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण ने लखनऊ-कानपुर एक्सप्रेस-वे पर फिलहाल टोल वसूली रोकने का फैसला किया है। प्राधिकरण ने बुधवार को स्पष्ट किया कि एक्सप्रेस-वे पूरी तरह सुरक्षित और दुरुस्त होने तक वाहन चालकों से टोल टैक्स नहीं लिया जाएगा। करीब 4,700 करोड़ रुपये की लागत से बने इस एक्सप्रेस-वे के कई हिस्सों में हाल की बारिश के दौरान सड़क धंसने और सतह क्षतिग्रस्त होने की घटनाएं सामने आई थीं। इसके बाद निर्माण की गुणवत्ता पर सवाल उठे और मरम्मत कार्य तेज कर दिया गया। एनएचएआई के अधिकारियों के अनुसार, प्रभावित हिस्सों की तकनीकी जांच कराई जा रही है और स्थायी समाधान के लिए विशेषज्ञों की निगरानी में मरम्मत का कार्य कराया जा रहा है। प्राधिकरण का कहना है कि जब तक पूरी सड़क सुरक्षित, सुचारु और मानकों के अनुरूप नहीं हो जाती, तब तक टोल वसूली शुरू नहीं की जाएगी। एनएचएआई ने निर्माण एजेंसी को भी आवश्यक सुधार कार्य जल्द पूरा करने के निर्देश दिए हैं। मरम्मत पूरी होने और तकनीकी परीक्षण में सड़क के पूरी तरह सुरक्षित पाए जाने के बाद ही टोल संग्रह शुरू करने पर अंतिम निर्णय लिया जाएगा। गौरतलब है कि लखनऊ और कानपुर के बीच यात्रा समय कम करने के उद्देश्य से बनाए गए इस एक्सप्रेस-वे को प्रदेश की महत्वपूर्ण सड़क परियोजनाओं में शामिल किया जाता है। हालांकि, निर्माण के बाद लगातार सामने आ रही तकनीकी खामियों के कारण इसकी गुणवत्ता और सुरक्षा को लेकर सवाल उठ रहे हैं।

# जुकरबर्ग ने मोदी से मांगी माफी



- मेटा ने मानी सामग्री नियंत्रण में चूक

**एजेंसी, नई दिल्ली।**

पीएम नरेंद्र मोदी की फेसबुक पोस्ट हटाए जाने के विवाद के बाद सोशल मीडिया कंपनी मेटा के मुख्य कार्यकारी अधिकारी मार्क जुकरबर्ग ने भारत सरकार से माफी मांगी है। सरकारी सूत्रों के अनुसार, मेटा ने स्वीकार किया है कि उसके मंचों पर बाल यौन शोषण सामग्री, डीपफेक और सामग्री नियंत्रण व्यवस्था से जुड़ी कुछ खामियां रही हैं।

मेटा की वैश्विक टीम ने कंपनी के वैश्विक मामलों के प्रमुख जोएल कैपलन के नेतृत्व में केंद्रीय सूचना एवं प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव और सूचना प्रौद्योगिकी सचिव एस. कृष्णन से मुलाकात की। यह बैठक सरकार की ओर से भेजे गए समन के बाद हुई। दरअसल, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 23 जुलाई को फेसबुक और इंस्टाग्राम पर एक वीडियो संदेश पोस्ट किया था, जिसमें उन्होंने पेपर लीक को गंभीर समस्या बताते हुए दोषियों के खिलाफ कार्रवाई और फास्ट ट्रैक अदालत बनाने की बात कही थी। कुछ समय बाद यह पोस्ट फेसबुक से हटा दी गई थी। बाद में मेटा ने इसे दोबारा बहाल करते हुए इसे तकनीकी गलती बताया था। बैठक में सरकार ने मेटा से कहा कि कंपनी केवल मध्यस्थ मंच होने का दावा कर अपनी जिम्मेदारी से बच नहीं सकती।

### गडकरी पर आपत्तिजनक पोस्ट तुरंत हटाएं : हाईकोर्ट

केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी के खिलाफ सोशल मीडिया पर प्रसारित कथित आपत्तिजनक और भ्रामक सामग्री को लेकर बॉम्बे हाईकोर्ट ने बुधवार को मेटा (फेसबुक व इंस्टाग्राम) और एक्स को तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए। अदालत ने दोनों मंचों से विवादित पोस्ट तुरंत हटाने और उन्हें साझा करने वाले उपयोगकर्ताओं का विवरण उपलब्ध कराने को कहा है। न्यायमूर्ति की एकल पीठ ने स्पष्ट किया कि यदि भविष्य में भी गडकरी की ओर से ऐसी किसी आपत्तिजनक सामग्री की जानकारी दी जाती है तो उसे भी बिना देरी हटाया जाए।

# युवाओं की बात गंभीरता से सुने सरकार : सुप्रीम कोर्ट



- भटके युवाओं को समझाएं, केवल सख्ती से नहीं : कोर्ट

**एजेंसी, नई दिल्ली।**

सीजेपी के संसद चलो मार्च के दौरान हुई हिंसा से जुड़े मामले की सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को कहा कि युवाओं की बात सुनना और उन्हें समझाना किसी भी लोकतांत्रिक व्यवस्था का सबसे प्रभावी तरीका है। अदालत ने कहा कि यदि कुछ भटके हुए युवक पत्थरबाजी भी करते हैं तो सरकार और पुलिस को आक्रामक रवैया अपनाने के बजाय संयम, संवाद और परामर्श का रास्ता अपनाना चाहिए।

प्रधान न्यायाधीश न्यायमूर्ति सूर्यकांत, न्यायमूर्ति जॉयमाल्य बागची और न्यायमूर्ति वी. मोहन की पीठ ने सेवानिवृत्त वायुसेना अधिकारी मनीष कुमार सोलंकी की याचिका पर सुनवाई के दौरान कहा कि युवाओं को हिंसा की राह पर जाने से रोकने के लिए उनकी बात सुनना और उनकी समस्याओं को समझना सबसे महत्वपूर्ण है। अदालत ने कहा कि भटके हुए युवाओं को परामर्श की जरूरत है, न कि केवल कठोर कार्रवाई की। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि किसी भी विरोध-प्रदर्शन के दौरान पुलिस और सुरक्षा एजेंसियों को अत्यधिक संयम बरतना चाहिए। यदि हालात बिगड़ते भी हैं तो स्थिति को इस तरह संभाला जाए कि हिंसा और तनाव न बढ़े। अदालत ने कहा कि शांतिपूर्ण प्रदर्शन लोकतंत्र का अभिन्न हिस्सा है और उसे प्रोत्साहित किया जाना चाहिए। कानून-व्यवस्था बनाए रखने की जिम्मेदारी संबंधित एजेंसियों की है और ऐसे मामलों में उन्हें अपने अनुभव और विवेक के अनुसार कार्रवाई करने की स्वतंत्रता मिलनी चाहिए।

### स्पेसएक्स का 4000 किलो का रॉकेट चांद से टकराया



**एजेंसी, नई दिल्ली।** एलन मस्क की कंपनी स्पेसएक्स का एक बेकाबू रॉकेट हिस्सा चांद की सतह से टकरा गया। करीब 4 हजार किलोग्राम वजनी और पांच मंजिला इमारत के आकार के इस रॉकेट ने लगभग 8,690 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चांद पर प्रहार किया। नासा ने कहा है कि इस घटना से पृथ्वी को कोई खतरा नहीं है। हालांकि टक्कर की अंतिम पुष्टि तस्वीरें मिलने के बाद ही होगी। यह रॉकेट स्पेसएक्स के फाल्कन-9 रॉकेट का ऊपरी हिस्सा था।

## परिसीमन बिल पर 16 अगस्त से संसद के विशेष सत्र की तैयारी

**एजेंसी, नई दिल्ली।**

केंद्र सरकार परिसीमन से जुड़े विधेयक को लेकर संसद का विशेष सत्र बुलाने की तैयारी कर रही है। सूत्रों के अनुसार, यह विशेष सत्र 16 अगस्त से शुरू हो सकता है। हालांकि, संसद सत्र बुलाने को लेकर केंद्र सरकार की ओर से अभी तक कोई आधिकारिक अधिसूचना जारी नहीं की गई है।



सूत्रों का कहना है कि विशेष सत्र में परिसीमन विधेयक पर चर्चा कर इसे संसद में पेश किया जा सकता है। सरकार की कोशिश होगी कि इस मुद्दे पर विपक्षी दलों के साथ सहमति बनाई जाए।

### मेरठ में कंटेनर की टक्कर से तीन कांवड़ियों की मौत

**समृद्धि न्यूज, मेरठ।** दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेस-वे पर बुधवार तड़के हुए सड़क हादसे में बाइक सवार तीन कांवड़ियों की मौत हो गई। हादसा सुबह करीब 4:30 बजे भोजपुर थाना क्षेत्र के पास हुआ, जब तेज रफ्तार कंटेनर ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और तीनों कांवड़िए करीब 10 मीटर दूर जा गिरे। मृतकों की पहचान अलीगढ़ निवासी प्रदीप, राजकुमार और ज्ञान प्रकाश के रूप में हुई है। तीनों दिल्ली से बाइक पर हरिद्वार गंगाजल लेने जा रहे थे।

## जंतर-मंतर : आईएसआई के इशारे पर पेट्रोल बम से हमले की थी तैयारी

**एजेंसी, अमृतसर/नई दिल्ली।**

पंजाब पुलिस ने पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी (आईएसआई) के इशारे पर दिल्ली के जंतर-मंतर स्थित सीजेपी (सीजेपी) के प्रदर्शन स्थल पर आतंकी हमला करने की साजिश का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने इस मामले में चार नाबालिगों समेत कुल नौ आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोप है कि ये सभी नीट पेपर लीक के विरोध में चल रहे धरने के दौरान पेट्रोल बम से हमला करने की योजना बना रहे थे। अमृतसर के पुलिस आयुक्त गुरप्रीत सिंह भुल्लर ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों के संबंध पाकिस्तान स्थित आईएसआई से जुड़े नेटवर्क से मिले हैं। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि प्रदर्शन के दौरान अफरा-तफरी फैलाने और बड़े पैमाने पर जान-माल का नुकसान पहुंचाने की साजिश रची गई थी।

### बांग्लादेश लौटूंगी, चाहे चुकानी पड़े कोई भी कीमत : शेख हसीना



**एजेंसी, नई दिल्ली।** बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना ने स्वदेश लौटने का इरादा जाहिर करते हुए कहा है कि वह इसके लिए कोई भी कीमत चुकाने को तैयार हैं। हसीना ने बुधवार को यहां विदेशी मीडिया के संवाददाताओं को वर्जुअल माध्यम से संबोधित करते हुए कहा कि वह स्वदेश लौटेंगी, चाहे उन्हें वहां जेल में डाल दिया जाये या मौत के घाट उतार जाये।

## डिजिटल अरेस्ट से ठगी पर सर्वोच्च न्यायालय सख्त

- आरबीआई चार हफ्ते में बनाए मानक कार्यप्रणाली
- केंद्र मुआवजा नीति व राज्य साइबर सुरक्षा तंत्र करें मजबूत

**एजेंसी, नई दिल्ली।**

डिजिटल गिरफ्तारी के नाम पर देशभर में बढ़ रही साइबर ठगी पर सुप्रीम कोर्ट ने सख्त रुख अपनाते हुए केंद्र सरकार, भारतीय रिजर्व बैंक और राज्य सरकारों को व्यापक कदम उठाने के निर्देश दिए हैं। अदालत ने कहा कि तकनीक के दुरुपयोग से आम नागरिकों को निशाना बनाया जा रहा है और इससे निपटने के लिए अलग-अलग नहीं, बल्कि समन्वित और प्रभावी व्यवस्था की जरूरत है।

न्यायालय ने आरबीआई को निर्देश दिया कि ठगी की रकम के लेनदेन में इस्तेमाल होने वाले फर्जी (म्यूल) बैंक खातों पर रोक लगाने के लिए चार सप्ताह के भीतर मानक कार्यप्रणाली (एसओपी) तैयार करे। इसमें ऐसे खातों की पहचान, उन्हें तत्काल फ्रीज करने, बैंकों के बीच सूचना साझा करने और पीड़ितों की राशि वापस दिलाने की प्रक्रिया स्पष्ट की जाए। सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार से साइबर ठगी के पीड़ितों के लिए राष्ट्रीय मुआवजा नीति तैयार करने पर विचार करने को कहा। अदालत ने कहा कि बड़ी संख्या में लोग अपनी जीवनभर की कमाई साइबर अपराधियों के हाथों गंवा रहे हैं।

**पर्दाफाश** संभल हिंसा को लेकर न्यायिक आयोग की रिपोर्ट में हुआ खुलासा

# संभल हिंसा सुनियोजित साजिश, सांसद बर्क समेत कई जिम्मेदार

- 369 पन्नों की रिपोर्ट विधानसभा में पेश
- भीड़ भड़काने और सर्वे रोकने की साजिश का दावा
- चार मौतें पुलिस की गोली से नहीं हुई



**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।**

संभल में 24 नवंबर, 2024 को शाही जामा मस्जिद के न्यायालय के आदेश पर कराए जा रहे सर्वे के दौरान हुई हिंसा पूर्व नियोजित साजिश का परिणाम थी। राज्य सरकार द्वारा गठित न्यायिक जांच आयोग ने अपनी 369 पृष्ठों की रिपोर्ट में यह निष्कर्ष निकाला है। आयोग ने समाजवादी पार्टी के संभल सांसद जिया-उर-रहमान बर्क, संभल विधायक इकबाल महमूद के पुत्र सोहेल इकबाल, जामा मस्जिद इंतेजामिया कमेटी के अध्यक्ष जफर अली, सचिव मशहूद अली फारुकी, उपाध्यक्ष लद्दन खान, अधिवक्ता कासिम जमाल समेत समिति के अन्य सदस्यों की भूमिका को हिंसा के लिए जिम्मेदार माना है।

बुधवार को आयोग ने अपनी रिपोर्ट उत्तर प्रदेश सरकार को सौंप दी, जिसे उसी दिन विधानसभा के पटल पर भी रखा गया। आयोग ने 199 गवाहों के बयान, फोरेंसिक रिपोर्ट, वीडियो फुटेज, दस्तावेजों और पुलिस रिकॉर्ड के आधार पर अपनी जांच पूरी की।

रिपोर्ट के अनुसार, 19 और 22 नवंबर, 2024 को सांसद जिया-उर-रहमान बर्क द्वारा दिए गए भाषणों और उनके सोशल मीडिया पर प्रसारित वीडियो से लोगों में यह धारणा बनाई गई कि जामा मस्जिद को गिराया जाएगा या उस पर कब्जा किया जाएगा। जबकि वास्तविकता यह थी कि अदालत ने केवल मस्जिद के सर्वे का आदेश दिया था। आयोग ने कहा कि इस भ्रामक प्रचार से क्षेत्र में तनाव बढ़ा और बड़ी संख्या में लोग पहले से तैयारी के साथ मौके पर पहुंच गए।

आयोग ने अपनी रिपोर्ट में कहा है कि सर्वे की कार्रवाई को रोकने और राजनीतिक वर्चस्व बनाए रखने के उद्देश्य से भीड़ को उकसाया गया। हिंसा के दौरान पथराव, आगजनी और पुलिस पर हमले किए गए, जिससे कानून-व्यवस्था की गंभीर स्थिति उत्पन्न हो गई।

### रिपोर्ट की प्रमुख बातें

- संभल हिंसा को आयोग ने पूर्व नियोजित साजिश बताया।
- सांसद जिया-उर-रहमान बर्क समेत कई लोगों की भूमिका पर सवाल।
- कोर्ट के आदेश वाले सर्वे को लेकर भ्रामक प्रचार से भीड़ भड़कने की बात।
- 199 गवाहों, फोरेंसिक रिपोर्ट और वीडियो साक्ष्यों के आधार पर जांच।
- हिंसा में हुई चार मौतें पुलिस की गोली से नहीं होने का निष्कर्ष।
- 369 पन्नों की रिपोर्ट उत्तर प्रदेश विधानसभा में पेश की गई।

रिपोर्ट का एक महत्वपूर्ण निष्कर्ष यह भी है कि हिंसा में हुई चार लोगों की मौत पुलिस की गोली से नहीं हुई। आयोग ने उपलब्ध फोरेंसिक साक्ष्यों और अन्य तकनीकी जांच के आधार पर कहा कि पुलिस फायरिंग को इन मौतों का कारण नहीं माना जा सकता।

गौरतलब है कि 19 नवंबर, 2024 को हिंदू पक्ष ने शाही जामा मस्जिद को श्रीहरिहर मंदिर होने का दावा करते हुए सर्वे की मांग की थी। अदालत के आदेश पर 24 नवंबर को सर्वे शुरू हुआ था, जिसके दौरान हिंसा भड़क गई थी। अब न्यायिक आयोग की रिपोर्ट सामने आने के बाद इस मामले में राजनीतिक और कानूनी बहस तेज होने की संभावना है।

# जनपद में दुग्ध विकास को नई गति

- आयोजित हुआ जनपद स्तरीय डेयरी कॉन्क्लेव
- वितरित किए गए स्वीकृति प्रमाण पत्र व डेमो चेक

**समृद्धि न्यूज़, गोण्डा।**



जिला पंचायत सभागार, में जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन की अध्यक्षता में दुग्ध विभाग द्वारा जनपद स्तरीय डेयरी कॉन्क्लेव कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य दुग्ध उत्पादन को बढ़ावा देना, पशुपालकों को आत्मनिर्भर बनाना तथा विभाग द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का लाभ अधिक से अधिक पात्र लाभार्थियों तक पहुंचाना। कार्यक्रम के दौरान जिलाधिकारी ने डेयरी क्षेत्र को ग्रामीण अर्थव्यवस्था की मजबूत आधारशिला बताते हुए कहा कि सरकार की योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन किसानों एवं पशुपालकों की आय बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को योजनाओं के प्रचार-प्रसार एवं समयबद्ध क्रियान्वयन के निर्देश भी दिए। कार्यक्रम के दौरान विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं के चयनित लाभार्थियों को स्वीकृति प्रमाण पत्र एवं डेमो चेक वितरित किए गए। मुख्यमंत्री स्वदेशी गौ संवर्धन योजना के अंतर्गत 28 लाभार्थियों को स्वीकृति प्रमाण पत्र प्रदान किए गए, जबकि 7 लाभार्थियों को 80-80 हजार रुपये के डेमो चेक वितरित किए गए।

इसके अतिरिक्त नन्द बाबा दुग्ध मिशन योजना के अंतर्गत संचालित मिनी नन्दिनी कृषक समृद्धि योजना में चयनित 3 लाभार्थियों को प्रति लाभार्थी 5 लाख 90 हजार रुपये के डेमो चेक प्रदान किए गए।

इस अवसर पर उपस्थित लाभार्थियों ने सरकार एवं दुग्ध विभाग के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इन योजनाओं से डेयरी व्यवसाय को नई दिशा मिलेगी तथा ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार एवं आय के अवसर बढ़ेंगे। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित पशुपालकों, किसानों एवं अन्य प्रतिभागियों को दुग्ध विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं, पात्रता, आवेदन प्रक्रिया तथा मिलने वाले लाभों के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी प्रदान की गई। अधिकारियों ने बताया कि योजनाओं का उद्देश्य आधुनिक डेयरी विकास को बढ़ावा देना, दुग्ध उत्पादन में वृद्धि करना तथा पशुपालकों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाना है।

कार्यक्रम का संचालन अंजनि कुमार दूबे द्वारा किया गया। इस अवसर पर जिला विकास अधिकारी आदित्य तिवारी, महाप्रबंधक दुग्ध विभाग, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी, अग्रणी जिला प्रबंधक (एलडीएम), उप निदेशक कृषि, कृषि वैज्ञानिक गोपाल ग्राम सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं बड़ी संख्या में किसान, पशुपालक एवं लाभार्थी उपस्थित रहे।

# प्रधान मां ने बनाया अपने सगे बेटे को नरेगा मजदूर

- खुद के श्री राम ट्रेडर्स से कराया नरेगा मजदूरी का भुगतान

**समृद्धि न्यूज़, गोंडा।**



प्रकरण विकास खंड कटरा के ग्राम पंचायत रायपुर फकीर का जहां अनियमितता ही अनियमितता देखने को नजर आ रही है यहां की प्रधान श्रीमती कांति तिवारी है और उनके पांच बेटे नंबर एक बाबूलाल तिवारी जो पेशे से वकील है और नंबर दो उमेश कुमार तिवारी जो प्रधानी का पूरा कार्य देखते हैं नंबर तीन सुधीर कुमार यह बीसी संचालक है नंबर चार पर मणिकांत जो अपने आप को पत्रकार बताते हैं और नरेगा मजदूर भी है नंबर पांच पर सूर्यकांत यह भी पेशे से वकील है और कर्नलगंज तहसील में प्रैक्टिस करते हैं बात दरअसल यह है कि आज मंगलवार को ग्राम रायपुर फकीर से कुछ लोग जिलाधिकारी से मिलकर एक शिकायती प्रार्थना पत्र दिया है जिसमें उन्होंने जांच की मांग की है दिनेश कुमार शुक्ला पुत्र श्याम नारायण शुक्ला निवासी ग्राम रायपुर फकीर विकासखंड कटरा बाजार जिला गोंडा इन लोगो ने बताया ग्राम पंचायत रायपुर फकीर विकासखंड कटरा बाजार तहसील करनैलगंज जिला गोंडा के वर्तमान प्रधान द्वारा कराए गए विकास कार्यों की जांच कराए जाने के संबंध में यहां की जांच कराया जाना अति आवश्यक है इस शिकायती प्रार्थना पत्र में कहा गया है कि दिनेश कुमार शुक्ला एक सामाजिक कार्यकर्ता है ग्राम पंचायत रायपुर फकीर के विकास योजना अंतर्गत वर्ष 2010 से 2015 तक श्रीमती कांति तिवारी पत्नी राम सुमिरन निवासी रायपुर फकीर की ग्राम प्रधान थी जिसकी देखभाल उनका लड़का उमेश तिवारी पुत्र राम सिमरन करता था उसे वर्ष की योजना में विकास कार्यों में घोर अनियमितता हुई तथा वर्ष 2015 से 2021 में उसी ग्राम प्रधान के द्वारा समर्थित प्रधान शिव पलटन हुए उनके कार्यकाल में भी उमेश तिवारी ही देखभाल करते थे उस सत्र में उमेश तिवारी द्वारा विकास कार्य न करा कर आहरित धन की बंदर बाट की व तत्कालीन प्रधान शिव पलटन का फर्जी हस्ताक्षर बनाकर विकास कार्य का पैसा आहरित करके गबन किया परंतु वर्ष 2021 से 2026 में पुनः प्रधान कांति तिवारी हो गई उसमें भी उमेश तिवारी ही कर्ताधर्ता रहे जिनके द्वारा फर्जी तरीके से धन आहरित करते हुए विकास के नाम पर कुछ भी नहीं किया गया।

## खबरें एक नजर में

### चोरी करने आया युवक जाल में फंसा



**बहराइच।** बुधवार सुबह एक युवक कपड़े की दुकान के शटर और जाल के बीच फंसा मिला। पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम ने जाल काटकर उसे बाहर निकाला। घटना केवानगंज इलाके में स्थित अज्जू के कॉम्प्लेक्स में हुई। माना जा रहा है कि युवक चोरी करने के लिए दुकान में घुस रहा था और जाल में फंस गया। कॉम्प्लेक्स मालिक अज्जू सुबह करीब पांच बजे टहलने निकले थे, तभी उन्होंने बेसमेंट में दुकान के शटर के बीच युवक को फंसा देखा। उन्होंने तत्काल चौकी चौक पुलिस को सूचना दी। चौकी चौक प्रभारी विशेष सिंह पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। युवक को फंसा देखकर उन्होंने फायर ब्रिगेड कर्मियों को बुलाया। करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद फायर कर्मियों ने जाल काटकर युवक को सुरक्षित बाहर निकाला। लोगों के अनुसार, युवक चोरी के इरादे से दुकान में घुसने की कोशिश कर रहा था, तभी वह जाल में फंस गया। नगर कोतवाल ब्रजेंद्र मिश्रा ने बताया कि सुबह नशे की हालत में एक युवक के शटर में लगे जाल में फंसे होने की सूचना मिली थी। पुलिस ने युवक को हिरासत में ले लिया है और उससे पूछताछ की जा रही है। कोतवाल ने बताया कि यह जांच की जा रही है कि युवक चोरी करने की नीयत से घुसा था या कोई और कारण था।

### हर घर तिरंगा अभियान की कार्यशाला हुई संपन्न

**बलरामपुर।** तुलसी पार्क के अटल भवन में हर घर तिरंगा यात्रा के अभियान को सफल बनाने के लिए कार्यशाला का आयोजन किया गया कार्यक्रम शुरुआत सामूहिक गायन वंदे मातरम के साथ हुआ , कार्यक्रम के मुख्य अतिथि क्षेत्रीय उपाध्यक्ष एवं जिला प्रभारी राहुल राज रस्तोगी रहे , कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिला अध्यक्ष रवि मिश्रा ने की नगर पालिका परिषद बलरामपुर के अध्यक्ष डॉ धीरेंद्र प्रताप सिंह ' धीरू ' निवर्तमान जिलाध्यक्ष प्रदीप सिंह , ब्लॉक प्रमुख राकेश तिवारी , मनोज तिवारी, प्रिंस वर्मा कार्यक्रम संयोजक अवधेश तिवारी तरुण ललित तिवारी दुष्यंत चौधरी आदि लोग उपस्थित रहे । कार्यक्रम में पदाधिकारी व सभी कार्यकर्ताओं ने किया अपनी सहभागिता को बढ़-चढ़कर किया भाजपा जिला अध्यक्ष रवि मिश्रा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आवाहन पर हर घर तिरंगा अभियान पूरे देश में राष्ट्रीय चिन्ह के प्रदर्शन का पर्व बन गया है । बलरामपुर जनपद में भी प्रत्येक शक्ति केंद्र और मंडल स्तर तक तिरंगा यात्रा में आयोजित किया गया सभी कार्यकर्ता अनुशासन के साथ कार्य में जुटे रहे। आयोजन बूथ स्तर तक कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारियां तथा जनसंपर्क कार्यक्रमों पर विस्तार से चर्चा की गई उपस्थित कार्यकर्ताओं ने पूरे उत्साह के साथ अभियान को सफल बनाने का संकल्प लिया।

### आचार्य बाल कृष्ण का जड़ी बूटी दिवस के रूप में मनाया गया जन्म दिन



**बलरामपुर।** बलरामपुर स्थानीय तुलसी पार्क में आचार्य बालकृष्ण का जन्म दिवस वृक्षारोपण व जड़ी बूटी दिवस के रूप में मनाया गया इस अवसर पर भारत स्वाभिमान न्यास ,पतंजलि योग समिति ,युवा भारत, पतंजलि किसान सेवा समिति, एवं योग समिति तुलसी पार्क के संयुक्त तत्वाधान में बड़े हर्ष उल्लास के साथ मनाया गया कार्यक्रम का शुभारंभ सामूहिक यज्ञ के साथ हुआ तत्पश्चात भारत स्वाभिमान न्यास के जिला संयोजक अजय मिश्रा ने बालकृष्ण आचार्य के कार्यों पर विस्तारित रूप से प्रकाश डालते हुए बताया कि आचार्य जी द्वारा तैयार किया गया औषधीय पादपों का एनसाइक्लोपीडिया पूरे विश्व के लिए एक अमूल्य धरोहर है इस अवसर पर अजय मिश्रा द्वारा औषधि पादपों मुख्यत तुलसी ,नीम गिलोय , अवाला , हल्दी कचूर सहित तमाम गुणकारी पौधों का रोपण पूरे पार्क में किया गया एवं जनमानस को पेड़ों का निशुल्क वितरण किया गया और अपील किया गया कि सभी लोग अपने-अपने घरों में औषधि वाटिका स्थापित करें । जिससे लोग निरोगी जीवन जी सके इस अवसर पर सरदार प्रितपाल सिंह अनिल श्रीवास्तव राजेंद्र सिंह कृष्ण कुमार गुप्ता शिव शंकर गुप्ता अजय कुमार श्रीवास्तव मंगल प्रसाद वर्मा राघवेंद्र यादव रामखेलावन वर्मा कासिम अली सतीश बंसल आनंद उपमन्यु एवं शशि गुलाटी सहित दर्जनों लोग उपस्थित होकर आचार्य जी को दीर्घायु होने की शुभकामना दिया तथा घरों पर वृक्षारोपण करके उसके देखने की जिम्मेदारी लिया।

### मारपीट में घायल किशोरी की इलाज के दौरान हुई मौत

**मसौली बाराबंकी।** सफदरगंज थाना क्षेत्र के ग्राम डमौरा में दस दिन पूर्व हुई मारपीट में घायल 16 वर्षीय किशोरी की डा राम मनोहर लोहिया अस्पताल में इलाज के दौरान मृत्यु हो गई। लखनऊ पुलिस ने पंचनामा कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।बताते चले कि गत 26 जुलाई को सफदरगंज थाना क्षेत्र के ग्राम डमौरा के मजरे बबुरिहा निवासी सुनील कुमार की 16 वर्षीय पुत्री निक्की वर्मा झाड़ू लगा रही थी।झाड़ू लगाने के दौरान कूड़ा उड़ने को लेकर गाँव के दरबारी लाल पुत्र छंगालाल व पत्नी सुदामा तथा द्रगपाल पुत्र छंगालाल ने प्रार्थी की पुत्री निक्की वर्मा गंदी गंदी गालिया देते हुए मारने पीटने लगे जिससे निक्की वर्मा बेहोश हो गई।जिसे आनन फानन में जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया।डाक्टरो ने गंभीर हालत को देखते हुये राम मनोहर लोहिया अस्पताल रिफ़र कर दिया। जिसे अस्पताल के आईसीयू वार्ड में भर्ती कराया गया जिसकी मंगलवार को मृत्यु हो गई। लखनऊ पुलिस ने पंचनामा कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।थानाध्यक्ष अमर कुमार चौरसिया ने बताया कि घायल निक्की वर्मा का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है।

# लाल बहादुर शास्त्री डिग्री कॉलेज में 'दीक्षारंभ' कार्यक्रम का हुआ भव्य आयोजन

**समृद्धि न्यूज़, गोंडा।**



श्रीलाल बहादुर शास्त्री डिग्री कॉलेज के प्रभारी प्राचार्य प्रो. जितेंद्र सिंह के निर्देशानुसार प्रवेश समिति के प्रभारी प्रो. संजय पांडे के मार्गदर्शन में नवप्रवेशित विद्यार्थियों के स्वागत एवं मार्गदर्शन हेतु 'दीक्षारंभ' कार्यक्रम का आयोजन विज्ञान संकाय के गणित , जंतु विज्ञान, वनस्पति विज्ञान ,भौतिक विज्ञान, गणित, रसायन विज्ञान, बीबीए, बीसीए एवं कृषि संकाय के छात्र-छात्राओं हेतु किया गया। उक्त कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को महाविद्यालय की शैक्षणिक व्यवस्था, विभिन्न विभागों तथा उनके अध्ययन विषयों से परिचित कराना था। कार्यक्रम में सभी विभागों के विभागाध्यक्ष प्रो संजय पांडे, प्रो.अरविंद कुमार शर्मा, डॉ रेखा शर्मा, डॉ संतोष श्रीवास्तव, डॉ पुष्यमित्र मिश्रा, डॉ शैलजा सिंह, डॉ अभय द्विवेदी ,डॉ घनश्याम द्विवेदी एवं सभी विभागों के प्राध्यापकों ने विद्यार्थियों का स्वागत करते हुए उन्हे अपने-अपने विषयों की उपयोगिता, उच्च शिक्षा एवं रोजगार की संभावनाओं तथा महाविद्यालय की शैक्षणिक गतिविधियों की विस्तृत जानकारी देते हुए महाविद्यालय की अनुशासन व्यवस्था, शैक्षणिक वातावरण, प्रयोगशालाओं, पुस्तकालय एवं अन्य सुविधाओं से परिचित कराया तथा उन्हें नियमित अध्ययन, अनुसंधान एवं सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों में सक्रिय सहभागिता के लिए प्रेरित किया । नवप्रवेशित विद्यार्थियों ने कार्यक्रम को अत्यंत ज्ञानवर्धक एवं प्रेरणादायक बताते हुए महाविद्यालय परिवार के प्रति आभार व्यक्त किया।

# लायंस क्लब गोंडा सेवा ने लगाया निःशुल्क रक्तदान शिविर

- 21 लोगों ने किया रक्तदान

**समृद्धि न्यूज़, गोण्डा।**



लॉयन्स क्लब गोंडा सेवा द्वारा निःशुल्क रक्तदान शिविर का आयोजन एस.सी.पी.एम. ब्लड बैंक सेंटर गोंडा पर किया गया। प्रातः 10:00 बजे से शुरू हुए इस रक्तदान शिविर में क्लब के सदस्यों के साथ साथ अन्य लोगों ने 21 यूनिट रक्तदान किया। सभी रक्तदाताओं को एक प्रशस्ति पत्र एवं एक पौधा देकर सम्मानित किया गया एवं अन्य उपस्थित लोगों को भी एक पौधा दिया गया और उनसे यह वचन लिया गया कि पौधे के बड़े होने तक उसकी देखभाल करते रहेंगे। रक्तदान शिविर के दौरान लायन डॉक्टर मृणाल पांडे, एमजेएफ लायन डॉक्टर केके मिश्रा, लायन राजकुमार जायसवाल, लायन अजय मित्तल, एमजेएफ लायन चंद्रकेश मिश्रा, लायन अमित पांडेय, लायन राजीव अग्रवाल, लायन पवन जायसवाल, लायन बसन्त नेवटिया, लायन आनंद नेवटिया, लायन किशोर सोमानी, लायन गुरदीप बंटी, लायन बच्चा जायसवाल, लायन दीपक गुप्ता, लायन डा. पी. बी. सिंह, लायन अमित मित्तल सहित आदि मौजूद रहे।

# वन विभाग के पिंजरे में फंसा तेंदुआ



**घनी आबादी वाले इलाके में थी तेंदुआ की आवाजाही**

**समृद्धि न्यूज़, बहराइच।**

वन विभाग द्वारा लगाए गए पिंजरे में मंगलवार देर रात करीब दो बजे एक तेंदुआ कैद हो गया। ग्रामीणों की सूचना पर बुधवार सुबह वन विभाग की टीम तेंदुए को रेंज कार्यालय ले आई है। पिछले कुछ दिनों से इलाके में तेंदुए द्वारा मवेशियों और बकरियों का शिकार किए जाने की लगातार सूचनाएं मिल रही थीं। साथ ही, घनी आबादी वाले क्षेत्रों में उसकी आवाजाही भी देखी जा रही थी। जिले के कतर्नियाघाट वन्यजीव प्रभाग के सुजौली रेंज स्थित त्रिलोकीगौढ़ी गांव में तेंदुए का खौफ था। ग्रामीणों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए वन विभाग ने यह पिंजरा लगाया था। मंगलवार देर रात तेंदुआ बिना किसी अप्रिय घटना के सुरक्षित रूप से पिंजरे में कैद हो गया।

प्रभागीय वनाधिकारी अपूर्व दीक्षित ने बताया कि कैद हुआ नर तेंदुआ करीब चार साल का है। पशु चिकित्सकों द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण के बाद तेंदुए को उसके प्राकृतिक आवास में छोड़ने की प्रक्रिया की जा रही है। वन विभाग ने क्षेत्र के ग्रामीणों से सतर्क रहने और किसी भी वन्यजीव के दिखाई देने पर तत्काल निकटतम वन कार्यालय को सूचित करने की अपील की है।

# एसीएमओ ने किया स्वास्थ्य केंद्रों का निरीक्षण



- मरीजों से ली जानकारी व दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

**बहराइच समृद्धि न्यूज़, पयागपुर।**

जनपद के विकासखंड पयागपुर में बुधवार को अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी (एसीएमओ) डॉ. राजेश कुमार ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पयागपुर, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र खुंटेहना तथा आयुष्मान आरोग्य मंदिर हटवा हरदास, लहड़ोरा एवं खुंटेहना में आयोजित नियमित टीकाकरण सत्रों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान एसीएमओ ने मरीजों एवं लाभार्थियों से संवाद कर उपलब्ध स्वास्थ्य सेवाओं, दवाओं की उपलब्धता तथा टीकाकरण व्यवस्था की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने स्वास्थ्य कर्मियों को गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध स्वास्थ्य सेवाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए तथा टीकाकरण अभियान को पूरी सतर्कता और प्रभावी ढंग से संचालित करने पर बल दिया। एसीएमओ डॉ. राजेश कुमार ने कहा कि, 'बेहतर एवं गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। प्रत्येक पात्र लाभार्थी तक स्वास्थ्य योजनाओं का लाभ समय पर पहुंचे, इसके लिए सभी अधिकारी एवं कर्मचारी पूरी जिम्मेदारी के साथ कार्य करें।'

# हर घर तिरंगा यात्रा अभियान को लेकर भाजपा ने आयोजित की कार्यशाला

**समृद्धि न्यूज़, बहराइच।**




भारतीय जनता पार्टी द्वारा आगामी स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर हर घर तिरंगा अभियान व तिरंगा यात्रा को सफल बनाने के लिए प्रदेश, जिला व मंडल स्तर पर विशेष कार्यशालाओं का आयोजन किया जा रहा है। इस निमित्त बुधवार को जिला कार्यालय पर कार्यशाला आयोजित की गयी। जिसमें कार्यक्रम की रूपरेखा पर चर्चा हुई। ज्ञात हो कि भाजपा द्वारा 10 अगस्त से 12 अगस्त तक तिरंगा यात्रा निकाली जाएगी। यात्रा शहीद स्मारक से शुरू होकर शहर एवं गांव के प्रमुख स्थलों से होकर गुजरेगी।जिसमें सुरक्षा बलों एवं बलिदानियों के साथ-साथ रक्षा उपकरणों की प्रशंसा होगी। कार्यक्रम को लेकर 6 अगस्त को सभी मंडलों में कार्यशाला का आयोजन एवं 12 से 14 अगस्त तक स्वतंत्रता संग्राम से जुड़े स्मारकों, स्वतंत्रता आंदोलनो से जुड़े स्थानो पर स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा तथा पुष्पांजलि अर्पित की जाएगी। इसके पश्चात 13 अगस्त को जिला मुख्यालय पर तिरंगा यात्रा एवं 14 अगस्त को विभाजन की विभीषिका स्मृति दिवस पर मौन जुलूस निकाला जाएगा। 15 अगस्त तक सभी घरों और प्रतिष्ठानों पर तिरंगा फहराया जाएगा । प्रत्येक मंडल में युद्ध वीरो, शहीदों देश की सेवा में प्राण न्योछावर करने वाले पुलिसकर्मियों के घरों का दौरा कर उनके परिजनों को सम्मानित किया जाएगा। कार्यशाला को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष भाजपा बृजेश पांडेय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर किया जा रहा हर घर तिरंगा अभियान राष्ट्रभक्ति का जन आंदोलन का स्वरूप ग्रहण कर चुका है। इस अभियान ने प्रत्येक भारतीयों के मन में राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान गौरव और आत्मीयता की भावना को मजबूत किया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के राष्ट्र प्रथम के संकल्प के साथ बीते 12 वर्ष में देश का मान बढ़ा, दुनिया में सम्मान मिला। उन्होंने कहा कि विकसित भारत के सपने के साथ सशक्त, समृद्धि, सुरक्षित तथा एक भारत श्रेष्ठ भारत अब सिर्फ सपना ही नहीं यथार्थ है।

# डीएम के एक्शन ने खोली परिवहन विभाग की पोल

- एक घंटे में 7 ओवरलोड ट्रक पकड़े

**समृद्धि न्यूज़, रामसनेहीघाट (बाराबंकी)।**



जिलाधिकारी ईशान प्रताप सिंह के निर्देश पर मंगलवार को भीखरपुर के पास अवैध खनन और ओवरलोड वाहनों के खिलाफ चलाए गए विशेष अभियान ने परिवहन विभाग की कार्यशैली पर बड़ा सवाल खड़ा कर दिया। प्रशासन ने महज एक घंटे की कार्रवाई में मौरंग से लदे सात ओवरलोड ट्रकों को पकड़कर सीज कर दिया और करीब चार लाख रुपये का जुर्माना भी वसूला। इस कार्रवाई के बाद सबसे बड़ा सवाल यह है कि जब एक घंटे में सात ओवरलोड वाहन मिल सकते हैं, तो रोज इसी मार्ग पर दौड़ रहे ऐसे वाहनों पर परिवहन विभाग की नजर क्यों नहीं पड़ती? सूचना मिलने पर डीएम ने एसडीएम बृजेंद्र उपाध्याय को तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए। एसडीएम के नेतृत्व में नायब तहसीलदार उमेश द्विवेदी, खनन अधिकारी अनंत कुमार और पुलिस टीम ने भीखरपुर के पास सघन चेकिंग अभियान चलाया। जांच के दौरान सात ट्रक ओवरलोड मौरंग ले जाते मिले। कई वाहनों के खनन संबंधी दस्तावेज भी वैध नहीं पाए गए। चालकों ने बताया कि वे बांदा से मौरंग लेकर बाराबंकी और आसपास की मंडियों में आपूर्ति के लिए जा रहे थे। खनन अधिकारी ने मौके पर ही दस्तावेजों की जांच के बाद सभी वाहनों पर करीब चार लाख रुपये का जुर्माना लगाया। जुर्माना जमा कराने के बाद ट्रकों को नियमानुसार सीज कर दिया गया।

# देश भक्ति के रंगों से सराबोर होगा स्वतंत्रता दिवस

**समृद्धि न्यूज, बलरामपुर।**



स्वतंत्रता दिवस को परंपरागत, गरिमामय एवं राष्ट्रभक्ति की भावना से ओतप्रोत मनाए जाने के उद्देश्य से जिलाधिकारी डॉ. विपिन कुमार जैन की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक आयोजित की गई। बैठक में स्वतंत्रता दिवस पर आयोजित होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों की विस्तृत रूपरेखा पर चर्चा करते हुए सभी विभागों को समयबद्ध तैयारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने कहा कि स्वतंत्रता दिवस देश के स्वतंत्रता सेनानियों के त्याग, बलिदान और राष्ट्र के प्रति समर्पण को स्मरण करने का अवसर है। इसलिए सभी कार्यक्रमों का आयोजन राष्ट्रभक्ति, अनुशासन एवं गरिमा के साथ किया जाए तथा जनसहभागिता को भी अधिक से अधिक सुनिश्चित किया जाए। बैठक में तय किया गया कि 15 अगस्त की प्रातः 6:30 बजे जनपद के विभिन्न इंटर कॉलेजों द्वारा देशभक्ति से ओतप्रोत प्रभात फेरियां निकाली जाएंगी। प्रातः 7:00 बजे स्पोर्ट्स स्टेडियम बलरामपुर से दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन होगा।

प्रातः 8:00 बजे सभी सरकारी एवं अर्धसरकारी कार्यालयों में राष्ट्रीय ध्वज फहराया जाएगा तथा राष्ट्रगान के साथ अमर शहीदों के विचारों पर गोष्ठियों का आयोजन किया जाएगा। सभी विद्यालयों एवं शिक्षण संस्थानों में प्रातः 9:00 बजे ध्वजारोहण, राष्ट्रगान, अमर शहीदों के जीवन एवं आदर्शों पर गोष्ठी तथा वाद-विवाद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। प्रातः 10:00 बजे विकास भवन से विभिन्न विभागों की विकासपरक झांकियां निकाली जाएंगी। नगर पालिका बलरामपुर में विशेष पेंटिंग प्रतियोगिता का भी आयोजन होगा।

# छात्र की सर्पदंश से मौत मामले में बड़ी कार्रवाई

- प्रभारी प्रधानाध्यापक निलंबित
- जांच समिति ने माना विद्यालय की लापरवाही

**समृद्धि न्यूज़, हैदरगढ़ बाराबंकी।**

विकास खंड त्रिवेदीगंज क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय सहावर प्रथम, में कक्षा-3 के छात्र अंशू की सर्पदंश से हुई मौत के मामले में जिला प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई की है। जिलाधिकारी के निर्देश पर गठित त्रिसदस्यीय जांच समिति की रिपोर्ट के आधार पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी (बीएसए) नवीन कुमार पाठक ने प्रभारी प्रधानाध्यापक सुरेन्द्र कुमार को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। बीएसए द्वारा जारी आदेश के अनुसार, 27 जुलाई 2026 को विद्यालय परिसर में सर्पदंश की घटना में छात्र अंशू की सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हैदरगढ़ में उपचार के दौरान मृत्यु हो गई थी। घटना के बाद जिलाधिकारी के निर्देश पर अपर जिलाधिकारी (न्यायिक), अपर पुलिस अधीक्षक (दक्षिणी) और जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी की संयुक्त जांच समिति गठित की गई थी। समिति ने 29 जुलाई को अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत की थी। जांच में विद्यालय परिसर में अत्यधिक घास और झाड़ियां उगी होने, साफ-सफाई के अभाव तथा सुरक्षा व्यवस्था के प्रति गंभीर लापरवाही की पुष्टि हुई। रिपोर्ट में कहा गया कि प्रभारी प्रधानाध्यापक द्वारा विद्यालय परिसर का समुचित निरीक्षण और रखरखाव नहीं किया गया, जिससे यह दुखद घटना हुई। इसे शासकीय दायित्वों के निर्वहन में घोर उदासीनता एवं अनुशासनहीनता माना गया।

# भूमि कटान से घाघरा में समाईं फसलें, तहसीलदार ने शुरू कराया सर्वे

- नेपाल से छोड़े गए पानी और बारिश से बढ़ा जलस्तर
- खेतासराय के किसानों पर मंडराया आजीविका का संकट

**समृद्धि न्यूज़, रामसनेहीघाट (बाराबंकी)।**



घाघरा (सरयू) नदी का बढ़ता जलस्तर अब तटवर्ती किसानों के लिए बड़ी मुसीबत बन गया है। नेपाल के बैराजों से लगातार छोड़े जा रहे पानी और क्षेत्र में हो रही बारिश के कारण नदी उफान पर है। सबसे ज्यादा असर तहसील रामसनेहीघाट के पूरेडलई विकासखंड के खेतासराय गांव में देखने को मिल रहा है, जहां तेज कटान से किसानों की कृषि भूमि और धान की खड़ी फसल नदी में समाती जा रही है। कटान की सूचना मिलते ही तहसीलदार शशांक नाथ उपाध्याय राजस्व निरीक्षक और लेखपाल के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने कटान से प्रभावित किसानों की भूमि और फसल का सर्वे शुरू कराया। तहसीलदार ने बताया कि नुकसान का आकलन कर नियमानुसार रिपोर्ट शासन को भेजी जाएगी, ताकि प्रभावित किसानों को मुआवजा दिलाया जा सके।

उन्होंने कहा कि बाढ़ और कटान से प्रभावित अन्य गांवों का भी सर्वे कराया जा रहा है। ग्रामीणों के अनुसार इस बार घाघरा की कटान सामान्य वर्षों की तुलना में कहीं अधिक तेज है। अब तक कई किसानों की उपजाऊ जमीन और धान की फसल नदी में समा चुकी है। नदी लगातार खेतों की ओर बढ़ रही है, जिससे किसानों के सामने आजीविका का संकट गहराता जा रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि हर वर्ष बरसात में कटान की समस्या होती है, लेकिन इस बार समय रहते कटानरोधी कार्य शुरू नहीं कराया गया। सिंचाई विभाग और प्रशासन को कई बार सूचना देने के बावजूद अब तक कोई प्रभावी और स्थायी व्यवस्था नहीं की गई।

## सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपने पुत्रों इन्तजार अली व इमरान अली को गलत चाल-चलन व कहना न मानने के कारण अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। अब उनके द्वारा किए गए किसी भी कार्य व लेन-देन से मेरा व मेरे परिवार का कोई वास्ता व सरोकार नहीं होगा।

**सत्तार अली पुत्र मो. प्यारे**
**ग्राम-सराय बुधेड़ी मुजरे कमरपुर**
**थाना-सतरिख तहसील-नवाबगंज**
**जिला-बाराबंकी।**

# अवैध कब्जा हटाना आवश्यक : विजय बहादुर

**विधान परिषद**

▸ प्रदेश में सार्वजनिक उपयोग की भूमि के आवंटन की हो जांच

**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।**

उत्तर प्रदेश विधान परिषद के मानसून सत्र-2026 के तृतीय दिवस बुधवार को सदन की कार्यवाही में सहभाग करते हुए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के विधान परिषद सदस्य विजय बहादुर पाठक ने नियम 110 के तहत सार्वजनिक सम्पत्तियों से अवैध कब्जा हटाने की ओर सरकार का ध्यान आकृष्ट कराया।

विजय बहादुर पाठक ने कहा कि प्रदेश में सार्वजनिक उपयोग की भूमि, विशेषकर चारागाह, नदी, तालाब एवं अन्य श्रेणी की सरकारी भूमि के संरक्षण तथा उसके आवंटन में अनियमितताओं के गंभीर मामले समय-समय पर प्रकाश में आते रहे हैं। अमरोहा में वर्ष 1987 से 2000 के मध्य नियमों की अनदेखी करते हुए चारागाह, नदी एवं अन्य सार्वजनिक उपयोग की लगभग 2880 बीघा सरकारी भूमि की श्रेणी परिवर्तित कर 500 से अधिक पट्टे आवंटित किए गए।

इसी तरह जनपद आजमगढ़ के ग्राम सभा बड़सरा खालसा में ग्राम पंचायत की 150 बिघे जमीन पर अतिक्रमण हुआ है। यह मामला सार्वजनिक संपत्ति के संरक्षण,



राजस्व अभिलेखों की शुचिता तथा प्रशासनिक जवाबदेही पर गंभीर प्रश्नचिह्न खड़ा करता है। जिन भूमियों का राजस्व अभिलेखों में चारागाह, नदी, तालाब एवं अन्य सार्वजनिक उपयोग की भूमि के रूप में उल्लेख था, उनकी श्रेणी बदलकर पट्टे आवंटित किए गए। अमरोहा के प्रकरण की सुनवाई के दौरान न्यायालय ने भी संबंधित अधिकारियों की भूमिका एवं जिम्मेदारी तय किए जाने की आवश्यकता पर बल दिया गया है। ऐसी अनियमितताओं के कारण सार्वजनिक भूमि पर अतिक्रमण बढ़ता है, पर्यावरणीय संतुलन प्रभावित होता है तथा भविष्य में ग्राम समाज एवं आम जनता के हितों को गंभीर क्षति पहुँचती है। सदन के माध्यम से उन्होंने सरकार से मांग की है कि प्रदेश में चारागाह, नदी, तालाब एवं अन्य सार्वजनिक उपयोग की भूमि के आवंटन की व्यापक जांच कराई जाए। जिन मामलों में नियमों का उल्लंघन कर भूमि की श्रेणी परिवर्तित कर पट्टे दिए गए हैं, उनकी निष्पक्ष जांच कर दोषी अधिकारियों एवं कर्मचारियों की जवाबदेही निर्धारित करते हुए कठोर विभागीय एवं विधिक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। साथ ही ऐसे सभी अवैध पट्टों की समीक्षा कर आवश्यकतानुसार निरस्तीकरण की कार्यवाही की जाए तथा दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाय।

# विपक्ष ने पूरे सत्र में केवल असहयोग व व्यवधान की राजनीति की : ए.के. शर्मा

**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।**

नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ए.के. शर्मा ने विधानसभा एवं विधान परिषद के तृतीय सत्र के कार्यवाही के दौरान विपक्ष के असहयोगात्मक रवैये के लिए विपक्ष की कड़ी आलोचना की है। सदन की कार्यवाही के उपरांत मीडिया से बातचीत में मंत्री ए.के. शर्मा ने कहा कि विपक्ष की जनता के प्रति उदासीनता, जनहित के कार्यों के प्रति नकारात्मक सोच और सरकार के प्रत्येक विकास कार्य में व्यवधान डालने की प्रवृत्ति पूरे प्रदेश ने देखी है। लगातार नारेबाजी और सदन को बाधित करने की नीति के कारण तीन दिनों का बहुमूल्य समय नष्ट हुआ,



जिसका नुकसान प्रदेश की जनता को हुआ। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में स्वस्थ बहस, सार्थक संवाद और जनहित के मुद्दों पर सकारात्मक सहयोग विपक्ष का दायित्व होता है, लेकिन विपक्ष ने पूरे सत्र में केवल असहयोग और व्यवधान की राजनीति की। उन्होंने कहा कि प्रदेश की जनता ने विपक्ष की यह नकारात्मक कार्यशैली देखी है। जनता विकास, सुशासन और जनकल्याण के कार्यों का मूल्यांकन करती है तथा समय आने पर लोकतांत्रिक तरीके से उसका उचित उत्तर भी देगी। भारी शोर-शराबे के बीच सदन में अपने संबोधन के दौरान मंत्री ए.के. शर्मा ने कहा कि आजादी के लगभग 70 वर्षों तक उत्तर प्रदेश का बड़ा हिस्सा विकास से वंचित रहा। लाखों लोगों के घर अंधेरे में थे और आधे से अधिक मजरों में बिजली तो दूर, खंभे और तार तक नहीं पहुंचे थे। हमारी सरकार ने ऐसे लगभग डेढ़ लाख मजरों तक विद्युत पहुंचाकर सामाजिक और आर्थिक बदलाव का मार्ग प्रशस्त किया है।

## खबरें एक नजर में

### सचिन के निलंबन के खिलाफ धरने पर बैठे विधायक



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश विधान भवन स्थित चौधरी चरण सिंह की प्रतिमा के समक्ष आज फिर समाजवादी पार्टी के विधायक धरने पर बैठे। मंगलवार को विधानसभा में हंगामा के बाद विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने समाजवादी पार्टी के विधायक इंजीनियर सचिन यादव को पूरे सत्र के लिए निलंबित कर दिया था। इसके बाद उन्होंने धरना दिया और आज बुधवार को भी समाजवादी पार्टी के विधायक धरने पर बैठे हैं। इस धरने में समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता शिवपाल यादव, नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडे समेत अन्य लोग मौजूद हैं। प्रदर्शन धरने पर बैठे विधायकों के हाथों में सरकार विरोधी नारे लिखे हुए पोस्टर हैं। राम मंदिर चढ़ावा चोरी से लेकर किसानों की समस्याओं, महिलाओं, युवाओं और छात्रों की समस्या को लेकर लिखे हुए पोस्टर लिए हुए हैं। सरकार विरोधी नारेबाजी कर रहे हैं।

### एक लाख का इनामी मुठभेड़ में ढेर

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की शामली पुलिस ने बुधवार दोपहर को मुठभेड़ में एक लाख के इनामी बदमाश फुरकान को मार गिराया बदमाश को पुलिस ने जब सरेंडर करने को कहा था तो आरोपित ने फायरिंग शुरू कर दी। इसमें एक सिपाही घायल है। इसके बाद पुलिस ने जवाबी कार्रवाई में गोली चलाई, जिसमें गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने उसे अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। फुरकान कैराना पलायन मामले में आरोपित था।

### भारतीय कार्प संरक्षण के लिए धनराशि स्वीकृत

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार ने अन्तर्देशीय मछली पालन के तहत प्रदेश की सदानीरा नदियों में राज्य मीन चिताला तथा भारतीय कार्प संरक्षण एवं संवर्धन के लिए प्रथम किश्त के रूप में वर्तमान वित्तीय वर्ष में 66 लाख 66 हजार रुपये की धनराशि स्वीकृत की है। इस संबंध में मत्स्य विभाग द्वारा आवश्यक शासनादेश जारी कर दिया गया है। शासनादेश में महानिदेशक, मत्स्य विभाग को निर्देशित किया गया है कि स्वीकृत की जा रही धनराशि का व्यय योजना के लिए निर्धारित गाईडलाइन्स का पूर्ण अनुपालन सुनिश्चित करते हुए उपलब्ध धनराशि की सीमान्तर्गत किया जाएगा। स्वीकृत की जा रही धनराशि का व्यय केवल उन्हीं मदों पर किया जाएगा जिस मद के लिए धनराशि स्वीकृत की जा रही है। आकड़ों की शुद्धता का दायित्व महानिदेशक संबंधित अधिकारी का होगा।

### कार सवार परिवार पर फायरिंग

**लखनऊ।** राजधानी के पारा थाना क्षेत्र में बुधवार दोपहर एक कार सवार परिवार पर हमला किया गया। पीड़ित परिवार ने आरोप लगाया है कि मामूली कहासुनी के बाद कई बाइक और कारों से आए लोगों ने उनकी गाड़ी को घेरकर ईंट-पत्थर बरसाए और तीन राउंड फायरिंग भी की। हालांकि, पुलिस ने अभी तक गोली चलने की पुष्टि नहीं की है और मामले की जांच शुरू कर दी है। अपनी जान बचाने के लिए रंजीत ने कार की रफ्तार बढ़ा दी। इस दौरान उनकी कार तीन बाइकों से टकरा गई। वह किसी तरह बुद्धेश्वर चौराहा पुलिस चौकी पहुंचे और घटना की सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालना शुरू कर दिया। पीड़ित रंजीत यादव और उनकी पत्नी पिंकी ने इस दिनदहाड़े हुई घटना पर चिंता व्यक्त की है। उन्होंने आरोपितों के खिलाफकड़ी कार्रवाई की मांग की है। रंजीत यादव ने बताया कि बुधवार दोपहर करीब 12.30 बजे वह अपनी पत्नी पिंकी और डेढ़ वर्षीय बेटे के साथ कार से हंसखेड़ा से दुबग्गा स्थित चरक इंस्टीट्यूट जा रहे थे। रास्ते में कुछ लोगों से उनकी कहासुनी हो गई। इसके बाद कई बाइक और कारों से आए अज्ञात लोगों ने उनकी कार को घेर लिया और ईंट-पत्थर फेंकना शुरू कर दिया। रंजीत यादव के अनुसार, हमलावरों ने तीन राउंड फायरिंग भी की। इंस्पेक्टर सुरेश सिंह ने बताया कि पीड़ित की ओर से अभी तक लिखित तहरीर नहीं मिली है। प्रथम दृष्टया यह मामला सड़क दुर्घटना के बाद हुए विवाद का लग रहा है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि गोली चलने की पुष्टि नहीं हुई है। पुलिस सभी पहलुओं की गहनता से जांच कर रही है और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# जनेश्वर मिश्र ने संघर्ष के रास्ते को दी प्राथमिकता : अखिलेश

**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।**

समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने बुधवार को समाजवादी चिंतक और पार्टी के वरिष्ठ नेता रहे जनेश्वर मिश्र की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि जनेश्वर मिश्र ने अपना पूरा जीवन समाजवादी विचारधारा, सामाजिक न्याय और जनहित के लिए संघर्ष करते हुए बिताया। उनके विचार और संघर्ष आज भी समाजवादी आंदोलन के लिए प्रेरणा का स्रोत हैं। वे पार्टी मुख्यालय में आयोजित जनेश्वर मिश्र की जयंती पर आयोजित प्रबुद्ध वर्ग कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।

अखिलेश यादव ने कहा कि जनेश्वर मिश्र ने जीवनभर समाजवादी सिद्धांतों को अपने आचरण में उतारा। उन्होंने सादगी को अपनी पहचान बनाया और हमेशा गरीब, किसान,



▸ छोटे लोहिया ने समाजवादी आंदोलन को बढ़ाया आगे

▸ सत्ता से अधिक जनता के हितों को दिया महत्व

मजदूर, पिछड़े तथा वंचित वर्गों की आवाज उठाई। उनका मानना था कि समाज में समानता और सामाजिक न्याय के बिना लोकतंत्र मजबूत नहीं हो सकता।

सपा अध्यक्ष ने कहा कि जनेश्वर मिश्र ने समाजवादी आंदोलन को मजबूत करने के साथ ही नई पीढ़ी को भी सामाजिक सरोकारों से जोड़ने का काम किया। उन्होंने संघर्ष के रास्ते को प्राथमिकता दी और सत्ता से अधिक जनता के हितों को महत्व दिया। उनके राजनीतिक जीवन में त्याग, सादगी और सिद्धांतों की महत्वपूर्ण भूमिका रही। उन्होंने कहा कि आज देश और प्रदेश में सामाजिक असमानता, महंगाई, बेरोजगारी तथा किसानों और युवाओं से जुड़े सवाल महत्वपूर्ण हैं। ऐसे समय में जनेश्वर मिश्र के विचार और उनका संघर्ष समाजवादी कार्यकर्ताओं को नई दिशा देने का काम करते हैं। अखिलेश यादव ने कहा कि समाजवादी पार्टी जनेश्वर मिश्र के विचारों और उनके बताए रास्ते पर चलकर सामाजिक न्याय और लोकतांत्रिक मूल्यों की लड़ाई को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि जनेश्वर मिश्र का योगदान समाजवादी आंदोलन के इतिहास में हमेशा याद किया जाएगा।इस अवसर पर पार्टी के नेताओं और कार्यकर्ताओं ने भी जनेश्वर मिश्र को श्रद्धांजलि अर्पित की और उनके आदर्शों को आत्मसात करने का संकल्प लिया।

अखिलेश ने भाजपा सरकार पर संतों का अपमान करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि भारत की धरती पर एक भी उदाहरण हो जहां पर हमारे पूजनीय शंकराचार्य जी को स्नान करने से रोका गया हो। उन्हें धरना देना पड़ा लेकिन उसके बाद भी उनकी कोई सुनवाई नहीं हुई।

# योगी सरकार की किसान रजिस्ट्री में बड़ी उपलब्धि, टॉप-10 में पहुंचा उत्तर प्रदेश

**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।**

उ. प्र. में किसानों को सरकारी योजनाओं का लाभ पारदर्शी और समयबद्ध तरीके से उपलब्ध कराने के उद्देश्य से चलाया जा रहा किसान रजिस्ट्री अभियान तेजी से आगे बढ़ रहा है। इसी का परिणाम है कि प्रदेश ने किसान रजिस्ट्री की प्रगति में राष्ट्रीय स्तर पर 10वां स्थान हासिल किया है।

प्रदेश ने भारत सरकार द्वारा निर्धारित लक्ष्य का 85.19 प्रतिशत पूरा कर लिया है, जबकि शत-प्रतिशत लक्ष्य हासिल करने के लिए अब 14.81 प्रतिशत कार्य शेष है। विभाग की समीक्षा रिपोर्ट के अनुसार उत्तर प्रदेश अब राष्ट्रीय रैंकिंग में नौवें स्थान के बेहद करीब है और अभियान को तेज गति से पूरा करने के प्रयास किए जा रहे हैं। भारत सरकार ने उत्तर प्रदेश के लिए 2,88,70,495 किसानों के पंजीकरण का लक्ष्य निर्धारित किया है। इसके सापेक्ष 2,45,94,831 किसानों का सफल पंजीकरण किया जा चुका है। लक्ष्य का 85.19 प्रतिशत कार्य पूरा हो चुका है। वर्तमान में 42,75,664 किसानों का पंजीकरण शेष है, जिसे जल्द पूरा करने के लिए अभियान को और गति दी जा रही है। समीक्षा रिपोर्ट के अनुसार यदि अभियान को 29 अगस्त तक पूरा करना है तो प्रतिदिन लगभग 1,42,522 किसानों का पंजीकरण करना होगा। किसान रजिस्ट्री अभियान में गाजियाबाद और रामपुर ने भारत सरकार द्वारा निर्धारित लक्ष्य का 100 प्रतिशत पंजीकरण पूरा कर प्रदेश के अन्य जिलों के लिए मिसाल पेश की है। इसके अलावा अंश निर्धारण की प्रगति में झांसी और हरदोई शीर्ष प्रदर्शन करने वाले जिलों में शामिल हैं।

**कानपुर-लखनऊ एक्सप्रेस-वे में धंसाव पर कार्रवाई**

# पीएनसी इंफ्राटेक पर गिरी गाज

▸ प्रोजेक्ट मैनेजर समेत तीन अधिकारी हटाए

**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।**

कानपुर-लखनऊ एक्सप्रेसवे के किलोमीटर 64 के पास सड़क में हुए धंसाव के मामले में भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) ने सख्त कार्रवाई शुरू कर दी है। एनएचएआई ने कार्यदायी संस्था पीएनसी इंफ्राटेक लिमिटेड को नॉन-परफॉर्मर घोषित करने का प्रस्ताव करते हुए कारण बताओ नोटिस जारी किया है। कंपनी पर निष्पादन सुरक्षा के दो फीसदी के बराबर जुर्माना लगाने और भविष्य की एनएचएआई परियोजनाओं में उसकी पात्रता प्रभावित करने की कार्रवाई की जा रही है।

यह जानकारी बुधवार को एनएचएआई के क्षेत्रीय अधिकारी गौतम विशाल ने राजधानी लखनऊ के गोमती नगर स्थित कार्यालय में प्रेस कांफ्रेंस में पत्रकारों को दी। उन्होंने बताया कि 26 जुलाई को कानपुर लखनऊ के बीच नव निर्मित एक्सप्रेसवे के किमी. 64 के पास सड़क के एक हिस्से में धंसाव हो गया था। इसके बाद एनएचएआई ने तत्काल बहाली का काम शुरू कराया। फिलहाल प्रभावित हिस्से पर यातायात डायवर्ट कर दिया गया है और वाहनों का संचालन सुचारु रूप से कराया जा रहा है। एनएचएआई ने कार्यदायी संस्था को प्रभावित हिस्से की पूरी मरम्मत अपने खर्च पर कराने के निर्देश दिए हैं। मरम्मत पर करीब तीन करोड़ रुपये खर्च होने का अनुमान है। इस राशि का



**डिबारमेंट नोटिस जारी**

वहीं, पूर्व परियोजना निदेशक सौरभ चौरसिया और वर्तमान परियोजना निदेशक नकुल प्रकाश वर्मा के खिलाफ कथित लापरवाही को लेकर आरोप-पत्र जारी करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। परियोजना की स्वतंत्र अभियंता कंपनी मेसर्स थीम इंजीनियरिंग सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड के खिलाफ भी एनएचएआई ने कार्रवाई शुरू की है। कंपनी को भविष्य की एनएचएआई परियोजनाओं में भाग लेने से प्रतिबंधित करने के लिए डिबारमेंट नोटिस जारी किया जा रहा है।

भार एनएचएआई पर नहीं पड़ेगा। इसके अलावा कंपनी की पेवमेंट कंडीशन इंडेक्स रेटिंग डाउनग्रेड करने की भी प्रक्रिया शुरू की गई है। परियोजना की निगरानी और पर्यवेक्षण में लापरवाही मिलने पर निर्माण एजेंसी के प्रोजेक्ट मैनेजर विवेक कुमार गुप्ता, स्वतंत्र अभियंता के टीम लीडर सुरेंद्र कुमार और रेजिडेंट इंजीनियर यतेंद्र कुमार को परियोजना से हटा दिया गया है। तीनों को दो साल तक सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय, एनएचएआई और एनएचआईडीसीएल की किसी भी परियोजना में काम करने से प्रतिबंधित किया गया है। इसके अलावा वर्तमान परियोजना निदेशक नकुल प्रकाश वर्मा को उनके मूल विभाग में वापस भेज दिया गया है।

# अभिभावकों की सहमति से तैयार की जा रही डिजिटल आईडी : संदीप

**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।**

उत्तर प्रदेश विधान मंडल के मानसून सत्र के दौरान बुधवार को विधान परिषद की कार्यवाही में सहभाग करते हुए प्रदेश के बेसिक शिक्षा राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संदीप सिंह ने अपने विभाग से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर सरकार का पक्ष रखा। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार जनकल्याण, सुशासन एवं समग्र विकास के संकल्प के साथ उत्तर प्रदेश को प्रगति की नई ऊंचाइयों तक ले जाने के लिए प्रतिबद्ध है।

विधान परिषद में चर्चा के दौरान बेसिक शिक्षा मंत्री संदीप सिंह ने

▸ सरकार यूपी को प्रगति की नई ऊंचाइयों तक ले जाने के लिए प्रतिबद्ध

बताया कि सरकार द्वारा बच्चों के शैक्षणिक रिकॉर्ड का डिजिटलीकरण करने और उनके समस्त दस्तावेजों को एक ही स्थान पर सुरक्षित रखने के लिए एक पारदर्शी व्यवस्था बनाई गई है। इस संबंध में भारत सरकार द्वारा छात्रों के हित में अपार (APAAR) आईडी योजना का शुभारंभ किया गया है। इसके अंतर्गत प्रत्येक बच्चे के लिए 12 डिजिट की एक यूनिक आईडी बनाई जाती है। यह डिजिटल आईडी बच्चे के लिए



जीवन भर उपयोगी साबित होगी। इससे उसके सभी शैक्षिक प्रपत्र डिजिटल रूप से सुरक्षित रहेंगे और किसी भी शैक्षणिक संस्थान में जाने पर तत्काल डिजिटल वेरिफिकेशन संभव हो सकेगा। इससे छात्र-छात्राओं के एक संस्थान से दूसरे संस्थान में स्थानांतरण एवं प्रवेश की प्रक्रिया भी बेहद सुलभ होगी।

बेसिक शिक्षा मंत्री ने स्पष्ट किया कि यह व्यवस्था अभिभावकों की पूर्ण सहमति से बनाई जा रही है। महानिदेशक स्कूल शिक्षा द्वारा भारत सरकार के निर्देशों के क्रम में जनपदीय अधिकारियों, स्कूल के शिक्षकों और अभिभावकों को प्रेरित एवं अनुप्राणित किया जा रहा है ताकि अधिक से अधिक बच्चों की अपार आईडी बन सके। उन्होंने इसे छात्रों के व्यापक हित में केंद्र सरकार द्वारा उठाया गया अत्यंत महत्वपूर्ण और दूरगामी कदम बताया।

**सदन स्थगन पर कांग्रेस का सरकार पर हमला**

# चर्चा से डर रही है भाजपा : आराधना मिश्रा

**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।**

उत्तर प्रदेश विधानसभा का मानसून सत्र समय से पहले अनिश्चितकाल के लिए स्थगित किए जाने को लेकर कांग्रेस ने योगी सरकार पर निशाना साधा है। कांग्रेस विधानमंडल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना ने आरोप लगाया कि पूर्ण बहुमत वाली भाजपा सरकार जनता के मुद्दों पर चर्चा से बच रही है और इसी कारण सदन को तय समय से पहले समाप्त कर दिया गया।

आराधना मिश्रा ने कहा कि कांग्रेस ने विधानसभा में नियम 311 और नियम 56 के तहत अयोध्या स्थित रामलला मंदिर में चढ़ावे और चंदे से जुड़े आरोपों तथा प्रदेश में किसानों की खाद समस्या पर चर्चा की मांग की थी,



लेकिन सरकार ने इस पर चर्चा नहीं कराई। उन्होंने सवाल उठाया कि सरकार इन मुद्दों पर जवाब देने से क्यों बच रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार लोकतांत्रिक परंपराओं और सदन की गरिमा का पालन नहीं कर रही है। उनका कहना था कि जब सरकार के पास पूर्ण बहुमत है तो उसे विपक्ष के सवालों का जवाब देने में डर नहीं होना चाहिए। उन्होंने कहा कि सरकार ने अनुपूरक बजट भी बिना पर्याप्त चर्चा के पारित करा दिया। कांग्रेस नेता ने राम मंदिर से जुड़े चंदे, चढ़ावे, भूमि खरीद और आयोजनों में अनियमितताओं के आरोप लगाते हुए जांच और कार्रवाई की मांग दोहराई। उन्होंने कहा कि श्रद्धालुओं की आस्था से जुड़े मामलों में पारदर्शिता जरूरी है और दोषियों पर कार्रवाई होनी चाहिए। आराधना मिश्रा ने यह भी आरोप लगाया कि सरकार अपनी जिम्मेदारी और जवाबदेही से बच रही है। उन्होंने कहा कि जब विधानसभा सत्र 6 अगस्त तक प्रस्तावित था तो उसे एक दिन पहले समाप्त करने की जरूरत क्यों पड़ी, इसका जवाब सरकार को देना चाहिए। कांग्रेस नेता ने कहा कि जनता के मुद्दों पर सदन में चर्चा कराना लोकतंत्र की मूल भावना है।

### मोती संवर्धन योजना के अंतर्गत एक करोड़ की धनराशि स्वीकृत

**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार ने अन्तर्देशीय मछली पालन के तहत प्रदेश में उत्तर प्रदेश मोती संवर्धन योजना हेतु वर्तमान वित्तीय वर्ष में एक करोड़ रूपये की धनराशि स्वीकृत की है। इस संबंध में मत्स्य विभाग द्वारा आवश्यक शासनादेश जारी कर दिया गया है। शासनादेश में महानिदेशक, मत्स्य विभाग को निर्देशित किया गया है कि स्वीकृत की जा रही धनराशि का व्यय योजना हेतु निर्धारित गाईडलाइन्स का पूर्ण अनुपालन सुनिश्चित करते हुए उपलब्ध धनराशि का सीमान्तर्गत किया जाएगा। स्वीकृत की जा रही धनराशि का व्यय केवल उन्हीं मदों पर किया जाएगा जिस मद के लिए धनराशि स्वीकृत की जा रही है। आकड़ों की शुद्धता का दायित्व प्रशासकीय विभाग का होगा।

**मुहिम** | **महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने का मेगा प्लान**

# 20 अगस्त तक चलेगा परिवार संतृप्तिकरण अभियान

**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।**

ग्रामीण महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में उत्तर प्रदेश सरकार ने प्रदेशव्यापी परिवार संतृप्तिकरण अभियान शुरू किया है। पांच अगस्त से 20 अगस्त तक चलने वाले इस विशेष अभियान के तहत गांव-गांव, घर-घर जाकर ऐसे पात्र परिवारों की पहचान की जाएगी, जो अभी तक स्वयं सहायता समूहों या ग्रामीण आजीविका मिशन से नहीं जुड़े हैं। अभियान का उद्देश्य हर पात्र महिला को स्वरोजगार, बैंकिंग सुविधाओं और सरकारी योजनाओं से जोड़कर आर्थिक रूप से सशक्त बनाना है।

अभियान के दौरान विकासखंड और ग्राम पंचायत स्तर पर नोडल अधिकारी घर-घर जाकर सर्वे करेंगे और ऐसे परिवारों की पहचान करेंगे, जहां महिलाएं अभी स्वयं सहायता समूहों का



▸ पात्र स्वयं सहायता समूहों के तत्काल खुले जाएंगे बैंक खाते

हिस्सा नहीं हैं। सर्वे के आधार पर उन्हें समूहों से जोड़ा जाएगा ताकि वे बचत, ऋण, प्रशिक्षण और रोजगार के अवसरों का लाभ उठा सकें। सरकार ने अभियान के दौरान सभी पात्र स्वयं सहायता समूहों के बैंक खाते

**10 लाख से अधिक स्वयं सहायता समूह बदल रहे गांवों की तस्वीर**

ग्रामीण आजीविका मिशन प्रदेश में महिला सशक्तीकरण का मजबूत आधार बन चुका है। वर्तमान में उत्तर प्रदेश में 10 लाख 10 हजार से अधिक स्वयं सहायता समूह सक्रिय हैं। इन समूहों से एक करोड़ 19 लाख से अधिक परिवार जुड़े हुए हैं। इन समूहों ने ग्रामीण महिलाओं को केवल बचत और ऋण तक सीमित नहीं रखा, बल्कि उन्हें उद्यमी बनने का अवसर भी दिया है। आज बड़ी संख्या में महिलाएं खाद्य प्रसंस्करण, डेयरी, पशुपालन, हस्तशिल्प, सिलाई-कढ़ाई, जैविक उत्पाद, डिजिटल सेवाओं और अन्य लघु उद्योगों के माध्यम से नियमित आय अर्जित कर रही हैं। ग्रामीण आजीविका मिशन के मिशन निदेशक अरुण कुमार के अनुसार महिलाओं को केवल बचत और ऋण तक सीमित नहीं रखा गया, बल्कि उन्हें उद्यमी बनने का अवसर उपलब्ध कराया जा रहा है। यही कारण है कि स्वयं सहायता समूह आज गांवों में आर्थिक बदलाव के साथ-साथ सामाजिक परिवर्तन के भी मजबूत माध्यम बनकर उभरे हैं। परिवार संतृप्तिकरण अभियान के बाद बड़ी संख्या में महिलाएं इस परिवर्तन की भागीदार बनेंगी और प्रदेश की ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई गति मिलेगी।

तत्काल खुलवाने के निर्देश दिए हैं। इससे समूहों को सरकारी वित्तीय सहायता, बैंक ऋण और अन्य योजनाओं का लाभ सीधे मिल सकेगा। बैंकिंग सुविधाओं से जुड़ने के बाद ग्रामीण महिलाओं के लिए छोटे उद्यम शुरू करना और आर्थिक गतिविधियों का विस्तार करना आसान होगा। परिवार संतृप्तिकरण अभियान का मुख्य उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि कोई भी पात्र परिवार सरकारी योजनाओं, स्वयं सहायता समूहों और आजीविका के संसाधनों से वंचित न रहे। योगी सरकार चाहती है कि प्रत्येक पात्र महिला को आर्थिक गतिविधियों से जोड़कर उसकी आय बढ़ाई जाए और ग्रामीण परिवारों को आत्मनिर्भर बनाया जाए। जब अधिक से अधिक महिलाएं स्वयं सहायता समूहों से जुड़ेंगी तो गांवों में रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे। छोटे-छोटे घरेलू उद्योग, कृषि आधारित गतिविधियां, खाद्य प्रसंस्करण, हस्तशिल्प और अन्य स्वरोजगार के माध्यम विकसित होंगे। इससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी और महिलाओं की आय में भी वृद्धि होगी।

# जयंती के बहाने ब्राह्मणों को साधने की कोशिश

**अनुराग शुक्ल**

**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के लिए छोटे लोहिया जनेश्वर मिश्र की जयंती इस बार केवल समाजवादी विचारधारा के एक बड़े नेता को याद करने का अवसर नहीं, बल्कि उत्तर प्रदेश की आगामी राजनीतिक लड़ाई के लिए नए सामाजिक समीकरण गढ़ने का मौका भी बनती दिखाई दे रही है। 5 अगस्त को जनेश्वर मिश्र की जयंती पर आयोजित कार्यक्रमोंम में सपा ने जबरदस्त उत्साह दिखाया। युवाओं को विश्वास में लेनेके साथ ब्राह्मण समाज की भागीदारी बढ़ाने पर खास जोर दिया है।

समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव के सामने चुनौती साफ है। यादव-मुस्लिम आधार के साथ पार्टी को अब उन वर्गों में भी अपनी स्वीकार्यता बढ़ानी होगी, जहां पिछले

▸ बिहार के सियासी संकेतों के बीच अखिलेश की पैनी नजर

चुनावों में भाजपा का प्रभाव मजबूत रहा है। ऐसे में ब्राह्मण समाज को साधने की कोशिश सपा की व्यापक सामाजिक रणनीति का हिस्सा मानी जा सकती है।

अखिलेश यादव लंबे समय से सामाजिक न्याय और पीडीए की राजनीति को पार्टी की केंद्रीय रणनीति बताते रहे हैं। लेकिन बदलते राजनीतिक माहौल में केवल परंपरागत सामाजिक समीकरणों पर निर्भर रहना पर्याप्त नहीं होगा। यही वजह है कि जनेश्वर मिश्र की विरासत के बहाने सपा प्रबुद्ध वर्ग से संवाद बढ़ाने की कोशिश कर रही है।

बिहार के बांकीपुर विधानसभा उपचुनाव के परिणाम ने भी राजनीतिक दलों को नए संकेत दिए हैं। वहां जन सुराज की जीत को भाजपा और राजद दोनों के लिए महत्वपूर्ण झटका माना गया है। इससे यह संदेश गया है कि मतदाता पारंपरिक राजनीतिक विकल्पों से इतर भी बदलाव के लिए मतदान कर सकता है।

अखिलेश यादव के लिए यही संकेत उत्तर प्रदेश में भी महत्वपूर्ण हैं। उनका लक्ष्य भाजपा विरोधी मतों को बिखरने से रोकना और नए सामाजिक वर्गों को सपा के साथ जोड़ना होगा। ब्राह्मण समाज के बीच संवाद इसी रणनीति का एक महत्वपूर्ण हिस्सा हो सकता है। जनेश्वर मिश्र स्वयं समाजवादी आंदोलन की उस परंपरा के प्रतीक रहे, जिसमें सामाजिक न्याय के साथ व्यापक सामाजिक सरोकारों को महत्व दिया गया। इसलिए उनकी जयंती पर ब्राह्मण समाज के बीच पहुंच बनाना सपा के लिए राजनीतिक और वैचारिक-दोनों स्तरों पर उपयोगी हो सकता है।

# मृत गोवंश की जांच में आये सीडीओ को मिला सीसीटीवी कैमरा बंद

**डीएम के निर्देश पर सीडीओ ने सिंकदरपुर कलां गोशाला किया निरीक्षण**

समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।

जनपद में गोशालाओं की दशा सुधारने को डीएम, सीडीओ द्वारा निरंतर मानीटरिंग की जा रही है। उसके बाबजूद भी कही कही गोशालाओं में अव्यवस्थाओं की शिकायतें आ रही है। इसी क्रम में डीएम को प्राप्त एक शिकायत पर सीडीओ उत्कर्ष द्विवेदी ने ब्लाक मदनापुर स्थित सिंकदरपुर कलां गोशाला का औचक निरीक्षण किया। जहां उन्होंने पाया कि दो दिन में दो गोवंश मृत हुए हैं, जिनको कर्मियों ने जेसीबी मशीन से गढ्ढा कराकर दफन करा दिए हैं।

साफ सफाई व्यवस्था ठीक ठाक मिली। गोशाला में पशु गणना रजिस्टर भी चैक किया गया, जिसमें संरक्षित गोवंश के आंकड़े सीडीओ ने देखें। गोशाला में गोवंश की मानीटरिंग को लगा सीसीटीवी कैमरा फेल देख, सीडीओ का पारा चढ़ गया। उन्होंने संबधित अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए कि कैमरों को ठीक कराकर अवगत कराएं। गोवंश पशुओं को लेकर लापरवाही बरतने वालों पर सख्त एक्शन लिया जाएगा। निरीक्षण के बारे में सीडीओ ने बताया कि डीएम के निर्देश पर निरीक्षण किया गया था। एक शिकायत आ रही थी कि गोशाला में गोवंश आए दिन मृत हो रहे हैं। जिसके बाद निरीक्षण किया गया, तो पाया कि दो दिन में दो गाय मृत हुई थी। जिनको दफना दिया गया है। सीसीटीवी कैमरा गोशाला का खराब था। जिसको सही कराने को कहा गया है। इसके साथ ही जनपद की सभी गोशालाओं में लगें सीसीटीवी कैमरों को सुचारू रूप से रखने को बीडीओ को आदेशित किया गया है। विकास भवन स्थित वार रुम से भी गोशालाओं की लाइव मानीटरिंग कराई जा रही है।




## आईटीआई प्रवेश की तिथि सात अगस्त तक बढ़ी

रोजा, शाहजहांपुर। आईटीआई में प्रवेश लेने वाले अभ्यर्थियों के लिए अच्छी खबर सामने आई है। उत्तर प्रदेश के निजी व सरकारी आईटीआई संस्थानों में अगस्त माह से प्रारंभ होने वाले प्रशिक्षण सत्र के लिये प्रवेश के लिए आवेदन की प्रक्रिया को तीन दिन के लिये बढ़ा दिया गया है। प्रवेश प्रक्रिया को अब चार से सात अगस्त कर दी गई है। जो भी उम्मीदवार आईटीआई संस्थानों में प्रवेश की इच्छा रखते हैं, वे अपना आवेदन राज्य व्यावसायिक प्रशिक्षण परिषद, उत्तर प्रदेश की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर जमा कर सकते हैं। आईटीआई रोजा के प्रधानाचार्य अरविन्द कुमार ने बताया कि प्रदेश आईटीआई प्रवेश के लिए आवेदन की अंतिम तिथि चार अगस्त तक थी, जिसे अब बढ़ाकर आवेदन की आखिरी तारीख सात अगस्त तक निर्धारित की गई है। उन्होंने कहा कि जो अभ्यर्थी प्रवेश लाना चाहते हैं वे निर्धारित तिथि में आवेदन कर लाभ उठाकर अपना प्रवेश प्राप्त कर सकते हैं।

# चीनी मिल मकसूदापुर में वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ मानसून गन्ना बुवाई का शुभारंभ

समृद्धि न्यूज, बंडा, शाहजहांपुर।



मकसूदापुर बजाज हिन्दुस्थान शुगर लिमिटेड चीनी मिल मकसुदापुर गेट के ग्राम ढकाघनश्यामपुर मे कृषक शेरसिंह पुत्र आत्माराम के खेत में वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ मानसून गन्ना बुवाई का शुभारम्भ किया गया। जिसमें कृषक द्वारा अगेती गन्ना प्रजाति की दो आँख के टुकडों द्वारा बीज शोधन के उपरान्त गन्ना बुवाई की गई, जिसका शुभारम्भ इकाई प्रमुख हरेंद्र कुमार त्रिपाठी द्वारा फीता काटकर किया गया। उन्होने मौके पर उपस्थित किसानों को शरदकालीन गन्ना बुवाई के लिये प्रेरित करते हुये उन्नत गन्ना प्रजातियों, निरोग बीज का चयन, ट्राइकोडर्मा द्वारा भूमिशोधन व थायोफिनेट मिथाइल द्वारा गन्ना बीज शोधन करने की सलाह दी। इस मौके पर उप महाप्रबन्धक (गन्ना) सुरेन्द्र पाल सिंह ने कृषकों को अधिक पैदावार एवं आमदनी बढाने हेतु अधिक से अधिक क्षेत्रफल में गन्ना प्रजाति को.-0118, को.शा.-18231 एवं को.लख.-14201 की गन्ना बुवाई करने एवं अतिरिक्त लाभ हेतु सहफसल के रूप में सरसों, मसूर, लोविया, राजमा, धनिया, आलू, मूली आदि की बुवाई करने हेतु सलाह दी, तथा कृषकगणों से गन्ना बधाई, मिट्टी चढाई आदि विषय पर चर्चा की गयी। इस अवसर पर जोनल इंचार्ज निर्मल सिंह, अंकित कुमार, मुकेश कुमार, मोहित पाण्डेय व क्षेत्रीय कृषक अंकित वर्मा, प्रदीप कुमार, प्रमोद, विमलेश, नन्हेलाल, सचिन, विशाल, ओमप्रकाश सहित काफी संख्या में किसान मौजूद रहे।

## खबरें एक नजर में

### महिला से मारपीट की रिपोर्ट दर्ज

सेहरामऊ दक्षिणी, शाहजहांपुर। बुधवार को मध्यान्ह के समय गांव दिलावरपुर निवासी कृष्ण कुमार की पत्नी श्यामा देवी की पड़ोस में रहने वाली मंजू और उसकी बहन उर्वशी के साथ मामूली सी बात पर हुई कहासुनी के बाद हाथापाई होने लगी। बीच पुत्र सुनकर घर से निकले मंजू के भाई देवदत और रजनीश ने श्यामा देवी को पीटकर घायल कर दिया। थाना प्रभारी दिनेश कुमार सिंह ने बताया कि श्यामा देवी की रिपोर्ट दर्ज कर उपचार हेतु राजकीय मेडिकल कॉलेज भेजने के साथ आरोपियों की तलाश शुरू कर दी गई है।

### शादी का झांसा देकर संबंध बनाए, शादी से कर रहा इनकार

सेहरामऊ दक्षिणी,शाहजहांपुर। शादी का झांसा देकर शारीरिक संबंध बनाने के बाद युवती के द्वारा शादी करने को कहने पर युवक द्वारा मना करने पर पीड़िता ने एसपी को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। गांव बादशाहनगर निवासी एक व्यक्ति की पुत्री का गाँव में ही रहने वाली बुआ का लड़का ने शादी करने का झांसा दिया और उसके साथ अवैध सम्बन्ध बनाने बनाए। एक वर्ष बीतने के बाद युवती ने शादी करने का दवाब बनाना शुरू किया तब युवक के मना करने पर दोनों के मध्य तनाव बढ़ने लगा और युवती ने पूरी बात माँ को बताई। जिसके बाद कई बार पारिवारिक सदस्यों के साथ पंचायत होने पर कोई बात नहीं बनते देखकर युवती ने पुलिस अधीक्षक को तहरीर देकर रिपोर्ट दर्ज कराने की मांग की।

### सांड की टक्कर से बाइक सवार गंभीर घायल



पुवायां, शाहजहांपुर। सांड की टक्कर से बाइक सवार युवक गंभीर घायल हो गया। सूचना पर पहुंची डायल 112 पुलिस ने व्यक्ति को एंबुलेंस बुलाकर सरकारी अस्पताल पहुंचाया। थाना क्षेत्र के गांव आयु निवासी हाकिम राठौर पुत्र बाबूराम उम्र लगभग 46 वर्ष का सुखबीर एग्रो एनर्जी में उसका किराए पर ट्रैक्टर चलता है। जो बाइक से अपने घर जा रहा था। तभी उसकी बाइक सतवां रोड स्थित बाईपास के पास उसकी बाइक सांड से टकरा गई जिससे वह गंभीर घायल हो गया। मौके पर पहुंची पीआरवी पुलिस ने एंबुलेंस से अस्पताल भिजवाया। हालत गंभीर देखकर डॉक्टर ने मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया हादसे में सांड भी गंभीर घायल हो गया। बाईपास पर पथ प्रकाश व्यवस्था के लिए लगी लाइट भी नहीं जल रही थी जिस कारण के हादसा हो गया।

### पॉलीथीन में लिपटा पड़ा मिला नवजात शिशु का शव



बंडा,शाहजहांपुर। काली पॉलिथीन में लिपटा नवजात शिशु देख भीड़ जमा हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पीएम के लिए भेजा है। कस्बे के मोहल्ला पसियापुर में करीब दोपहर 2.30 बजे नगर पंचायत में तैनात सफाई कर्मचारी के दरवाजे पर पॉलिथीन में लिपटा नवजात शिशु देखे जाने से मौके पर भीड़ जमा हो गई। मौके पर मौजूद ग्रामीणों के अनुसार लोक लज्जा के कारण किसी महिला ने शिशु को मृतक अवस्था में पॉलिथीन में लपेटकर डाल दिया। जिसे किसी जानवर ने खींचकर वहां डाला है। सफाई कर्मचारी रेशमा देवी के पुत्र शिवम ने अपने दरवाजे पर पड़ा देखा तो उसने अपनी मां को सूचना दी। उसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने पीएम के लिए भेज दिया है। थाना प्रभारी बृजेश सिंह ने बताया कि नवजात शिशु को पीएम के लिए भेजा जा रहा है, पीएम के बाद जांच कर दोषी पाए जाने वाले के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

### घर में घुसे बदमाश, महिला के कुंडल खींचकर हुए फरार



बंडा,शाहजहांपुर। क्षेत्र के ग्राम मोहनपुर ज. भीकमपुर में मंगलवार की रात चोरी की एक बेखौफ वारदात सामने आई है। बदमाशो ने घर में घुसकर महिला से चाबी छीनने की कोशिश की और विरोध करने पर उनके कान के सोने के कुंडल खींचकर फरार हो गए। मोहनपुर ज. भीकमपुर निवासी रविकुमार ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि मंगलवार 4 अगस्त की रात वह अपने घर के बाहर सो रहा था। घर के अंदर उनकी पत्नी पारुल और पुत्री रौनक सो रही थी। रात करीब 11.30 बजे दो अज्ञात बदमाश घर में दाखिल हो गए। बदमाशो ने रविकुमार की पत्नी से घर में रखे बक्सों और अलमारी की चाबी मांगी। जब उसकी पत्नी ने चाबी देने से इनकार कर दिया और घबराकर शोर मचाना शुरू किया, तो बदमाशो ने जबरन उनके कानों से सोने के कुंडल खींच लिए और अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से भाग निकले। घटना के तुरंत बाद पीड़ित ने डायल-112 पर पुलिस को सूचना दी। डायल-112 की टीम और बंडा थाना पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच-पड़ताल की। रवि ने बंडा पुलिस को लिखित तहरीर देकर मामले में जांच और आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। इस सम्बन्ध में थाना प्रभारी ब्रजेश कुमार सिंह ने बताया कि तहरीर मिली है, मामले की छानबीन की जा रही है।

# गौतम हत्याकांड: सपा के आंवला सांसद ने पीड़ित परिवार से की मुलाकात, दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग

समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।

थाना कांट क्षेत्र के ग्राम कमलनैनपुर में गौतम मौर्य हत्याकांड के पीड़ित परिवार से बुधवार को आंवला सांसद नीरज मौर्य ने मुलाकात कर उन्हें ढांढस बंधाया। इस दौरान उन्होंने मामले में निष्पक्ष जांच और दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई का आश्वासन दिया। सांसद के कमलनैनपुर पहुंचने से पहले ददरौल बॉर्डर स्थित पुरेना के मनु रेस्टोरेंट पर जिला पंचायत सदस्य व सपा नेता नीरज मिश्रा ने समर्थकों के साथ उनका स्वागत किया। नीरज मिश्रा ने बताया कि घटना की जानकारी मिलने पर उन्होंने पूर्व में भी सांसद की पीड़ित परिवार से वार्ता कराई थी। पीड़ित परिवार ने सांसद से मांग की कि मुख्य आरोपी समीर के अलावा घटना में शामिल अन्य लोगों की भी निष्पक्ष जांच कर उन्हें गिरफ्तार कर जेल भेजा जाए तथा सभी दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा दिलाई जाए। इस पर सांसद नीरज मौर्य ने कहा कि पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने के लिए हर संभव



प्रयास किया जाएगा। उन्होंने परिवार की कानूनी सहायता के लिए सक्षम अधिवक्ता उपलब्ध कराने का भी भरोसा दिया। जिला पंचायत सदस्य नीरज मिश्रा ने कहा कि घटना में शामिल सभी दोषियों को ऐसी कठोर सजा मिलनी चाहिए जो समाज के लिए नजीर बने। साथ ही पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता और परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी दिए जाने की मांग भी उठाई। सांसद ने कहा कि सरकार और प्रशासन का प्राथमिक उद्देश्य पीड़ित परिवार को न्याय और वास्तविक सहायता उपलब्ध कराना होना चाहिए, क्योंकि मृतक गौतम अपने परिवार का एकमात्र सहारा था। इस दौरान सांसद की पत्नी रश्मि मौर्य ने भी पीड़ित परिवार की महिलाओं से मुलाकात कर शोक संवेदना व्यक्त की तथा आर्थिक सहायता प्रदान की। मौके पर प्रधान दिलीप कुशवाहा, पूर्व प्रधान सुखवीर सिंह, सपा नेता सौरभ कुशवाहा, अमन पांडेय, ओमपाल कुशवाहा, पूर्व प्रधान लालाराम, अजय मौर्य, अनुज शुक्ला, राहुल अवस्थी, अभिषेक कुशवाहा, रवीश पाल, देवेन्द्र कुशवाहा, दरोगा सिंह सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।

# अनुमति के बिना सभा-जुलूस प्रदर्शन पर रहेगी रोकः डीएम

**दो अक्टूबर तक जिले में धारा 163 प्रभावी**

शाहजहांपुर। जिला मजिस्ट्रेट ने बताया कि आगामी पर्वों, त्योहारों एवं विभिन्न परीक्षाओं को दृष्टिगत रखते हुए शांति, कानून-व्यवस्था एवं साम्प्रदायिक सौहार्द बनाए रखने के उद्देश्य से भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के अंतर्गत प्रतिबंधात्मक आदेश 6 अगस्त से 2 अक्टूबर तक प्रभावी रहेंगे। उन्होंने बताया कि इस अवधि में श्रावण मास, स्वतंत्रता दिवस, ईद-उल-मिलाद बारावफात, रक्षाबंधन, जन्माष्टमी, सहित विभिन्न पर्वों तथा परीक्षाओं के मद्देनजर यह आदेश लागू किया गया है। आदेश के अनुसार सक्षम अधिकारी की



अनुमति के बिना सार्वजनिक स्थानों पर सभा, जुलूस, धरना-प्रदर्शन आयोजित नहीं किए जा सकेंगे तथा धार्मिक आयोजनों के लिए पूर्वानुमति एवं निर्धारित दिशा-निर्देशों का पालन अनिवार्य होगा। उन्होंने जनसामान्य से जारी प्रतिबंधात्मक आदेशों का पालन करते हुए शांति एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने में जिला प्रशासन का सहयोग करने की अपील की।

# प्राथमिक विद्यालय में बालिकाओं-महिलाओं को शिक्षा के प्रति किया जागरूक

समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।

मंगलवार को बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय विसरात में विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बालिकाओं एवं महिलाओं को शिक्षा के महत्व के बारे में जागरूक करना तथा विभाग द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ दिलाना रहा। जिला मिशन कोऑर्डिनेटर अमृता दीक्षित ने कहा कि समाज में बालिकाओं के प्रति सकारात्मक सोच विकसित करना और उन्हें उच्च शिक्षा के लिए प्रोत्साहित करना ही इस योजना का मूल उद्देश्य है। कार्यक्रम में महिला कल्याण विभाग द्वारा बालिकाओं और महिलाओं को



विभागीय योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। अमृता दीक्षित ने बताया कि शिक्षा ही बालिकाओं को सशक्त, आत्मनिर्भर और सुरक्षित बना सकती है। उन्होंने अभिभावकों से अपील की कि वे बेटियों की पढ़ाई बीच में न रुकवाएं और सरकारी योजनाओं का पूरा लाभ उठाएं। अभिषेक कुमार लेखा सहायक द्वारा, 112, 1098, 108, 1090, 1076 के विषय में विस्तार से जानकारी दी गई। महिला कल्याण विभाग कार्यालय, कलेक्ट्रेट शाहजहांपुर या हेल्पलाइन 181 पर संपर्क कर सकते हैं। कार्यक्रम में जिला मिशन कोऑर्डिनेटर अमृता दीक्षित, लेखा सहायक अभिषेक कुमार, अध्यापिका, आदि स्टाफ मौजूद रहा।

# शादी का झांसा देकर दुष्कर्म के आरोपी को पुलिस ने दबोचा

खुदागंज, शाहजहांपुर। पुलिस ने शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने के आरोप में वांछित एक युवक को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया है। आरोपी को मुखबिर की सूचना पर महादेव मंदिर के पास से पकड़ा गया। पुलिस के अनुसार ग्राम कुरगांव निवासी एक महिला की तहरीर पर आरोप लगाया गया था कि गांव के ही अंकित मौर्य ने शादी का झांसा देकर उसके साथ दुष्कर्म किया। शिकायत करने पर आरोपी के पिता सत्यपाल मौर्य द्वारा जान से मारने की धमकी देने का भी आरोप लगाया गया। तहरीर के आधार पर दोनों आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया। मुकदमा दर्ज होने के बाद पुलिस टीम आरोपियों की तलाश में जुटी थी। बुधवार को मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने




अंकित मौर्य पुत्र सत्यपाल मौर्य निवासी ग्राम कुरगांव को महादेव मंदिर के पास से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध आवश्यक विधिक कार्रवाई करते हुए उसे न्यायालय में पेश किया। गिरफ्तारी करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार मौर्य, आरक्षी हरेंद्र सिंह, अंकुर कुमार तथा महिला आरक्षी कंचन शामिल रहीं।

**पेंशन घोटाला**

## 600 खाताधारकों को रिकवरी नोटिस जारी दफ्तर में दौड़े लोग

शाहजहांपुर। समाज कल्याण विभाग की ओर से एलडीएम की अनुमति से बैंकों के माध्यम से लगभग 600 खाताधारकों को वृध्दावस्था पेंशन की धनराशि रिकवरी का नोटिस भेजा गया है। जिसके बाद जिनके खातों में गलत तरीके से पेंशन भेजी गई थी, वह सीधे विकास भवन स्थित समाज कल्याण दफ्तर में दौड़े है। क्योंकि नोटिस में स्पष्ट किया गया है कि आपके खाते में गलत तरीके से जो पेंशन डाली गई थी, उसको सात दिन के अंदर वापस कर दे, अन्यथा विभाग द्वारा कार्यवाही की जाएगी। दफ्तर में सुबह से शाम तक लोग आकर अपना पक्ष भी रख रहे हैं, कि उनको पता नहीं चला कि कब यह खेल उनके साथ हो गया है।

**2023 में 2390 बुजुर्गों की वृध्दावस्था पेंशन पर पड़ा था डाका**

वही बहुत से नोटिस के लिफाफे भी समाज कल्याण विभाग में वापस आ रहे हैं। जिसमें पता चला रहा है कि जो पता बैंक में खाता खुलवाने के दौरान आवेदक ने दिए थे। वह भी फर्जी था, इससे यह स्पष्ट है कि समाज कल्याण विभाग में जब बुजुर्गों की पेंशन पर डाका डाला गया, वह पूरे तरह एक बड़े सरगना का मास्टरमाइंड दिमाग था। नोटिस के बाद बहुत से लोग पेंशन वापस लौटने की भी बात कर रहे हैं। बता दें कि जनपद में वर्ष 2023 में समाज कल्याण विभाग के तत्कालीन जिला समाज कल्याण अधिकारी राजेश कुमार द्वारा 2390 बुजुर्गों की वृद्धावस्था पेंशन के असली खाते बदलकर करीब 2 करोड़ 52 लाख रुपये का गबन किया था। जिसमें बड़ी कार्यवाही की गई थी, मास्टरमाइंड पूर्व अधिकारी को बर्खास्त कर जेल भेजा गया तथा फरवरी 2026 में प्रशासन ने उसकी 4.49 करोड़ रुपये की संपत्ति कुर्क की गई थी।

## पुवायां के अर्शप्रीत ने ताइक्कांडो में जीता गोल्ड मेडल

पुवायां,शाहजहांपुर। नगर के मोहल्ला रामनगर निवासी सुखप्रीत सिंह के पुत्र अर्शप्रीत सिंह ने लखनऊ में आयोजित स्टेट स्तर ताइक्कांडो नॉकआउट चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक (गोल्ड मेडल) जीतकर अपने परिवार तथा नगर का नाम रोशन किया है।दस वर्षीय अर्शप्रीत सिंह पिछले एक वर्ष से ताइक्कांडो का नियमित प्रशिक्षण ले रहे हैं। उनकी मेहनत और लगन का परिणाम है कि उन्होंने कम समय में लगातार उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की हैं। इससे पूर्व अर्शप्रीत ने अलीगढ़ में आयोजित जिला स्तरीय ताइक्कांडो चैंपियनशिप में कांस्य पदक (ब्रॉन्ज मेडल) तथा हल्द्वानी में आयोजित स्टेट लेवल प्रतियोगिता में रजत पदक (सिल्वर मेडल) अपने नाम किया था। अब लखनऊ में गोल्ड मेडल जीतकर उन्होंने सफलता की नई मिसाल कायम की है। इस उपलब्धि पर परिवार में खुशी का माहौल है। परिजनों, शुभचिंतकों तथा नगरवासियों ने उन्हें उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं देते हुए उनके निरंतर उत्कृष्ट प्रदर्शन की कामना की है।



# बाइक सवार दो तस्करों से पौन किलो अफीम बरामद

**पुलिस ने हाईवे किनारे पेट्रोल पम्प के पास दबोचा**

समृद्धि न्यूज, तिलहर-शाहजहांपुर।

मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम ने दो तस्करों को हाइवे स्थित एक पेट्रोल पम्प के समीप से धर दबोचा । जिनके कब्जे से पौन किलो अफीम बरामद होने पर एनडीपीएस एक्ट के तहत रिपोर्ट दर्ज की गई है। मंगलवार रात करीब आठ बजे एसआई गौरव कुमार , एसआई गौरव शर्मा, हेड कांस्टेबिल अशोक कुमार व कांस्टेबिल जॉनी कुमार वहां चेकिंग गस्त पर निकले थे । इसी दौरान सरऊ पुलिया के समीप पहुंचे। इसी दौरान मुखबिर से तस्करों की सूचना मिलने



पर गांव धनेली पलटू के समीप स्थित पेट्रोल पम्प के पास से बाइक सवार दो लोगों को घेर लिया। इस दौरान एक युवक भाग खड़ा हुआ। जिसे पुलिस ने पीछा कर नहर किनारे बड़ी मजार के पास धर दबोचा। तलाशी में तस्करों के कब्जे से पौन किलो अफीम बरामद होने पर उन्हें कोतवाली लाकर एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया। कोतवाल प्रिंस शर्मा ने बताया कि पकड़े गए तस्कर कटरा के मोहल्ला इस्लाम नगर निवासी अनवर पुत्र अब्दुल हसन व जीशान पुत्र शरीफ हैं। जिनके कब्जे से 751 ग्राम अफीम बरामद हुई है । जिन्हें कोर्ट में पेश किया जा रहा है।

# दिल्ली से चोरी हुई बाइक पुवायां में बरामद, शातिर चोर गिरफ्तार

पुवायां, शाहजहांपुर। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर बड़ागांव बाईपास तिराहे के पास से एक शातिर आरोपी को दिल्ली से चोरी हुई हीरो स्प्लेंडर मोटरसाइकिल के साथ गिरफ्तार किया। पुलिस ने बताया है कि पकड़ी गई बाइक की जांच करने पर पता चला कि यह बाइक दिल्ली के मयूर बिहार फेज-1 क्षेत्र से तीन अगस्त 2026 को चोरी हुई थी। जिसका आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज है। बाइक स्वामी अंकित से फोन पर संपर्क कर बाइक की पुष्टि की गई, जिसके बाद स्पष्ट हुआ कि बरामद बाइक उसकी ही है। पकड़े गए आरोपी ने अपना नाम बिन्दु पुत्र गोकरन निवासी भदार थाना



बीसलपुर जनपद पीलीभीत हाल निवासी थाना पुवायां के गांव बगडेर के रूप में हुई है। पुलिस ने उसके खिलाफ कानूनी करवाई करते हुए न्यायालय में पेश किया है। पुलिस जांच में आरोपी का आपराधिक इतिहास भी सामने आया है। उसके खिलाफ हत्या के प्रयास, लूट और आर्म्स एक्ट समेत कई गंभीर धाराओं में मुकदमे दर्ज हैं।

# एसडीएम से वार्ता न हो पाने पर भाकियू का धरना अगले दिन तक स्थगित

समृद्धि न्यूज, तिलहर-शाहजहांपुर।

भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) के बैनर तले किसानों की विभिन्न लंबित एवं वर्तमान समस्याओं को लेकर तहसील परिसर में प्रदर्शन किया गया । एसडीएम से वार्ता न हो पाने पर अगले दिन तक के लिए धरना स्थगित कर दिया गया। बुधवार को सुबह दस बजे सैकड़ों किसान झंडों एवं डंडों के साथ तहसील परिसर पहुँचे और मंदिर स्थल पर शांतिपूर्ण ढंग से धरना शुरू किया। धरना स्थल पर प्रशासन की ओर से किसान नेताओं से वार्ता का प्रयास किया गया । लेकिन किसान एसडीएम से ही वार्ता किए जाने पर अड़े रहे ।

तहसीलदार ने धरना स्थल पर पहुँचकर किसानों की समस्याओं को सुना तथा एसडीएम की ओर से सभी मुद्दों पर विस्तृत वार्ता कर समाधान की दिशा में चर्चा करने का अनुरोध किया। जिस पर संगठन ने सभी लंबित एवं वर्तमान समस्याओं पर अगले




दिन तक के लिए धरना स्थगित कर दिया। इस दौरान तहसील अध्यक्ष गेंदन लाल वर्मा, मंडल सचिव हरिओम यादव, वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष दिनेश चंद्र सक्सेना, राजपाल यादव, जिला उपाध्यक्ष फिरासत खां, रविन्द्र सिंह, रेनू कश्यप, प्रेमवती, महेश वर्मा,वीरपाल वर्मा, रमेश यादव, शब्बू, राघिव, विनोद गंगवार, पूसे लाल वर्मा, गुड्डू, प्रेमपाल गंगवार आदि मौजूद रहे।

## लायंस क्लब शक्ति ने अवंतीबाई पार्क में लगाया 50 पौधों का हरित कवर

शाहजहांपुर। पर्यावरण संरक्षण और हरियाली को बढ़ावा देने के उद्देश्य से लायंस क्लब शक्ति शाहजहांपुर द्वारा अवंतीबाई पार्क चिन्नौर में एक वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। क्लब अध्यक्ष लायन ललिता यादव, सचिव लायन प्रियंका बियानी और कोषाध्यक्ष लायन शुभांगी गुप्ता के नेतृत्व में क्लब सदस्यों ने पार्क परिसर में आम, सहजन, इमली, अमरूद, आंवला और पीपल सहित 50 पौधे लगाए। लायन ललिता यादव ने कहा कि पेड़ ही जीवन हैं। चिन्नौर क्षेत्र में गणेशपुरम कॉलोनी और चिन्नौर गांव की बड़ी आबादी रहती है। पार्क में लगाए गए फलदार और छायादार पौधे आने वाले समय में यहां के लोगों को शुद्ध हवा और फल दोनों देंगे। सचिव लायन प्रियंका बियानी ने बताया कि लायंस क्लब शक्ति नियमित रूप से पर्यावरण गतिविधियां करता रहता है। हमारा लक्ष्य शाहजहांपुर को हरा-भरा और स्वच्छ बनाना है। कोषाध्यक्ष लायन शुभांगी गुप्ता ने सभी से अपील की कि वे सिर्फ पौधे न लगाएं बल्कि उनकी देखभाल भी करें। क्लब सदस्यों ने स्थानीय लोगों को भी पौधारोपण और पर्यावरण बचाने के प्रति जागरूक किया। लायंस इंटरनेशनल के अंतर्गत आने वाले इस क्लब की इस पहल की स्थानीय लोगों ने सराहना की।



# राहतः मिर्जापुर क्षेत्र में गंगा का जलस्तर घटा

- बाढ़ग्रस्त गांवों के बाशिंदों की दुश्वारियां नहीं हुई कम

**समृद्धि न्यूज़, मिर्जापुर (शाहजहांपुर)।**

गंगा का जलस्तर घटने से जलमग्न गांवों में भरा बाढ़ का पानी धीरे धीरे कम होने लगा है। किंतु जलभराव से ग्रामीणों की दुश्वारियां कम नहीं हो रहीं हैं। बाढ़ग्रस्त गांव बिजली की कटौती और केरोसिन के अभाव में दिन छिपते ही अंधेरे में डूब जाते हैं। जिससे बरसात के मौसम में ग्रामीणों को सांप बिच्छुओं से खतरा बना रहता है। बाढ़ से घिरे या जलमग्न हुए गांवों में बिजली की अघोषित कटौती ग्रामीणों के लिए सबसे बड़ी परेशानी है। केरोसिन की सप्लाई पूरी तरह बंद होने से बाढ़ से प्रभावित गांवों के बाशिंदे दिन छिपने से पहले ही भोजन करके सुरक्षित स्थानों पर पहुंच जाते हैं।



बाढ़ प्रभावित गांवों के बाशिंदों का कहना है कि वे लोग बरसात आने से पहले ही घरों में रोशनी और मोबाइल चार्ज करने के लिए सौर ऊर्जा की प्लेट बैटरी और टॉर्च का इंतजाम कर लेते हैं। बारिश के मौसम में धूप नहीं निकलने और सौर ऊर्जा की प्लेट्स भी बैटरी चार्ज नहीं करती है। तब उन्हें उन्हें अंधेरे में ही रात काटनी पड़ती है। बारिश और बाढ़ में सांप बिच्छुओं के आ जाने से जीवन पर संकट भी छा जाता है। यह बेजुबान भी बिलों में पानी भर जाने से सूखा ढूंढते हैं। जिससे कभी कभी सांप बिच्छू भी उनके घरों और बिस्तरों में आकर छिप जाते हैं। ऐसे में टार्च की रोशनी ही उनकी रक्षा करती है। ग्रामीणों का यह भी कहना है कि अभी तो बाढ़ की शुरुआत हुई है। आगे भी बाढ़ से खुद की रक्षा करना मुश्किल होगा। प्रशासनिक अधिकारी वहीं तक बाढ़ क्षेत्र का जायजा लेने जाते हैं,जहां तक उनके वाहन पहुंच जाते हैं। बाढ़ में किसी अधिकारी की जाने की हिम्मत नहीं होती। जिससे वे जब तक बाढ़ रौद्र रूप नहीं ले लेती,तबतक बाढ़ को नकारते रहते हैं। बाढ़ प्रभावित गांवों के बाशिंदों ने शासन प्रशासन से मांग की है कि बाढ़ में उनकी सुरक्षा के लिए गरीब ग्रामीणों को कम से कम एक एक टार्च ही मुहैया करवा दी जाए। जिससे उनके परिवार की सांप बिच्छुओं से सुरक्षा हो सके।

# हिस्ट्रीशीटर ने समधी को मारी गोली, मौत

**समृद्धि न्यूज़, सीतापुर।**

- बेटी की लव मैरिज से नाराज था आरोपी, भाई समेत पुलिस हिरासत में

इमलिया सुल्तानपुर थाना क्षेत्र के बेलामऊ खुर्द गांव में मंगलवार रात आपसी रंजिश के चलते हिस्ट्रीशीटर ने अपने समधी की गोली मारकर हत्या कर दी। वारदात के बाद पुलिस ने मुख्य आरोपी और उसके भाई को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। अन्य आरोपियों की तलाश में पुलिस टीम दबिश दे रही है।

जानकारी के मुताबिक बेलामऊ खुर्द निवासी विजय विक्रम (55) सफाईकर्मी थे। मंगलवार रात करीब 10:30 बजे वह बाइक से घर की ओर जा रहे थे। गांव के बाहर सड़क किनारे गन्ने के खेत के पास पहले से घात लगाए बैठे बदलू ने अपने भाई महेश व अन्य साथियों के साथ उन्हें रोक लिया। आरोप है कि रोकने के बाद तमंचे से विजय पर फायर कर दिया गया। गोली लगने से विजय विक्रम ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। घटना के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। गोली की आवाज सुनकर ग्रामीण और परिजन मौके पर पहुंचे तथा पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर साक्ष्य जुटाए और शव को पोस्टमार्टम को भेजा।

**बेटी की लव मैरिज से नाराजगी बनी वजहः** बताया जा रहा है कि आरोपी बदलू की बेटी मनोरमा का विजय विक्रम के बेटे अंग्रेज से प्रेम संबंध था। करीब छह महीने पहले दोनों ने घर से भागकर शादी कर ली थी और गांव से बाहर रह रहे थे। मनोरमा की इससे पहले शादी हो चुकी थी और उसने अपने पति से तलाक ले लिया था। इसके बाद दोनों के बीच संबंध और विवाह को लेकर बदलू नाराज चल रहा था। आरोप है कि इसी रंजिश के चलते बदलू ने विजय के घर आने-जाने पर नजर रखना शुरू कर दिया था। पुलिस के मुताबिक विजय की हत्या सुनियोजित तरीके से की गई और आरोपियों ने उसके आने-जाने के समय की जानकारी जुटाकर वारदात को अंजाम दिया।

**मुख्य आरोपी और भाई हिरासत में:** पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल के अनुसार मुख्य आरोपी बदलू और उसके भाई महेश को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। परिजनों की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। घटना में शामिल अन्य लोगों की भूमिका की भी जांच की जा रही है और उनकी गिरफ्तारी के लिए टीम लगाई गई है।

## खबरें एक नजर में

### हलवाई ट्रेड इंटरव्यूः शाही-कढ़ाई पनीर में अंतर न बता पाए आवेदक

**शाहजहांपुर।** उत्तर प्रदेश की विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना के तहत विभिन्न पारंपरिक ट्रेडों जैसे दर्जी, बढ़ई, नाई, लोहार आदि में 10 दिवसीय नि:शुल्क प्रशिक्षण को जिला उद्योग केंद्र पर इंटरव्यू चल रहे हैं। इसी क्रम में बुधवार को टाउनहॉल स्थित उद्योग केंद्र में उपायुक्त उद्योग संजय कुमार ने हलवाई ट्रेड के आवेदकों का साक्षात्कार लिया। इस दौरान कुछ आवदेकों से शाही-कढ़ाई पनीर में मसालों का अंतर पूछा गया तो वह बता न पाए, साथ ही कुछ लोगों से पूछा गया कि बेसन क्या रेट बाजार में चल रहा है, जिसका उत्तर संतोषजनक न आया। बता दें कि लगभग हलवाई ट्रेड के लिए 500 लोगों ने विश्वकर्मा योजना के अंतर्गत आवेदन किए थे। जिनका इंटरव्यू किया गया। उपायुक्त उद्योग ने बताया कि अब तक राजमिस्त्री 100, नाई 50, धोबी 150,मोची 50, लुहार 100 आवदेकों के इंटरव्यू हो चुके हैं। जबकि हलवाई 500, कुम्हार 50 एवं दर्जी के 2 हजार आवदेकों के साक्षात्कार चल रहे हैं।

### दुष्कर्म के दो बाल आरोपी भेजे गए बाल सुधार गृह

**तिलहर - शाहजहांपुर।** चर्चित बालिका सामूहिक रेप कांड मामले में बारह वर्षीय दो आरोपियों का सीएचसी से डीएनए टेस्ट के लिए सैम्पल सील किए जाने के बाद पुलिस ने कोर्ट में पेश किया । जहां से उन्हें बाल सुधार गृह भेज दिया गया है। बता दें कि कोतवाली क्षेत्र के एक गांव की 12 वर्षीय बालिका के साथ करीब एक सप्ताह पूर्व गांव बख्तियार पुर के पांच नाबालिग लड़कों द्वारा सामूहिक रेप का मामला दर्ज कराया गया था। जिसमें पुलिस ने तीन बाल अपचारियों के डीएनए टेस्ट के सैंपल सील कराए जाने के बाद कोर्ट के आदेश पर पहले ही बाल सुधार गृह भेज दिया था। अन्य दो आरोपी बालकों की उम्र की 12 वर्षीय होने की पुष्टि होने के बाद मंगलवार को उनके भी डीएनए टेस्ट कराए गए। जिन्हें बुधवार को कोर्ट में पेश किया गया जहां से उन्हें भी बाल सुधार ग्रह भेज दिया गया।

### संत रविदास जयंती पर निकाली कलश वंदन यात्रा



**लखीमपुर खीरी।** संत शिरोमणि श्री रविदास जी 650 वी जयंती पर, प्रमोद चौधरी के नेतृत्व में निकली कलश वंदन यात्रा गुलेरी पुरवा मंदिर से बाल्मिक मंदिर काली मंदिर एवं शिव मंदिर पवन सिंह पुरवा मंदिरों पर पहुंचकर संत शिरोमणि रविदास द्वारा समाज में किए गए समरसता संकल्प के बारे में आम जनता को बताया गया इस अवसर पर उपस्थित ग्रामीणों ने कलश वंदन यात्रा का जगह जगह पुष्प वर्षा पर स्वागत किया गया कलश यात्रा में अनिल तिवारी अजय अवस्थी रामनरेश सिंह पंकज सिंह गीतांशु सिंह अमर सिंह शहीद बड़ी संख्या में मौजूद रहे लोग।

### स्वतंत्रता दिवस कार्यक्रमों की तैयारी को लेकर बैठक कल

**सीतापुर।** स्वतंत्रता दिवस पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों के निर्धारण को लेकर जिलाधिकारी की अध्यक्षता में 7 अगस्त को शाम 4 बजे कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में बैठक होगी। बैठक में जिला स्तरीय अधिकारी, जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, पत्रकार एवं स्वयंसेवी संगठनों के पदाधिकारी शामिल होंगे। बैठक में 15 अगस्त के कार्यक्रमों की रूपरेखा तय की जाएगी।

### स्वामी प्रवक्तानंद ने संगठन महामंत्री धर्मपाल सिंह से की भेंट



**पीलीभीत।** उत्तर प्रदेश विधानसभा के मानसून सत्र की कार्यवाही में शामिल होने से पूर्व बरखेड़ा विधायक एवं महामंडलेश्वर स्वामी प्रवक्तानंद महाराज ने भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश संगठन महामंत्री धर्मपाल सिंह से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान उन्होंने उनका कुशलक्षेम जाना तथा आत्मीय संवाद किया। विधानसभा परिसर में हुई इस मुलाकात के दौरान स्वामी प्रवक्तानंद महाराज ने अन्य वरिष्ठ नेताओं एवं जनप्रतिनिधियों से भी भेंट कर उनका हालचाल जाना। मुलाकातें सौहार्दपूर्ण वातावरण में हुईं, जहां जनसेवा, संगठनात्मक समन्वय और प्रदेश के विकास से जुड़े विभिन्न विषयों पर चर्चा हुई। स्वामी प्रवक्तानंद महाराज ने कहा कि विधानसभा का मानसून सत्र जनहित के मुद्दों को प्रभावी ढंग से उठाने का महत्वपूर्ण मंच है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि सभी जनप्रतिनिधि जनता की अपेक्षाओं के अनुरूप प्रदेश के विकास और लोककल्याण से जुड़े विषयों पर सकारात्मक भूमिका निभाएंगे। इस अवसर पर उपस्थित नेताओं ने भी एक-दूसरे का अभिवादन करते हुए जनसेवा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई और प्रदेश की निरंतर उन्नति की कामना की।

# मजिस्ट्रियल जांच शुरू, 7 से 14 अगस्त तक दर्ज होंगे बयान

- डीएम के आदेश पर ज्वाइंट मजिस्ट्रेट/एसडीएम सदर को सौंपी गई जांच
- संबंधित पक्षों से मांगे गए साक्ष्य व अभिकथन

**समृद्धि न्यूज़, लखीमपुर खीरी।**

जिला मजिस्ट्रेट के आदेश पर थाना शारदानगर क्षेत्र के ग्राम मूलचन्द्रपुरवा निवासी शिवकुमार की इलाज के दौरान हुई मृत्यु के मामले में मजिस्ट्रियल जांच शुरू कर दी गई है। इस संबंध में ज्वाइंट मजिस्ट्रेट एवं उपजिलाधिकारी सदर को जांच अधिकारी नामित किया गया है।

जारी आदेश के अनुसार, 26 जुलाई 2026 को शिवकुमार को चालान के उपरांत बीएनएसएस की धारा 170/126/135 के अंतर्गत उपजिलाधिकारी सदर के समक्ष प्रस्तुत किए जाने के लिए पुलिस कर्मी व पीआरडी जवान लेकर जा रहे थे। इससे पूर्व प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पतरासी में उनका चिकित्सीय परीक्षण कराया गया था। बताया गया कि खम्भारखेड़ा चीनी मिल के पास रास्ते में उनकी तबीयत अचानक बिगड़ गई, जिसके बाद उन्हें जिला चिकित्सालय ओयल में भर्ती कराया गया, जहां उपचार के दौरान चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

मामले की निष्पक्ष एवं तथ्यपरक जांच के लिए ज्वाइंट मजिस्ट्रेट/उपजिलाधिकारी सदर ने समस्त संबंधित व्यक्तियों से अपील की है कि वे 7 अगस्त से 14 अगस्त 2026 के बीच किसी भी कार्यदिवस में दोपहर 12 बजे कलेक्ट्रेट स्थित उनके कार्यालय में उपस्थित होकर अपने साक्ष्य एवं अभिकथन प्रस्तुत कर सकते हैं।

## स्कूल में कटर गले में फंसा, एक घंटे तक नहीं मिली मदद

**लखीमपुर-खीरी।** बिजुआ ब्लॉक के प्राथमिक विद्यालय पड़रिया तुला में कक्षा के दौरान हड़कंप मच गया। सात वर्षीय छात्रा के गले में पेंसिल छीलने वाला कटर फंस गया। कटर फंसने से बच्ची को सांस लेने में दिक्कत होने लगी और वह तड़पने लगी। आरोप है कि घटना के बाद करीब एक घंटे तक स्कूल प्रशासन ने कोई ठोस कदम नहीं उठाया और न ही एंबुलेंस बुलाई गई।पीड़ित छात्रा के परिजनों का कहना है कि शिक्षकों ने प्राथमिक उपचार की भी व्यवस्था नहीं की। पहले घर पर सूचना भेजकर परिजनों को बुलाया गया और तड़प रही बच्ची को उनके हवाले कर दिया गया। परिजन आनन-फानन में बच्ची को अस्पताल लेकर पहुंचे। डॉक्टरों ने बताया कि गले में कटर फंसे होने के कारण बच्ची की हालत नाजुक बनी हुई है और उसका उपचार चल रहा है।घटना के बाद गांव में अभिभावकों में आक्रोश है। उनका कहना है कि स्कूल में बच्चों की सुरक्षा के कोई इंतजाम नहीं हैं और मामूली चोट पर भी तत्काल उपचार कराना शिक्षकों की जिम्मेदारी है। स्थानीय लोगों ने बीएसए और जिला प्रशासन से मामले की जांच कर दोषी शिक्षकों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की है। साथ ही सभी स्कूलों में प्राथमिक उपचार और आपातकालीन व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग उठाई है।


## भीरा में मगरमच्छ का आतंक, ग्रामीणों में दहशत



**लखीमपुर-खीरी।** बुधवार दोपहर भीरा वनरेंज के ग्राम पंचायत मंझोरा के मजरा कचनारा में एक मगरमच्छ अचानक सड़क पर आ गया। स्थानीय लोगों ने इसका वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। मगरमच्छ को देखकर क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई। वन विभाग को सूचना दी गई है। मगरमच्छ का खतरा लगातार स्थानीय लोगों में बना हुआ है।ग्रामीणों के अनुसार पिछले कई दिनों से यह मगरमच्छ कचनारा और दौलतपुर के बीच तालाबों, नदी किनारों और आबादी वाले क्षेत्रों में लगातार देखा जा रहा है। बारिश के कारण नहरों और नदियों का जलस्तर बढ़ने से मगरमच्छ बाहर निकलकर गांवों की ओर आ रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि इस मगरमच्छ ने अब तक कई कुत्तों और बेसहारा पशुओं का शिकार किया है। रफीक अहमद के कई कुत्ते भी इसका शिकार बन चुके हैं। आबादी के करीब मगरमच्छ की लगातार मौजूदगी से ग्रामीण भयभीत हैं, जिससे बच्चे और पशुपालक तालाबों तथा सुनसान रास्तों पर जाने से बच रहे हैं।वन विभाग की टीम ने मगरमच्छ को पकड़ने के कई प्रयास किए हैं, लेकिन गहरे पानी और कीचड़ का लाभ उठाकर वह हर बार भागने में सफल रहा है। स्थानीय निवासियों मनोज, दृगपाल और जवाहर ने बताया कि मगरमच्छ दिन में भी सड़क पर आ जाता है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि इसे जल्द रेस्क्यू नहीं किया गया तो कोई बड़ा हादसा हो सकता है। ग्रामीणों ने वन विभाग और जिला प्रशासन से मगरमच्छ को तुरंत पकड़कर सुरक्षित स्थान पर छोड़ने की मांग की है।

## मिड डे मील में अनियमितता पर प्रधानाध्यापक निलंबित

**सीतापुर।** महमूदाबाद विकासखंड के प्राथमिक विद्यालय छंगापुर में मिड डे मील की गुणवत्ता और व्यवस्था को लेकर सामने आई शिकायतों के मामले में बेसिक शिक्षा विभाग ने बड़ी कार्रवाई की है। जांच आख्या में मिड डे मील में सब्जी की गुणवत्ता खराब रहने, दूध का निर्धारित मात्रा में वितरण न किए जाने तथा बच्चों को व्यवस्थित बैठाकर भोजन न कराए जाने सहित कई कमियां पाए जाने की बात सामने आई है। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी गोरखनाथ पटेल द्वारा जारी निलंबन आदेश के अनुसार, जांच में प्रथम दृष्टया दोषी पाए जाने पर प्राथमिक विद्यालय छंगापुर की प्रधानाध्यापिका कल्पना वर्मा को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। आदेश में कहा गया है कि प्रधानाध्यापिका द्वारा अपने कार्य एवं दायित्वों का निर्वहन नियमानुसार न किए जाने तथा विभागीय आदेशों व निर्देशों की अवहेलना किए जाने के कारण कार्रवाई की गई है। निलंबन अवधि में प्रधानाध्यापिका को वित्तीय हस्तपुस्तिका के नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता देय होगा। साथ ही मामले की जांच खंड शिक्षा अधिकारी/जांच अधिकारी, बिसवां को सौंपी गई है। जांच अधिकारी को आरोपों की विस्तृत जांच कर साक्ष्यों सहित स्पष्ट एवं तथ्यात्मक जांच आख्या एक माह के भीतर प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं। मामले में मिड डे मील की गुणवत्ता, खाद्यान्न के वितरण और विद्यालय में सरकारी व्यवस्था के अनुपालन को लेकर उठे सवालों के बाद कार्रवाई से हड़कंप मचा है।



## जिला स्तरीय जिमनास्टिक चयन प्रतियोगिता संपन्न

**पीलीभीत।** इकरा पब्लिक गर्ल्स इंटर कॉलेज में बुधवार को जनपद स्तरीय जिमनास्टिक चयन प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया।

प्रतियोगिता में जिले के विभिन्न विद्यालयों के प्रतिभाशाली खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए अपनी खेल प्रतिभा, अनुशासन और शानदार कौशल का प्रदर्शन किया।

कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्रधानाचार्य अखलाक हसन खान ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर एवं उनका उत्साहवर्धन करते हुए किया। उन्होंने खिलाड़ियों से खेल भावना के साथ उत्कृष्ट प्रदर्शन करने और जिले का नाम रोशन करने का आह्वान किया। प्रतियोगिता का संचालन एवं खिलाड़ियों का चयन राष्ट्रीय खिलाड़ी एवं जिमनास्टिक प्रशिक्षक हरि किशोर ने किया। उन्होंने सभी प्रतिभागियों के प्रदर्शन का सूक्ष्म मूल्यांकन करते हुए बदायूं मंडल स्तरीय प्रतियोगिता के लिए योग्य खिलाड़ियों का चयन किया। साथ ही खिलाड़ियों को नियमित अभ्यास, अनुशासन और समर्पण के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। प्रतियोगिता के दौरान खिलाड़ियों ने जिमनास्टिक के विभिन्न कौशलों का आकर्षक प्रदर्शन कर उपस्थित अतिथियों, शिक्षकों और दर्शकों की खूब वाहवाही बटोरी।


# कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी सिन्धौली शाहजहाँपुर

पत्रांक सी-6234/लेखा/क्षे0पं0/2026-27 दिनांक- 05.08.2026

## अल्पकालीन निविदा सूचना

क्षेत्र पंचायत-सिन्धौली के अन्तर्गत केन्द्रीय वित्त (टाईड/अन्टाईड फण्ड) एवं पंचम राज्य वित्त के अन्तर्गत स्वीकृत कार्यों को कराये जाने हेतु समस्त पंजीकृत ठेकेदारों से मोहरबन्द निविदाये दिनांक 21.08.2026 को अपरान्ह 3.00 बजे तक आमन्त्रित की जाती हैं। इच्छुक ठेकेदार अपनी निविदा विकास खण्ड पर रखे टेन्डर बाक्स में डाल सकते हैं व पंजीकृत डाक से भी अपनी निविदा उक्त दिनांक व समय तक प्रेषित कर सकते हैं। जोकि दिनांक 25.08.2026 को अपरान्ह 01.00 बजे निविदादाताओं के समक्ष (जो उपस्थित होना चाहते हैं) खोली जायेगी। इच्छुक पंजीकृत निविदादाता जोकि आयकर, वाणिज्य कर विभाग में पंजीकृत हो निविदा प्रकाशित होने के उपरान्त किसी भी कार्य दिवस में दिनांक 20.08.2026 पूर्वान्ह 11.00 बजे तक विकास खण्ड कार्यालय सिन्धौली से निविदा फार्म शुल्क रू0 500.00 (पॉच सौ) मात्र नकद जमा कर प्राप्त कर सकते हैं। निर्धारित दिनांक व समय के उपरान्त प्राप्त होने वाली निविदा स्वतः निरस्त मानी जायेगी। निविदा से सम्बन्धित नियम व शर्ते विकास खण्ड पर निविदा प्रकाशन के उपरान्त किसी भी कार्य दिवस में देखी जा सकती हैं।

**निविदा हेतु कार्यों का विवरण**

| क्र. सं. | कार्य का नाम | योजना का नाम | काई की ईकाई | कार्य की अनुमानित लागत (लाख रू.में) | निविदा का मूल्य | धरोहर धनराशि 2 प्रतिशत | कार्य की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1. | ग्राम ककरौआ से मेन रोड तक खड़न्जा निर्माण | पंचम राज्य वित्त | 500 मी0 | 9.90 | 500 | 19800 | 03 माह |
| 2. | कटिया बुजुर्ग में रोड से बच्चूलाल के मकान तक इ.ला. व नाली निर्माण | पंचम राज्य वित्त | 150 मी0 | 8.36 | 500 | 16700 | 03 माह |
| 3. | करनैयापुर में मनरोड से होली स्थल तक इ.ला. व नाली निर्माण | पंचम राज्य वित्त | 179 मी0 | 9.97 | 500 | 20000 | 03 माह |
| 4. | कठपुरा में स्कूल से सिपाही श्रीकिशन के घर तक खड़न्जा निर्माण | पंचम राज्य वित्त | 500.00 | 9.90 | 500 | 19800 | 03 माह |
| 5. | ढकिया हमीद नगर में मेनरोड से कब्रिस्तान तक इ.ला. निर्माण | पंचम राज्य वित्त | 70 मी0 | 4.83 | 500 | 8000 | 03 माह |
| 6. | ककरौआ में मेनरोड से बरमबाबा तक खड़न्जा निर्माण | पंचम राज्य वित्त | 200 मी0 | 3.99 | 500 | 8000 | 03 माह |
| 7. | चककन्हऊ में मेनरोड से दाताराम के मकान तक इ0ला0 व नाली निर्माण | पंचम राज्य वित्त | 150 मी0 | 9.16 | 500 | 18500 | 03 माह |
| 8. | नगला लाहोरी में मेनरोडा से पंचायत भवन तक इ0ला0 निर्माण | पंचम राज्य वित्त | 195 मी0 | 9.90 | 500 | 19600 | 03 माह |
| 9. | रघुनाथपुर में प्रा.वि. के गेट से राघवेन्द्र के घर तक इ0ला0 व नाली निर्माण | पंचम राज्य वित्त | 55 मी0 | 3.16 | 500 | 6300 | 03 माह |
| 10. | आदमपुर में प्रा0वि0 से प्रकाश के मकान तक इ0ला0 व नाली निर्माण | पंचम राज्य वित्त | 150 मी0 | 8.39 | 500 | 16800 | 03 माह |
| 11. | डमरिया में देवी मन्दिर से कमलेश वर्मा के मकान तक इ0ला0 निर्माण | पंचम राज्य वित्त | 50 मी0 | 2.58 | 500 | 5200 | 03 माह |
| 12. | कठपुरा में गोकुल के मकान से ओमशिव के मकान तक इ0ला0 निर्माण | पंचम राज्य वित्त | 50 मी0 | 3.16 | 500 | 6400 | 03 माह |
| 13. | पसिंगपुर में मेनरोड से रामसरन के मकान तक खड़न्जा निर्माण | पंचम राज्य वित्त | 400 मी0 | 6.10 | 500 | 12200 | 03 माह |
| 14. | नगलाभोज में भजनदास के खेत से बग्गा सिंह के झाला तक खड़न्जा निर्माण | पंचम राज्य वित्त | 500 मी0 | 9.90 | 500 | 19800 | 03 माह |
| 15. | महाऊदुर्ग में मेनरोड से नन्दीशाला तक खड़न्जा निर्माण | पंचम राज्य वित्त | 500 मी0 | 9.90 | 500 | 19800 | 03 माह |
| 16. | कठपुरा में रिंकू के तिराहे से बड़ेलल्ला के मकान तक इ0ला0 निर्माण | पंचम राज्य वित्त | 75 मी0 | 3.97 | 500 | 8000 | 03 माह |
| 17. | नगला शाहजहों में बसन्त के घर से नन्हे के घर तक इ0ला0 कार्य | पंचम राज्य वित्त | 86 मी0 | 5.37 | 500 | 10800 | 03 माह |
| 18. | कुबेरपुर में बुधपाल के मकान से मान सिंह के मकान तक 30 ला0 व नाली निर्माण | पंचम राज्य वित्त | 150 मी0 | 9.36 | 500 | 18700 | 03 माह |
| 19. | ईंटरोड़ा में रोड से महेश के मकान तक इ0ला0 निर्माण | पंचम राज्य वित्त | 150 मी0 | 8.62 | 500 | 17200 | 03 माह |
| 20. | कठपुरा में जगदीश के मकान से मंगली के मकान तक इ0ला0 व नाली निर्माण | पंचम राज्य वित्त | 35 मी | 2.27 | 500 | 4500 | 03 माह |
| 21. | चन्दपई में मन्दिर के पास इ0ला0 निर्माण | पंचम राज्य वित्त | 18.50 मी0 | 0.99 | 500 | 2000 | 03 माह |
| 22. | रक्शा में सत्यपाल की चौपाल से संजीव के मकान तक इ0ला0 व नाली निर्माण | पंचम राज्य वित्त | 180 मी0 | 9.95 | 500 | 19900 | 03 माह |
| 23. | कटौल में मेनरोड से स्वामी विवेकानन्द बाल विद्या मन्दिर स्कूल तक इ0ला0 निर्माण | पंचम राज्य वित्त | 80 मी0 | 7.06 | 500 | 14200 | 03 माह |
| 24. | जल्लाबाद में इसरार के मकान से रामपाल के मकान तक इ0ला0 व नाली निर्माण | पंचम राज्य वित्त | 150 मी0 | 8.39 | 500 | 16800 | 03 माह |
| 25. | गनपतपुर में मेनरोड से कमलजीत के झाला तक अवशेष इ0ला0 निर्माण | पंचम राज्य वित्त | 45 मी0 | 3.90 | 500 | 8000 | 03 माह |
| 26. | पिपरिया प्रहलाद में रामौतार के मकान सक अनूप के मकान तक इ0ला0 व नाली निर्माण | पंचम राज्य वित्त | 80 मी0 | 4.63 | 500 | 9300 | 03 माह |

**मुख्य नियम व शर्ते-**

1. प्रत्येक निविदा के साथ 2 प्रतिशत धरोहर धनराशि को एफ.डी.आर./एन.एस.सी. के रूप में जो कि खण्ड विकास अधिकारी सिन्धौली-शाहजहाँपुर के पक्ष में बन्धक हो को संलग्न किया जाना अनिवार्य है।
2. जमानत धनराशि निविदा की 10 प्रतिशत होगी, जो कि निविदा स्वीकृति के उपरान्त धरोहर धनराशि 2 प्रतिशत को समायोजित करते हुये शेष 8 प्रतिशत को एफ.डी.आर./ एन.एस.सी. के रूप में खण्ड विकास अधिकारी सिन्धौली के पक्ष में बन्धक कराकर जमा करना होगा।
3. धरोहर धनराशि एवं जमानत धनराशि को नगद व चेक के रूप में कदापि स्वीकार नही किया जायेगा।
4. पंजीकृत ठेकेदारों द्वारा प्रेषित की जाने वाली निविदा ही स्वीकार की जायेगी।
5. किसी एक अथवा समस्त निविदाओं को बिना कारण बताये अस्वीकृत / निरस्त किये जाने का अधिकार क्षेत्र पंचायत सिन्धौली को होगा।
6. उपरोक्तानुसार निविदत्त कार्य उपलब्ध धनराशि के अनुसार ही कराये जायेंगे।
7. प्रकाशित निविदा के अनुसार निर्धारित समय सीमा के अन्तर्गत कार्य को स्वीकृत निविदादाता द्वारा पूर्ण कराना होगा। निर्धारित समय सीमा के अन्तर्गत कार्य आरम्भ/पूर्ण न कराये जाने पर सम्बन्धित निविदादाता को अपनी स्वीकृत निविदा का नवीनीकरण कराया जाना अनिवार्य होगा।

प्रशासक
क्षेत्र पंचायत, सिन्धौली

खण्ड विकास अधिकारी
सिन्धौली, शाहजहाँपुर


# अग्रवाल समाज ने चुना नया नेतृत्व, राजीव अग्रवाल के हाथों में सौंपी संगठन की बागडोर

- त्रैवार्षिक चुनाव में लोकतंत्र का उत्सव
- नई टीम पर समाज को विकास और एकजुटता की उम्मीद

**समृद्धि न्यूज़, पीलीभीत।**



शहर के अग्रवाल समाज की सबसे प्रमुख सामाजिक संस्था श्री अग्रवाल सभा (पंजी.) के वर्ष 2026 के त्रैवार्षिक चुनाव लोकतांत्रिक और उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुए। करीब तीन हजार मतदाताओं वाली संस्था में इस बार लगभग 56 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। मतगणना पूरी होने के बाद अध्यक्ष से लेकर कार्यकारिणी सदस्य तक सभी पदों के परिणाम घोषित किए गए, जिसके साथ ही सभा को नई कार्यकारिणी मिल गई। परिणाम आते ही समर्थकों ने विजयी प्रत्याशियों का फूल-मालाओं से स्वागत किया और मिठाइयां बांटकर खुशी का इजहार किया। अध्यक्ष पद पर हुए बहुकोणीय मुकाबले में राजीव अग्रवाल टीटी ने अपने प्रतिद्वंद्वियों को पीछे छोड़ते हुए जीत हासिल की। उन्हें 715 मत मिले और उन्होंने स्पष्ट बढ़त के साथ संगठन की कमान अपने हाथ में ली।

### कार्यकारिणी में इन 13 चेहरों को मिला समाज का भरोसा

कार्यकारिणी सदस्य पद के लिए हुए चुनाव में प्रिंस जिंदल सबसे अधिक 912 मत प्राप्त कर शीर्ष स्थान पर रहे। उनके अलावा रचित अग्रवाल (858), आलोक अग्रवाल (749), दीप अग्रवाल (748), त्रिलोक अग्रवाल (738), मुदित अग्रवाल (718), गौरव अग्रवाल (709), शिवम अग्रवाल (705), अंकित अग्रवाल (अग्रवाल ट्रांसपोर्ट) (692), सुलभ अग्रवाल (689), नीरज अग्रवाल (664), श्रीकांत अग्रवाल (663) तथा अश्वनी गोयल (574) को कार्यकारिणी सदस्य चुना गया। निर्वाचन प्रक्रिया पूरी होने के बाद सभी विजयी प्रत्याशियों को प्रमाण-पत्र सौंपे गए। चुनाव संपन्न होने के साथ ही सभा में नई कार्यकारिणी ने जिम्मेदारी संभालने की तैयारी शुरू कर दी है। समाज के वरिष्ठजनों का कहना है कि नई टीम शिक्षा, सामाजिक सेवा, संगठनात्मक मजबूती, युवाओं की भागीदारी और समाज के कल्याण से जुड़े कार्यों को नई दिशा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। नवनिर्वाचित अध्यक्ष राजीव अग्रवाल ने सभी मतदाताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह जीत किसी व्यक्ति की नहीं, बल्कि पूरे अग्रवाल समाज की एकजुटता, विश्वास और सहयोग का परिणाम है। उन्होंने कहा कि नई कार्यकारिणी सभी सदस्यों को साथ लेकर पारदर्शी कार्यप्रणाली अपनाएगी और समाज के हितों को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए संगठन को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने का प्रयास करेगी।


## सूचना

मैं VINITA DHAKED विनिता धाकड़, मेरे पति आर्मी नं0 JC-391491L, रैंक-NB SUB, DURGA PRASAD के सैन्य दस्तावेज में मेरी जन्म तिथि त्रुटिवश 01.10.1987 गलत अंकित हो गई है, जबकि वास्तविक सही जन्मतिथि 03.05.1992 है। आधार कार्ड के अनुसार इसी जन्मतिथि को सही माना जाये। मो. नं.- 9785803194

## हंगामे से कमजोर होते सदन

लोकतांत्रिक व्येवस्था में संसद और विधानसभाएं केवल कानून बनाने की संस्थाएं नहीं हैं, बल्कि वे जनभावनाओं की अभिव्यक्ति, सरकार की जवाबदेही तय करने और जनहित के मुद्दों पर गंभीर विमर्श के सर्वोच्च मंच हैं। इन सदनों की गरिमा इस बात से तय होती है कि वहां तर्क, तथ्य और मर्यादा के साथ चर्चा हो। दुर्भाग्य से हाल के दिनों में देश की संसद से लेकर उत्तर प्रदेश विधानसभा तक बहस की जगह हंगामा, नारेबाजी और गतिरोध का माहौल अधिक दिखाई दे रहा है। यह लोकतंत्र की सेहत के लिए शुभ संकेत नहीं है।

संसद के हालिया सत्र में कई महत्वपूर्ण विधेयक पेश और पारित हुए, लेकिन अनेक विधेयकों पर अपेक्षित चर्चा नहीं हो सकी। विपक्ष लगातार विभिन्न मुद्दों पर सदन की कार्यवाही बाधित करता रहा, जबकि सरकार ने अपने विधायी कार्य को आगे बढ़ाया। परिणाम यह हुआ कि जनता यह जानने से वंचित रह गई कि जिन कानूनों को पारित किया जा रहा है, उनके पक्ष और विपक्ष में क्या तर्क हैं। लोकतंत्र में कानून बनाना जितना आवश्यक है, उससे कहीं अधिक जरूरी उन पर व्यापक और सार्थक चर्चा होना है।

इसी तरह उत्तर प्रदेश विधानसभा के मानसून सत्र में भी लगातार हंगामे का दृश्य देखने को मिला। सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच तीखी नोकझोंक तथा बार-बार कार्यवाही बाधित होने से सदन की गरिमा प्रभावित हुई। स्थिति इतनी गंभीर हो गई कि विधानसभा अध्यक्ष को सार्वजनिक रूप से अपनी पीड़ा व्यक्त करनी पड़ी। उन्होंने यहां तक कहा कि उन्हें इस बात पर विचार करना पड़ेगा कि क्या वे विधानसभा अध्यक्ष पद के योग्य हैं। किसी संवैधानिक पद पर बैठे व्यक्ति की ओर से इस प्रकार की टिप्पणी सामान्य नहीं मानी जा सकती। यह इस बात का संकेत है कि सदन की कार्यवाही जिस दिशा में जा रही है, वह स्वयं अध्यक्ष के लिए भी चिंता का विषय बन चुकी है। विधानसभा अध्यक्ष का पद निष्पक्षता और मर्यादा का प्रतीक माना जाता है। उनका दायित्व सत्ता पक्ष और विपक्ष, दोनों को समान अवसर देना तथा सदन की कार्यवाही को सुचारु रूप से चलाना होता है। यदि अध्यक्ष को यह महसूस होने लगे कि उनकी अपीलों और निर्देशों का सम्मान नहीं हो रहा, तो यह केवल उनकी व्यक्तिगत पीड़ा नहीं, बल्कि लोकतांत्रिक संस्थाओं के सामने खड़ी गंभीर चुनौती है। संसद हो या विधानसभा, दोनों की गरिमा बनाए रखना सभी दलों और जनप्रतिनिधियों की साझा जिम्मेदारी है।

विपक्ष का दायित्व केवल विरोध करना नहीं, बल्कि सरकार से कठोर सवाल पूछना, नीतियों की समीक्षा करना और विधेयकों की कमियों को सामने लाना भी है। दूसरी ओर, सरकार की जिम्मेदारी केवल विधेयक पारित कराना नहीं, बल्कि विपक्ष को पर्याप्त अवसर देकर सार्थक चर्चा सुनिश्चित करना भी है। यदि विपक्ष केवल हंगामे तक सीमित रह जाए और सरकार केवल संख्या बल के आधार पर आगे बढ़े, तो लोकतांत्रिक प्रक्रिया का मूल उद्देश्य कमजोर पड़ जाता है। हाल के दिनों में राम मंदिर में चढ़ावे की कथित चोरी जैसे मुद्दों पर संसद में तीखा टकराव देखने को मिला।

किसी भी मामले में जवाबदेही तय करना और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई होना आवश्यक है, लेकिन ऐसे मुद्दों पर सदन में तथ्यपूर्ण बहस अधिक उपयोगी होती है। केवल नारेबाजी या इस्तीफे की मांग से न तो समस्या का समाधान निकलता है और न ही जनता को पूरी सच्चाई समझने का अवसर मिलता है। संसद और उत्तर प्रदेश विधानसभा की हालिया कार्यवाही यह संकेत देती है कि राजनीतिक दलों को अपनी संसदीय कार्यशैली पर गंभीरता से विचार करना होगा। लोकतंत्र में असहमति स्वाभाविक है, लेकिन असहमति का सबसे प्रभावी माध्यम तर्कपूर्ण बहस है, न कि लगातार गतिरोध। जनता अपने प्रतिनिधियों को इसलिए नहीं चुनती कि वे सदन की कार्यवाही ठप करें, बल्कि इसलिए चुनती है कि वे उसकी समस्याओं को मजबूती से उठाएं और उनके समाधान का रास्ता निकालें।

आज आवश्यकता इस बात की है कि संसद और विधानसभाएं फिर से संवाद, विमर्श और लोकतांत्रिक मर्यादा के केंद्र बनें। सत्ता पक्ष को विपक्ष के प्रश्नों का उत्तर देने में उदारता दिखानी चाहिए और विपक्ष को भी विरोध के लोकतांत्रिक अधिकार का प्रयोग इस प्रकार करना चाहिए कि सदन की कार्यवाही बाधित न हो। उत्तर प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष की पीड़ा और संसद में लगातार हो रहे गतिरोध को लोकतंत्र के लिए एक गंभीर चेतावनी के रूप में देखा जाना चाहिए। यदि समय रहते सभी राजनीतिक दल आत्ममंथन नहीं करते, तो संसदीय संस्थाओं के प्रति जनता का विश्वास कमजोर हो सकता है। लोकतंत्र की मजबूती हंगामे से नहीं, बल्कि विचारपूर्ण बहस, जवाबदेही और जनहित को सर्वोच्च प्राथमिकता देने से ही सुनिश्चित होगी।

### दो टूक




# प्रशांत की जीत अचानक नहीं


राधा रमण

प्रशांत किशोर ने पटना के बांकीपुर विधानसभा उप चुनाव में वह करिश्मा कर दिखाया, जिसकी बड़े-बड़े राजनीतिक पंडितों को उम्मीद नहीं थी। बांकीपुर का चुनाव परिणाम महज एक विधानसभा का चुनावी नतीजा नहीं माना जाना चाहिए। यह विधानसभा सीट भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष के इस्तीफे से खाली हुई वह सीट है, जिस पर नितिन नवीन और उनके स्वर्गीय पिता नवीन किशोर सिन्हा का पिछले 30 वर्षों से कब्जा था। प्रशांत किशोर ने महज 30 दिनों की मेहनत से बड़ा उलटफेर कर दिया।

यह सब अचानक नहीं हुआ। बेशक, इसके लिए प्रशांत किशोर को अपना सौ प्रतिशत देना पड़ा। सनद रहे कि पानी सौ डिग्री पर उबालने पर ही वाष्प बनता है। नौ महीने पहले बिहार विधानसभा के चुनाव में जनसुराज के 236 उम्मीदवारों की जमानत जब्त हो चुकी थी। महज दो उम्मीदवार ही अपनी जमानत बचा पाए थे। हालांकि तब भी जनसुराज को 3.4 फीसदी वोट जरूर मिले थे। किसी नयी-नवेली पार्टी के लिए यह कम नहीं है। राजनीति के जानकार भी यह समझ नहीं सके। उधर, जनसुराज की करारी हार से पक्ष-विपक्ष दोनों खुश थे। जनसुराज ने अपना कोर मुद्दा शिक्षा, चिकित्सा, रोजगार और पलायन को ही बनाया था। आज भी जनसुराज से जुड़े लोग उन्हीं मुद्दों की बात करते हैं।

बांकीपुर उपचुनाव में इस बार सबसे कम मतदान हुआ था। 3 लाख 79 हजार मतदाताओं वाले बांकीपुर में इस बार महज 1,30,246 लोगों ने ही अपने मताधिकार का प्रयोग किया था। इसमें से 64,151 मत अकेले प्रशांत को मिले। भाजपा उम्मीदवार नीरज सिन्हा को 44,827 और राजद की रेखा गुप्ता को 14,273 मत मिले। शेष बचे 22 उम्मीदवारों में से प्रगतिशील जनता पार्टी के मनोरंजन श्रीवास्तव को सबसे अधिक 973 तो निर्दलीय ब्रजेश पटेल को सबसे कम महज 70 वोट मिले। 646 मतदाताओं ने नोटा का बटन दबाया।



2025 के विधानसभा चुनाव में हार के बाद प्रशांत हताश होकर घर नहीं बैठे। वह पश्चिम चंपारण के भितिहरवा आश्रम पहुंचे, जहां से गांधीजी ने अंग्रेजों के खिलाफ नील की खेती करने वाले किसानों के लिए सत्याग्रह आंदोलन शुरू किया था। उन्होंने 24 घटे का मौन व्रत किया फिर कहा कि वह लोगों तक अपनी बात पहुंचाने के लिए बिहार में घर-घर तक जाएंगे। जनसुराज की लड़ाई किसी राजनीतिक दल से नहीं, बल्कि बिहार बदलने की है। बिहार में खुशहाली लाना ही उनका ध्येय है। उन्होंने अपने जीवन का 10 साल बिहार के विकास के लिए समर्पित करने का फैसला किया है। उन्होंने दिल्ली का अपना आवास छोड़कर अपने 20 वर्षों की अर्जित कमाई का 90 फीसदी जनसुराज को दान कर दिया। कहा, आगे भी वह जो कमाएंगे, उसका 90 फीसदी जनसुराज का होगा। उन्होंने लोगों से भी कम से कम 1000 रुपये जनसुराज को दान करने की अपील की।

बाद के दिनों में लोगों ने देखा कि चाहे पटना में जहानाबाद की नीट छात्रा की दुष्कर्म के बाद हत्या का मामला हो, पटना के ही बंटी यादव की हत्या अथवा आरा के बेलौटी गांव के भारत भूषण तिवारी की हिरासत में लेकर हत्या, प्रशांत किशोर हर जगह पहुंचे और पीड़ितों के आंसू पोंछे। पटना में पिछले माह छात्रों पर हुए बर्बर लाठीचार्ज के खिलाफ उन्होंने हुंकार भरी। जबकि बिहार के नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव चुनाव में राष्ट्रीय जनता दल की हार से इतने हताश हुए कि विधानसभा की बैठकों में भी कम ही जाते हैं। इसका सीधा लाभ बांकीपुर के उप चुनाव में प्रशांत किशोर को मिला। 2025 के विधानसभा चुनाव में जनसुराज के पास पेड वर्करों का भारी जमावड़ा था। इस बार बांकीपुर में प्रशांत ने समर्पित कार्यकर्ताओं को साथ लिया। इनमें अधिकांश युवा थे जो अपना भविष्य सुरक्षित करना चाहते थे। प्रशांत खुद मोहल्लावासियों के साथ देर रात तक बैठते थे। उन्होंने चुनाव में नीतीश कुमार की सक्रिय भागीदारी नहीं होने और भाजपा द्वारा नीतीश कुमार को दरकिनार करने का मुद्दा उठाया, जिसे लोगों ने काफी पसंद किया।

बिहार विधानसभा चुनाव में महज 25 सीटों पर सिमट जानेवाली राष्ट्रीय जनता दल (राजद) में बांकीपुर के परिणाम से घबराहट है। सांसद मीसा भारती प्रशांत किशोर को भाजपा का असली उम्मीदवार बता रही हैं, जबकि उनकी बहन रोहिणी आचार्य प्रशांत किशोर को जमीन से जुड़ा नेता बताते हुए तेजस्वी पर तंज कस रही हैं। 30 जुलाई को जीत का दावा करने वाले तेजस्वी अब हकलाये फिर रहे हैं। बिहार में पिछले 35 वर्षों से लालू यादव राजनीति के केंद्र में रहे हैं। राज्य में लालू समर्थन और लालू विरोध की सियासत होती रही है। यह अलग बात है कि बढ़ती उम्र और बिगड़ती सेहत के कारण कुछ वर्षों से लालू महज तमाशबीन बने हुए हैं। पार्टी का सारा काम तेजस्वी ने संभाल लिया है। यहां तक कि उमीदवारों का चयन भी अब टीम तेजस्वी ही कर रही है। राजद के सिमटते जन समर्थन का यह बड़ा कारण है। ऐसे में सफल चुनावी रणनीतिकार से राजनेता बने प्रशांत किशोर क्या बिहार की सियासत का नया केंद्र बनेंगे, समय बताएगा। दिल्ली और पंजाब में आम आदमी पार्टी तथा तमिलनाडु में टी जोसेफ विजय के अभ्युदय के बाद इस संभावना को नकारा नहीं जा सकता है।

**(यह लेखक के अपने विचार हैं।)**

# बांग्लादेश के बहाने हिंद-प्रशांत क्षेत्र में चीन का दमदार दखल

ओम पराशर

विश्व राजनीति का शक्ति संतुलन तेजी से हिंद-प्रशांत क्षेत्र की ओर स्थानांतरित हो रहा है। इस बदलते परिदृश्य में दक्षिण एशिया का सामरिक महत्व अभूतपूर्व रूप से बढ़ा है और इस परिवर्तन के केंद्र में बांग्लादेश उभरकर सामने आया है। कभी भारत की पूर्वी सीमा स्थित एक पड़ोसी देश के रूप में देखा जाने वाला बांग्लादेश आज हिंद-प्रशांत रणनीति, वैश्विक समुद्री व्यापार, क्षेत्रीय संपर्क और महाशक्तियों की प्रतिस्पर्धा का प्रमुख केंद्र बन चुका है।

पिछले एक दशक में चीन ने जिस गति से बांग्लादेश में आर्थिक, तकनीकी, औद्योगिक और सामरिक निवेश बढ़ाया है, उसने पूरे क्षेत्र की भू-राजनीतिक दिशा बदल दी है। यह केवल दो देशों के बीच बढ़ते आर्थिक संबंधों की कहानी नहीं बल्कि दक्षिण एशिया में प्रभाव, समुद्री सुरक्षा और भविष्य की शक्ति संरचना को लेकर चल रही रणनीतिक प्रतिस्पर्धा का महत्वपूर्ण अध्याय भी है।

चीन ने बांग्लादेश को अपनी बेल्ट एंड रोड पहल (बीआरआई) का महत्वपूर्ण भाग बनाया है। सड़क, पुल, रेलवे, बंदरगाह, बिजली संयंत्र, औद्योगिक पार्क और आर्थिक क्षेत्रों में अरबों डॉलर का निवेश कर उसने बांग्लादेश के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। आज चीन बांग्लादेश का सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदारों में से एक है। चीनी कंपनियां अवसंरचना निर्माण, ऊर्जा, दूरसंचार, डिजिटल तकनीक और रक्षा उत्पादन जैसे क्षेत्रों में सक्रिय हैं। चीन का उद्देश्य केवल व्यापार बढ़ाना नहीं बल्कि ऐसे दीर्घकालिक आर्थिक और रणनीतिक संबंध विकसित करना है, जो भविष्य में उसके क्षेत्रीय प्रभाव को मजबूत करें।

तारिक रहमान की चीन यात्राजून 2026 में प्रधानमंत्री तारिक रहमान की बीजिंग यात्रा ने स्पष्ट कर दिया कि नई सरकार चीन के साथ संबंधों को और व्यापक बनाना चाहती है। राष्ट्रपति शी जिनपिंग और प्रधानमंत्री ली च्यांग के साथ हुई बैठकों में कृत्रिम बुद्धिमत्ता, हरित ऊर्जा, स्वास्थ्य, शिक्षा, औद्योगिक आधुनिकीकरण, डिजिटल अर्थव्यवस्था और आधारभूत ढांचे सहित अनेक क्षेत्रों में समझौते हुए।सबसे महत्वपूर्ण घोषणा चीन-म्यांमार-बांग्लादेश आर्थिक गलियारे (सीएमबीसी) को आगे बढ़ाने की रही। यदि यह परियोजना पूरी होती है तो दक्षिण एशिया और दक्षिण-पूर्व एशिया के बीच व्यापार और संपर्क का नया मार्ग विकसित हो सकता है। बीजिंग यात्रा के दौरान तीस्ता नदी के व्यापक प्रबंधन और पुनर्स्थापन परियोजना पर चीन की रुचि विशेष रूप से चर्चा का विषय बनी। तीस्ता जल बंटवारा वर्षों से भारत और बांग्लादेश के बीच लंबित मुद्दा है। ऐसे में यदि चीन इस परियोजना में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है तो यह केवल एक विकास परियोजना नहीं रहेगी बल्कि भारत-बांग्लादेश संबंधों के सामरिक समीकरणों को भी प्रभावित कर सकती है। भारत के लिए यह चिंता इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि सीमा से जुड़े जल संसाधन भविष्य में राष्ट्रीय सुरक्षा और क्षेत्रीय कूटनीति का महत्वपूर्ण आधार बन सकते हैं।

बंगाल की खाड़ी : इक्कीसवीं सदी का नया रणनीतिक केंद्रबंगाल की खाड़ी आज केवल समुद्र नहीं बल्कि वैश्विक व्यापार, ऊर्जा सुरक्षा और समुद्री शक्ति संतुलन का केंद्र बन चुकी है। मलक्का जलडमरूमध्य से होकर गुजरने वाले व्यापारिक मार्गों का बड़ा हिस्सा बंगाल की खाड़ी से जुड़ा है। भारत के पूर्वी तट, अंडमान-निकोबार द्वीप समूह, पूर्वोत्तर राज्यों की संपर्क व्यवस्था तथा एक्ट ईस्ट नीति की सफलता इसी क्षेत्र पर निर्भर करती है। बांग्लादेश की भौगोलिक स्थिति उसे इस पूरे क्षेत्र का प्राकृतिक प्रवेश द्वार बनाती है। यही कारण है कि चीन, भारत, अमेरिका, जापान और अन्य प्रमुख शक्तियां यहां अपनी रणनीतिक उपस्थिति मजबूत करने में लगी हैं।

भारत के लिए वास्तविक चुनौतीचीन की बढ़ती मौजूदगी को केवल प्रतिस्पर्धा के रूप में देखना पर्याप्त नहीं होगा। भारत और बांग्लादेश के संबंध केवल भूगोल पर आधारित नहीं हैं। दोनों देशों के बीच साझा इतिहास, सांस्कृतिक विरासत, भाषा, सामाजिक संबंध और 1971 के मुक्ति संग्राम की स्मृतियां आज भी विश्वास की मजबूत नींव प्रदान करती हैं। पिछले वर्षों में बिजली व्यापार, सीमा पार रेलवे, अंतर्देशीय जलमार्ग, पेट्रोलियम पाइपलाइन, बंदरगाह उपयोग, डिजिटल संपर्क और ऊर्जा सहयोग ने दोनों देशों को पहले की तुलना में कहीं अधिक निकट ला दिया है। यही भारत की सबसे बड़ी सामरिक शक्ति है, जिसे कोई बाहरी देश आसानी से प्रतिस्थापित नहीं कर सकता। यदि भारत केवल चीन के निवेश का मुकाबला करने की नीति अपनाता है तो वह सीमित परिणाम ही प्राप्त कर पाएगा। लेकिन यदि वह विश्वसनीय, समयबद्ध और दीर्घकालिक विकास साझेदार की भूमिका निभाता है तो उसका प्रभाव स्वाभाविक रूप से मजबूत होगा। भारत को अवसंरचना परियोजनाओं को समय पर पूरा करना होगा, व्यापारिक बाधाओं को कम करना होगा, निवेश बढ़ाना होगा तथा सेमीकंडक्टर, डिजिटल तकनीक, हरित ऊर्जा, कृत्रिम बुद्धिमत्ता, रक्षा सहयोग और समुद्री सुरक्षा जैसे भविष्य के क्षेत्रों में बांग्लादेश के साथ साझेदारी का विस्तार करना होगा।

बांग्लादेश की विकास आकांक्षाएं पूरी तरह वैध हैं और उसके लिए विदेशी निवेश आवश्यक है। लेकिन उसे यह भी सुनिश्चित करना होगा कि आर्थिक सहयोग किसी प्रकार की रणनीतिक निर्भरता में न बदल जाए। श्रीलंका के हम्बनटोटा बंदरगाह, पाकिस्तान के कुछ बीआरआई परियोजनाओं तथा जाम्बिया जैसे देशों के अनुभव यह संकेत देते हैं कि बड़े विदेशी ऋण, अपारदर्शी वित्त पोषण और एक ही साझेदार पर अत्यधिक निर्भरता भविष्य में आर्थिक और सामरिक जोखिम पैदा कर सकती है। इसीलिए संतुलित विदेश नीति, पारदर्शी निवेश व्यवस्था और विविध अंतरराष्ट्रीय साझेदारियां बांग्लादेश के दीर्घकालिक हित में होंगी।

हिंद-प्रशांत क्षेत्र में स्थिरता केवल सैन्य शक्ति से नहीं आएगी। आर्थिक सहयोग, क्षेत्रीय संपर्क, समुद्री सुरक्षा, आपदा प्रबंधन, जलवायु परिवर्तन और ब्लू इकोनॉमी जैसे क्षेत्रों में भारत और बांग्लादेश की साझेदारी पूरे क्षेत्र के लिए नई संभावनाएं पैदा कर सकती है। यदि दोनों देश साझा हितों को प्राथमिकता देते हुए सहयोग को और गहरा करते हैं तो बंगाल की खाड़ी वैश्विक प्रतिस्पर्धा का मैदान बनने के बजाय क्षेत्रीय समृद्धि का केंद्र बन सकती है। गौर करने वाली यह है कि वैश्विक स्तर पर चीन अपना प्रभाव बढ़ाने की कोशिश में लगा है और समय-समय पर अमेरिका को प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से चुनौती भी देता है। ऐसे में चीन के लिये जरूरी है वह दक्षिण एशिया में अपने प्रभाव को और मजबूत करे। ताकि वैश्विक स्तर पर उसकी साख बढ़े।

**(यह लेखक के अपने विचार हैं।)**

### कोरस


संजय एम तराणेकर

## तीन तीर और तीन निशाने

तीन राज्य और तीन सीटों का आया हैं नतीजा,
किसी के चेहरे पे मुस्कान, आया हैं किसे मजा।
जनता ने फिर साफ़ कहा-यहीं हैं हमारी अदा,
लोकतंत्र की चौखट पे, झूठा ना करिए वादा।

कहीं कमल मुस्काया फिर से हाथ ने बाज़ी मारी,
कहीं नई उम्मीदों ने लिख दी, सत्ता की तैयारी।
कुर्सी का हर ताज यहाँ पे, जनता की है यहीं देन,
अहंकारियों के शीश झुकाती, ये मतपेटी की रैन।

तीन राज्य, तीन परिणाम, तीन दिशाओं के संदेश,
काम करेगा वही टिकेगा, ये लोकतंत्र का परिवेश।
नाम बड़ा, पद ऊँचा हो, फिर भी याद रहे यह बात,
जनता के विश्वास बिना, अधूरी रहती हर सौगात।

हार किसी की अंतिम नहीं, जीत भी नहीं स्थायी,
राजनीति की इस चौसर में, जनता सबसे न्यायी।
सेवा असल पहचान बने, न हो केवल शोर-शराबा,
जनमत की इस पावन धरा पर, विकास हो इरादा।

*(संदर्भ - मध्यप्रदेश, गुजरात व बिहार के उपचुनाव)*



# विचित्र विडम्बना : गांव का सब कुछ चाहिए, लेकिन गांव नहीं

डॉ. प्रियंका सौरभ

गांव की हर चीज़ चाहिए लेकिन गाँव नहीं। यह एक साधारण वाक्य नहीं बल्कि आधुनिक भारतीय समाज की बदलती मानसिकता का सटीक चित्रण है। हम गाँव के शुद्ध दूध की बात करते हैं, देसी घी की प्रशंसा करते हैं, जैविक अनाज खरीदने के लिए अधिक कीमत चुकाने को तैयार रहते हैं, गाँव के फलों और सब्जियों को स्वास्थ्य का आधार मानते हैं, गाँव की संस्कृति, लोकगीत, लोकनृत्य और पारंपरिक जीवन को अपनी पहचान बताते हैं लेकिन जब स्वयं गाँव में रहने की बात आती है तो अधिकांश लोग उससे दूरी बनाना चाहते हैं। यह विरोधाभास केवल जीवन शैली का नहीं बल्कि विकास की हमारी अवधारणा का भी प्रश्न है। भारत को सदियों से गाँवों का देश कहा जाता रहा है। आज भी देश की बड़ी आबादी ग्रामीण क्षेत्रों में निवास करती है। हमारी अर्थव्यवस्था की नींव कृषि पर टिकी है और कृषि गाँवों के बिना संभव नहीं। फिर भी विडंबना यह है कि गाँव का उत्पाद सम्मान पाता है लेकिन गाँव स्वयं उपेक्षा का शिकार है। हम गाँव से सबकुछ लेना चाहते हैं पर गाँव को वह सम्मान, सुविधाएँ और अवसर देने में पीछे रह जाते हैं जिनका वह अधिकारी है।

आज शहरों में ऑर्गेनिक का बड़ा बाज़ार है। गाँव का गेहूँ, बाजरा, सरसों का तेल, देसी दालें और ताज़ी सब्जियाँ ऊँचे दामों पर बिकती हैं। लोग गाँव के शहद, देसी गुड़ और मोटे अनाज को स्वास्थ्यवर्धक मानते हैं। लेकिन इन उत्पादों को पैदा करने वाले किसान का जीवन अक्सर संघर्षों से भरा रहता है। जिस किसान की मेहनत शहर के लोगों की थाली सजाती है, उसी किसान के बच्चे बेहतर शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए शहरों की ओर पलायन करने को विवश हैं। ग्रामीण जीवन की सबसे बड़ी पूँजी उसके सामाजिक संबंध रहे हैं। सुख-दु:ख में पूरा गाँव एक परिवार की तरह खड़ा होता था। विवाह, त्योहार, फसल कटाई या किसी संकट की घड़ी- हर अवसर सामूहिकता का प्रतीक होता था। आज शहरी जीवन में लोग इसी अपनत्व की तलाश करते हैं। बड़े-बड़े अपार्टमेंटों में रहने वाले लोग अपने पड़ोसी तक को नहीं जानते। दूसरी ओर गाँव की चौपाल, पीपल की छाँव और सामूहिक संवाद अब धीरे-धीरे स्मृतियों में बदलते जा रहे हैं। हम उस आत्मीयता की प्रशंसा तो करते हैं लेकिन उसे बचाने के लिए कुछ नहीं करते।

शिक्षा और रोजगार की तलाश ने गाँवों से युवाओं का पलायन तेज़ किया है। यह पलायन केवल आर्थिक नहीं, सांस्कृतिक भी है। पढ़ा-लिखा युवा शहर में बसना अपनी सफलता मानने लगा है। गाँव लौटना उसे पिछड़ेपन का प्रतीक लगता है। परिणामस्वरूप गाँवों में बुज़ुर्ग, महिलाएँ और बच्चे अधिक रह गए हैं जबकि युवाओं की ऊर्जा शहरों में खप रही है। यदि गाँवों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, आधुनिक स्वास्थ्य सेवाएँ, उद्योग और सम्मानजनक रोजगार उपलब्ध हों तो बड़ी संख्या में लोग अपने गाँव में ही रहना पसंद करेंगे। यह भी सच है कि गाँवों में अनेक चुनौतियाँ हैं। शिक्षा, स्वास्थ्य, परिवहन, इंटरनेट, पेयजल, स्वच्छता और रोजगार जैसी बुनियादी सुविधाओं की कमी आज भी कई क्षेत्रों में दिखाई देती है। सामाजिक कुरीतियाँ, जातिगत भेदभाव और रूढ़िवादिता जैसी समस्याएँ भी मौजूद हैं। इन कमियों को स्वीकार करना आवश्यक है, लेकिन समाधान गाँव से भागने में नहीं बल्कि गाँव को बेहतर बनाने में है। आज जब पूरी दुनिया पर्यावरण संकट से जूझ रही है, तब गाँव का महत्व और बढ़ जाता है। स्वच्छ हवा, खुले मैदान, पेड़-पौधे, जल स्रोत और प्रकृति के साथ संतुलित जीवन गाँव की पहचान हैं। शहरों में कृत्रिम पार्क बनाकर लोग प्रकृति का अनुभव करना चाहते हैं, जबकि गाँव में प्रकृति जीवन का स्वाभाविक हिस्सा है। यदि हमने गाँवों को बचाए बिना केवल शहरों का विस्तार किया, तो आने वाली पीढ़ियों को प्राकृतिक जीवन केवल पुस्तकों और चित्रों में देखने को मिलेगा। कोविड-19 महामारी ने भी हमें गाँव का महत्व समझाया। जब शहरों की आर्थिक गतिविधियाँ ठप हो गईं, तब लाखों लोग अपने गाँव लौटे। गाँव ने उन्हें आश्रय दिया, भोजन दिया और जीवन को फिर से संभालने का अवसर दिया। उस समय यह स्पष्ट हो गया कि गाँव केवल एक भौगोलिक इकाई नहीं बल्कि संकट के समय समाज की सबसे मजबूत सुरक्षा-



व्यवस्था भी है। आज आवश्यकता केवल ग्रामीण विकास योजनाएँ बनाने की नहीं बल्कि विकास की सोच बदलने की है। गाँव को शहर बनाने की नहीं बल्कि गाँव को उसकी विशेषताओं के साथ आधुनिक सुविधाओं से जोड़ने की आवश्यकता है। अच्छी सड़कें, गुणवत्तापूर्ण विद्यालय, डिजिटल कनेक्टिविटी, आधुनिक अस्पताल, कृषि आधारित उद्योग, कौशल विकास और स्थानीय रोजगार- ये सब गाँव के विकास की वास्तविक आधारशिला हैं। यदि अवसर गाँव में होंगे तो पलायन स्वत: कम होगा।

हमें अपनी शिक्षा व्यवस्था में भी गाँव के प्रति सम्मान का भाव विकसित करना होगा। बच्चों को यह समझाना होगा कि खेती केवल एक पेशा नहीं, बल्कि राष्ट्र की खाद्य सुरक्षा का आधार है। किसान केवल अन्नदाता नहीं, बल्कि पर्यावरण संरक्षक भी है। गाँव केवल रहने की जगह नहीं, बल्कि हमारी सभ्यता और संस्कृति का मूल स्रोत है। मीडिया और मनोरंजन जगत की भी इसमें बड़ी भूमिका है। अक्सर गाँव को या तो अत्यधिक पिछड़ा दिखाया जाता है या केवल रोमांटिक रूप में प्रस्तुत किया जाता है। वास्तविक गाँव इन दोनों छवियों से अलग है। वहाँ संघर्ष भी है, संभावनाएँ भी हैं; परंपरा भी है और परिवर्तन की आकांक्षा भी। संतुलित चित्रण ही समाज में सही दृष्टिकोण विकसित कर सकता है। सरकार, समाज और निजी क्षेत्र को मिलकर ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करना होगा। कृषि के साथ पशुपालन, मधुमक्खी पालन, मत्स्य पालन, कुटीर उद्योग, ग्रामीण पर्यटन और हस्तशिल्प को बढ़ावा देकर गाँवों को आत्मनिर्भर बनाया जा सकता है। डिजिटल तकनीक और ई-कॉमर्स के माध्यम से गाँव के उत्पाद सीधे उपभोक्ताओं तक पहुँच सकते हैं। इससे किसानों और ग्रामीण उद्यमियों की आय भी बढ़ेगी और गाँव में रोजगार के नए अवसर भी पैदा होंगे।

गाँव की पहचान केवल खेतों से नहीं बल्कि उसके संस्कारों से भी है। बड़ों का सम्मान, सामूहिकता, सहयोग, प्रकृति के प्रति संवेदनशीलता और सादगी- ये मूल्य आज भी गाँव की सबसे बड़ी ताकत हैं। आधुनिकता का अर्थ इन मूल्यों को छोड़ देना नहीं बल्कि इन्हें समय के अनुरूप आगे बढ़ाना है। यदि विकास की दौड़ में हम इन मूल्यों को खो देंगे तो आर्थिक समृद्धि भी हमें मानसिक संतोष नहीं दे पाएगी। समाज को यह स्वीकार करना होगा कि शहर और गाँव एक-दूसरे के प्रतिस्पर्धी नहीं बल्कि पूरक हैं। शहर उद्योग, शिक्षा और सेवाओं के केंद्र हैं, जबकि गाँव कृषि, संस्कृति और प्राकृतिक संसाधनों के आधार हैं। दोनों का संतुलित विकास ही राष्ट्र को सशक्त बना सकता है। केवल शहरों को विकसित करके और गाँवों की उपेक्षा करके समावेशी विकास का सपना पूरा नहीं हो सकता। आज समय आ गया है कि हम अपने भीतर झाँककर स्वयं से प्रश्न करें- क्या हम वास्तव में गाँव से प्रेम करते हैं या केवल गाँव की उपज और उसकी सुविधाओं से? यदि हमें गाँव का अन्न चाहिए, दूध चाहिए, हवा चाहिए, संस्कृति चाहिए, लोकगीत चाहिए, त्योहार चाहिए और अपनापन चाहिए तो हमें गाँव भी चाहिए। गाँव को केवल संसाधनों का स्रोत मानने की मानसिकता बदलनी होगी। गाँव जीवित रहेंगे तभी हमारी संस्कृति, हमारी कृषि और हमारी पहचान भी जीवित रहेगी। वास्तविक विकास तब होगा जब कोई युवा गाँव छोड़ने को मजबूर न हो बल्कि गाँव में रहकर सम्मानपूर्वक जीवन जीने के अवसर पाए। जब किसान का बेटा खेती करने में गर्व महसूस करे, जब गाँव की बेटी को अच्छी शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाएँ अपने ही क्षेत्र में उपलब्ध हों, जब गाँव की चौपाल पर आधुनिक तकनीक और पारंपरिक ज्ञान साथ-साथ बैठें, तब भारत वास्तव में आत्मनिर्भर और समृद्ध कहलाएगा। आइए, केवल गाँव की चीज़ों से प्रेम न करें बल्कि गाँव से भी प्रेम करें। क्योंकि गाँव बचेगा तो खेत बचेंगे, खेत बचेंगे तो अन्न बचेगा, अन्न बचेगा तो जीवन बचेगा और जीवन बचेगा तो हमारी सभ्यता भी सुरक्षित रहेगी। सच यही है- गाँव की हर चीज़ नहीं, गाँव भी चाहिए।

**(यह लेखिका के अपने विचार हैं।)**

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशक:** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी) समाचार से संबंधित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा। आरएनआई UPHIN/2013/55887
**पत्राचार एवं व्यवसायिक कार्यालय : 5/295, विपुल खण्ड-5, गोमती नगर, लखनऊ-226010, मो. 9305748833, 7985738649, 9451244788, 9554964672,**
**For News :** samradhinewslko@gmail.com/samradhinews@gmail.com **For Official :** chiefeditorsamriddhinews@gmail.com

# हर घर तिरंगा अभियान की तैयारियों को लेकर भाजपा की जिला कार्यशाला

▸ कार्यशाला में पधारे प्रदेश उपाध्यक्ष का हुआ स्वागत

**समृद्धि न्यूज़, हमीरपुर।**



भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं हमीरपुर प्रभारी देवेश कुमार के प्रथम आगमन पर कार्यकर्ताओं ने बेतवा पुल से लेकर भाजपा जिला कार्यालय तक पुष्पमालाओं से भव्य स्वागत किया। स्वागत समारोह के बाद ÷हर घर तिरंगा÷ अभियान की तैयारियों को लेकर जिला कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला को संबोधित करते हुए देवेश कुमार ने कहा कि 15 अगस्त से पहले प्रत्येक घर पर तिरंगा फहराना हम सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से अभियान को जन-जन तक पहुंचाने और हर घर तिरंगा लगाने के लिए पूरी निष्ठा से कार्य करने का आह्वान किया। कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष शकुंतला निषाद, प्रवासी नागेंद्र गुप्ता, जिला महामंत्री लक्ष्मी रतन साहू, नरेंद्र सिंह, जिला उपाध्यक्ष किशन व्यास, साधना सिंह, राठ चेयरमैन श्रीनिवास बुधौलिया, हमीरपुर चेयरमैन कुलदीप निषाद, कुरारा चेयरमैन आशारानी कबीर, ब्लॉक प्रमुख आशीष पालीवाल, लालाराम निषाद, जिला मीडिया प्रभारी अरविंद श्रीवास्तव, किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष सिद्धार्थ सिंह, जिला मंत्री उमेश सिंह, सत्तीदीन प्रजापति, सीमा वर्मा सहित जिला पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## लोडर ने ई-रिक्शा को मारी टक्कर, पांच घायल

**सुमेरपुर।** नेशनल हाईवे में नवीन गल्ला मंडी के समीप तेज रफ्तार लोडर ने ई रिक्शा में जोरदार टक्कर मार दी। इस घटना में ई रिक्शा सवार पांच छात्र छात्राएं घायल हो गई। सभी छात्र छात्राओं की इलाज के लिए कस्बे के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। इनमें तीन को सदर अस्पताल रेफर किया गया है। बुधवार को दोपहर करीब 1:30 बजे राजकीय महाविद्यालय कुछेछा से बीएड का पेपर देकर छात्र शिवम त्रिपाठी 25, गायत्री शुक्ला 27, सोनम 26, पूजा 25 ई रिक्शा चालक मुकेश कुमार के साथ वापस कस्बे में लौट रहे थे। हाईवे में नवीन गल्ला मंडी के सामने तेज रफ्तार लोडर ने ई रिक्शा में जोरदार टक्कर मार दी। इस घटना में ई रिक्शा सवार सभी लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी को उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भर्ती कराया गया। हालत गंभीर होने पर छात्रा गायत्री शुक्ला, सोनम, पूजा को सदर अस्पताल भेजा गया है।

# बुन्देलखण्ड विवि की भाषण प्रतियोगिता में सुमेरपुर की वैष्णवी त्रिपाठी ने हासिल किया प्रथम स्थान

▸ राज्यपाल के हाथों नकद व स्मृति चिह्न पाकर बढ़ाया मान

**समृद्धि न्यूज़, सुमेरपुर, हमीरपुर।**



कस्बा सुमेरपुर की होनहार बेटी वैष्णवी त्रिपाठी ने बुंदेलखंड विश्वविद्यालय झांसी में आयोजित दीक्षांत समारोह की भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पाकर कस्बा सहित जनपद का नाम रोशन किया है। महामहिम राज्यपाल की गरिमामयी उपस्थिति में दीक्षांत समारोह के अवसर पर राष्ट्रकवि मैथिलीशरण गुप्त पर आयोजित भाषण प्रतियोगिता में विधि स्नातक (रूक्क) तृतीय वर्ष की छात्रा वैष्णवी त्रिपाठी पुत्री संजय त्रिपाठी ने राष्ट्रकवि मैथिलीशरण गुप्त के साहित्य, राष्ट्रप्रेम और हिंदी साहित्य में उनके अप्रतिम योगदान पर ओजस्वी विचार व्यक्त कर निर्णायक मंडल एवं उपस्थित अतिथियों को मंत्रमुग्ध कर दिया। प्रतिभा के इस शानदार प्रदर्शन के लिए वैष्णवी को महामहिम राज्यपाल द्वारा 5 हजार की नकद पुरस्कार राशि और स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया। वैष्णवी की इस गौरवपूर्ण सफलता पर उनके परिवारजनों, गुरुजनों एवं स्थानीय गणमान्य लोगों ने उसे बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। लोगो का कहना है कि वैष्णवी ने अपनी कड़ी मेहनत और लगन से न केवल अपने परिवार बल्कि पूरे सुमेरपुर का सिर गर्व से ऊंचा किया है।

## खबरें एक नजर में

### झमाझम बारिश से किसानों को मिली राहत

**सुमेरपुर।** बुधवार को हुई झमाझम बारिश से किसानों ने राहत की सांस ली है। किसानों के अनुसार यह बारिश खरीफ की फसलों के लिये फिलहाल अमृत के समान है। इससे फसलों की ग्रोथ में बढ़ोतरी होगी। बुधवार को बदरा पूरे क्षेत्र में झूमकर बरसे। सुबह से शुरु हुआ बारिश का सिलसिला रुक रुककर दिन भर जारी रहा। सुबह से बारिश होने के कारण लोग घरों से बाहर नहीं निकल सके। बच्चों को स्कूल आदि जाने में मुश्किलों का सामना करना पड़ा। इस बारिश ने किसानों के चेहरों में मुस्कान ला दी है। धान के साथ अन्य खरीफ की फसलों को बारिश का सीधा लाभ प्राप्त होगा। यह बारिश फसलों के लिये अमृत के समान है। बारिश से किसान राहत महसूस कर रहे है। समाचार भेजे जाने तक बारिश का दौर जारी था और आसमान मे काले घने बादल डेरा जमाये हुये थे।

### महिला ने ससुर के खिलाफ पति को कुल्हाड़ी मारने की शिकायत की

**बिवांर(हमीरपुर)।** थाना क्षेत्र के छानी बुजुर्ग गांव की श्यामा पत्नी महेन्द्र कुशवाहा ने बिवांर थाना में अपने ससुर प्रेमनारायण के खिलाफ पति को पीटने की शिकायत की है। महिला ने बताया कि बीते मंगलवार रात लगभग साढ़े दस बजे उसके घर उसका ससुर आया और दरवाजा पीटने लगा व अकारण ही गालीगलौज करने लगा।बताया कि जैसे ही उसके पति ने दरवाजा खोला तो ससुर ने उसके पति (अपने पुत्र) के सिर पर कुल्हाड़ी मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। बताया कि उसने 112 नंबर फोन किया जिसपर पुलिस ने उसके पति को छानी सीएचसी में भर्ती करवाया, लेकिन हालत गंभीर होने की वजह से उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया, जहां उसका इलाज चल रहा है।महिला ने बताया कि वह अपने पति के साथ अलग घर में रहती है, लेकिन उसका ससुर पहले भी गालीगलौज व मारपीट कर चुका है। हलका इंचार्ज एसआई विकास यादव ने बताया कि आरोपी पिता के खिलाफ मारपीट की प्राथमिकी दर्ज की गई है।

### किशोरी से दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

**बांदा।** तीन दिन पहले बंधक बनाकर किशोरी के साथ दुराचार करने के आरोपी को बदौसा पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। अदालत में पेश करने के बाद न्यायिक अभिरक्षा में पुलिस ने उसे जेल भेज दिया। बता दें कि बदौसा कस्बा क्षेत्रांतर्गत तीन दिन पहले रविवार की रात कस्बे के एक मोहल्ला निवासी 12 वर्षीय किशोरी को बहला फुसला कर अपने घर ले गया। बंधक और डरा धमका कर आरोपी ने उसके साथ दुराचार किया। आरोपी के चंगुल से मुक्त होकर घर पहुंची किशोरी ने घटना की जानकारी परिजनों को दी। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर सुसंगत धाराओं में रिपोर्ट दर्ज करते हुए आरोपी की तलाश तेज कर दी। मंगलवार की रात थानाध्यक्ष राधाकृष्ण तिवारी ने अपने हमराहियों के साथ आरोपी अंकित रैकवार पुत्र फ्फुआ उर्फफक्कू को ढाबा के निकट गिरफ्तार कर लिया। थानाध्यक्ष ने बताया कि आरोपी भागने की फिराक में ढाबा के निकट हाइवे के किनारे वाहन के इंतजार में खड़ा था। अभियुक्त को न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। यहां से उसे जेल भेज दिया गया है।

### कटेरा निवासी जयशंकर झा संयुक्त सचिव, सचिवालय लखनऊ बने



**गुरसराय (झांसी)।** मऊरानीपुर तहसील के नगर पंचायत कटेरा निवासी हर चरण अध्यापक के पुत्र जयशंकर झा को संयुक्त सचिव, सचिवालय लखनऊ के पद पर नियुक्त होने की खबर से क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई। उनके इस महत्वपूर्ण दायित्व मिलने पर नगर एवं क्षेत्र के लोगों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए इसे क्षेत्र के लिए गौरव का विषय बताया। इस अवसर पर रामकुमार सिंह, अरुण चतुर्वेदी, सरजू शरण पाठक, अखिलेश तिवारी, संदीप श्रीवास्तव, सोम मिश्रा, हरिश्चंद नायक, अंकित सेंगर एवं आयुष त्रिपाठी सहित अनेक लोगों ने जयशंकर झा को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल एवं सफल कार्यकाल की कामना की।

### गरौठा विधायक ने विधानसभा में उठाया जर्जर सड़कों का मुद्दा



**झांसी।** गरौठा विधायक जवाहर लाल राजपूत ने विधानसभा के मानसून सत्र में क्षेत्र की जर्जर एवं खस्ताहाल सड़कों का मुद्दा प्रमुखता से उठाते हुए उनके शीघ्र पुनर्निर्माण, चौड़ीकरण, सुदृढ़ीकरण एवं मरम्मत की मांग की है। विधायक ने नियम-51 के अंतर्गत विधानसभा में सूचना देकर कहा कि क्षेत्र की कई सड़कें वर्षों से बदहाल स्थिति में हैं, जिससे आमजन, किसानों, विद्यार्थियों और व्यापारियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। विधायक ने सदन का ध्यान आकर्षित कराते हुए कहा कि प्रदेश में सड़कों के पुनर्निर्माण और चौड़ीकरण के कार्य चल रहे हैं, वहीं गरौठा विधानसभा क्षेत्र की कुछ महत्वपूर्ण सड़कें आज भी जर्जर हैं। इन मार्गों पर पैदल चलना तक मुश्किल हो गया है। मोटरसाइकिल, चारपहिया वाहन, बसों के संचालन में दिक्कतें आ रही हैं, वहीं एंबुलेंस, पुलिस और अन्य सरकारी वाहनों का आवागमन भी प्रभावित हो रहा है। गरौठा विधायक ने विधानसभा में ककरवई थाना से गरौठा मार्ग (लगभग 3 किमी), धनौरा-ठर्रो-प्रतापपुरा मार्ग, प्रतापपुरा-देवरी मार्ग, पनारी-झांसी-कानपुर हाईवे संपर्क मार्ग, समथर-पीपरी कला (जालौन) तक तथा अहरोरा-कुरेंठा-धनौरा-ककरवई मार्ग सहित छह जर्जर सड़कों के पुनर्निर्माण, चौड़ीकरण, सुदृढ़ीकरण एवं विशेष मरम्मत की मांग उठाई। इसके अलावा विधायक जवाहर लाल राजपूत ने विधानसभा में मोंठ-समथर-पंडोखर मार्ग का मुद्दा भी उठाया। उन्होंने इस मार्ग का तत्काल तकनीकी निरीक्षण कराकर आवश्यक मरम्मत, पुनर्निर्माण के लिए बजट स्वीकृत कर निर्माण कार्य शुरू कराने की मांग की। गरौठा विधायक ने बताया कि सड़क पर जगह-जगह बड़े-बड़े गड्ढे होने से आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं। यह मार्ग झांसी और मध्यप्रदेश को जोड़ने वाला महत्वपूर्ण संपर्क मार्ग है, जिस पर प्रतिदिन बड़ी संख्या में किसान, व्यापारी, विद्यार्थी और ग्रामीण आवागमन करते हैं।

## सर्पदंश से मासूम की मौत, दो की हालत बिगड़ी

**बांदा।** कमासिन थाना क्षेत्र के लोहरा गांव निवासी शशि (3) पुत्री सुनील पटेल मंगलवार की रात अपनी बड़ी बहन सारिका के साथ बेड़ पर सो रही थी। तभी सांप ने उसे डस लिया। जानकारी होने पर परिजनों ने उसे पीएचसी कमासिन में भर्ती कराया। उपचार के दौरान मासूम ने दम तोड़ दिया। उधर, शहर कोतवाली क्षेत्र के ज्योति नगर निवासी आरती (9) पुत्री रावेंद्र को बुधवार की सुबह सर्प ने डस लिया। परिजनों ने उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया। इसी तरह बबेरू कोतवाली क्षेत्र के बगेहटा गांव निवासी अंकित (18) पुत्र राजबहादुर को मंगलवार की शाम खेत से घर लौटते समय सर्प ने डस लिया। हालत बिगड़ने पर घरवालों ने उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया।

# झमाझम बारिश ने दिलाई उमस भरी गर्मी से राहत

▸ जल निकासी का इंतजाम न होने से जगह-जगह जलभराव

**समृद्धि न्यूज़, बांदा।**



सावन माह की पहली बरसात ने ही शहर की जलनिकासी की व्यवस्था की पोल खोल कर रख दी है। हालांकि पिछले महीने भी थोड़ी देर की बारिश से ही समूचा शहर तालाब में तब्दील हो गया था, लेकिन जलभराव की समस्या से निजात दिलाने के लिए किसी भी जिम्मेदार ने कदम नहीं बढ़ाए और एक बार फिर से शहर के लोगों को जलभराव की भीषण समस्या से दो चार होना पड़ा। कई मोहल्लों में तो बारिश का पानी नाली-नालों के रास्ते लोगों के घरों तक घुस गया, जिससे लोग तमाम दिक्कतों का सामना करते रहे और नगर पालिका को कोसते रहे। हालांकि नगर पालिका चेयरमैन के प्रतिनिधि ने जलभराव की समस्या का समाधान खोजने और लोगों को राहत दिलाने के तमाम प्रयास किए, लेकिन सब विफल रहे। सावन का पहला मंगलवार जनपदवासियों के लिए राहत भरा रहा। देररात से शुरू हुई झमाझम बरसात से सब पानी-पानी हो गया। मंगलवार की रात से शुरू हुई मूसलाधार बारिश दूसरे दिन दोपहर तक नहीं थमी। बरसात से लोगों को जहां उमसभरी गर्मी से राहत मिल गई, वहीं शहरी क्षेत्र में जगह-जगह जलभराव ने नगर पालिका के दावों की पोल खोलकर रख दी। लोगों का कहना है कि नगर पालिका की सफाई व्यवस्था धड़ाम होने के कारण उनके घरों तक नालियों का पानी घुस रहा है और उन्हें समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। हालांकि नगर पालिका चेयरमैन प्रतिनिधि अंकित बासू का कहना है कि शहरी क्षेत्र में बसी नई बस्तियों में थोड़ा जलभराव की समस्या है, इसके पीछे वह जलनिकासी की पर्याप्त व्यवस्था न होने को कारण बताते हैं। कहा है कि जल्द ही सर्वे कराकर जलभराव वाले इलाकों में ड्रेनेज सिस्टम दुरुस्त किया जाएगा, ताकि लोगों को जलभराव की समस्या से निजात मिल सके। कुलमिलाकर झमाझम बरसात ने जहां मौसम को खुशगवार बना दिया है, वहीं जलभराव की समस्या ने लोगों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं।

# राष्ट्रीय लोक अदालत की तैयारी को लेकर मजिस्ट्रेटों की बैठक



**हमीरपुर।** आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत के सफल आयोजन को लेकर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट के विश्राम कक्ष में समस्त मजिस्ट्रेटों की बैठक आयोजित हुई। बैठक में अधिकाधिक समझौता योग्य वादों को चिन्हित कर लोक अदालत में संदर्भित करने, प्री-लोक अदालत बैठकों के माध्यम से समझौते के प्रयास तेज करने तथा पक्षकारों को लोक अदालत के लाभों से अवगत कराने पर चर्चा हुई। बैठक में मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट विनय कुमार सहित अन्य न्यायिक अधिकारी एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव वंदना अग्रवाल उपस्थित रहीं। सभी न्यायालयों के समन्वित प्रयासों से राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने और अधिकाधिक वादों के सौहार्दपूर्ण निस्तारण का संकल्प लिया गया।

# तिरंगा यात्रा अभियान देशभक्ति की भावना को मजबूत करने के लिए: आनंद सिंह

▸ भाजपा ने हर घर तिरंगा अभियान सफल बनाने के लिए कसी कमर

**समृद्धि न्यूज़, बांदा।**



जिले में हर घर तिरंगा अभियान सफल बनाने को लेकर आयोजित कार्यशाला में भाजपा पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारियां सौंपी गई। बताया कि 10 से 15 अगस्त तक मंडल, विधानसभा और जिला स्तर पर तिरंगा यात्रा निकाली जायेंगी। 13 से 15 अगस्त तक हर घर तिरंगा अभियान चलाकर हर घर में ध्वज लगाया जायेगा। 13 अगस्त को जिला मुख्यालय में भव्य विशाल तिरंगा यात्रा निकाली जाएगी। भाजपा जिला कार्यालय में बुधवार को हर घर तिरंगा अभियान सफल बनाने को कार्यशाला आयोजित हुई। क्षेत्रीय उपाध्यक्ष आनंद सिंह ने कहा कि अभियान का उद्देश्य लोगों में देश भक्ति की भावना को मजबूत करना है। साथ ही राष्ट्रीय एकता को बढ़ावा देना व युवाओं को देश के प्रति उनके संवैधानिक कर्तव्यों से जोड़ना है। यह कार्यक्रम पार्टी की विचारधारा, सेवा सुशासन व राष्ट्रप्रेम की भावना को जन-जन तक पहुंचाने का सशक्त माध्यम है। बताया कि 13 व 14 अगस्त को शहीद स्मारकों पर स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा। 14 अगस्त को भारत विभाजन विभीषिका दिवस पर गोष्ठी व मौन जुलूस निकाला जाएगा। इसके पूर्व जिलाध्यक्ष कल्लू सिंह राजपूत ने कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की। कार्यक्रम में पूर्व जिलाध्यक्ष संतोष गुप्ता, अशोक त्रिपाठी जीतू, चंद्र प्रकाश खरे, दिनेश तिवारी, पूर्व विधायक राजकरन कबीर, अजय पटेल, संगीता वेद निराला, वंदना गुप्ता, ममता मिश्रा, राजभवन उपाध्याय, सुधीर कुशवाहा, निखिल सक्सेना, ममता मिश्रा, उत्तम सक्सेना, रूपा चौहान, निर्मला गौतम, दुर्गा चौरसिया, अमित सेठ भोलू, राकेश गुप्ता, रमन सिंह आदि उपस्थित रहे।

# पनवाड़ी कस्बा की गलियां नदियों की तरह उफनाई

**समृद्धि न्यूज़, पनवाड़ी, महोबा।**



जिले के पनवाड़ी कस्बे में बारिश के बाद हालात बद से बदतर हो गए हैं। मैंन बाजार तिवारीपुरा, मंडी क्षेत्र और राजकीय इंटर कॉलेज (जीआईसी) के आसपास की गलियां जलभराव से लबालब हैं। तस्वीरें देखकर ऐसा प्रतीत होता है मानो यह कोई नदी हो, जबकि यह कस्बे की मुख्य गलियां हैं, जहां से प्रतिदिन हजारों छात्र-छात्राएं, शिक्षक, व्यापारी और आम नागरिक आवागमन करते हैं। बारिश का पानी कई दिनों तक जमा रहने से लोगों को गंदे पानी से होकर गुजरना पड़ रहा है। स्कूली बच्चों के लिए यह स्थिति सबसे अधिक चिंताजनक है। फिसलकर चोट लगने, जलजनित बीमारियों के फैलने और दुर्घटनाओं की आशंका लगातार बनी हुई है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि जल निकासी की उचित व्यवस्था और नालियों की नियमित सफाई न होने के कारण हर वर्ष बरसात में यही हालात बनते हैं। कई बार शिकायतें किए जाने के बावजूद जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा केवल आश्वासन दिए जाते हैं, लेकिन समस्या का स्थायी समाधान आज तक नहीं हो सका। कस्बेवासियों ने जिला प्रशासन और नगर पंचायत से मांग की है कि जल निकासी व्यवस्था को तत्काल दुरुस्त कराया जाए तथा नालियों की व्यापक सफाई कराकर जलभराव की समस्या से स्थायी राहत दिलाई जाए।

## मंदिर के कमरे में फांसी पर लटका मिला पुजारी का शव



**महोबा।** जिले के खरेला कस्बे में स्थित हुलकन माता मंदिर परिसर में एक पुजारी का शव फंदे से लटका मिलने से हड़कंप मच गया सूचना बाद स्थानीय पुलिस और फॉरेंसिक टीम मौके पर पहुंची। पुलिस मामले की जाँच में जुट गई। मृतक की पहचान ओमप्रकाश शर्मा (70)वर्ष पुत्र स्वर्गीय मइयादीन के रूप में हुई है। पुजारी खरेला कस्बा के हले मुहाल-1, के निवासी है यह यह कस्बा के ही हुलकन माता मंदिर में पुजारी के तौर पर सेवा दे रहे थे। परिजनों ने मंगलवार सुबह मंदिर पहुंचने पर पुजारी ओमप्रकाश शर्मा का शव कमरे के अंदर फंदे से लटका देखा। उन्होंने तत्काल खरेला थाना पुलिस को इसकी सूचना दी। सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लिया और आवश्यक कानूनी कार्रवाई शुरू की। घटना की गंभीरता को देखते हुए फॉरेंसिक टीम को भी बुलाया गया, जिसने घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण कर महत्वपूर्ण साक्ष्य एकत्र किए। मृतक ओमप्रकाश शर्मा के तीन पुत्र बताए जा रहे हैं, जिनमें से दो बाहर रहते हैं। घटना की खबर फैलते ही परिवार के सदस्यों और आसपास के लोगों की भीड़ मंदिर परिसर में जमा हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। फिलहाल, मृत्यु के कारणों का स्पष्ट खुलासा नहीं हुआ है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है और पोस्टमार्टम तथा फॉरेंसिक रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। थाना प्रभारी नन्हेंलाल ने बताया कि घायल को तत्काल अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

## योग को जनआंदोलन का स्वरूप देने के लिए प्रत्येक प्रशिक्षक पूरी निष्ठा व समर्पण के साथ कार्य करें: डीएम

**उरई।** जिले में संचालित योग वेलनेस सेंटर एवं आयुष्मान आरोग्य मंदिरों के माध्यम से आमजन को स्वस्थ जीवनशैली से जोड़ने के उद्देश्य से डीएम राजेश कुमार पाण्डेय ने कलेक्ट्रेट सभागार में योग प्रशिक्षकों, योग सहायकों व अंशकालिक योग सहायकों की बैठक कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। कहा कि योग प्रशिक्षक शासन की मंशा के अनुरूप निर्धारित लक्ष्यों को समयबद्ध ढंग से पूरा करें साथ ही अधिक से अधिक लोगों को योग के प्रति जागरूक करते हुए नियमित योगाभ्यास से जोड़ें। डीएम ने अंशकालिक पुरुष योग प्रशिक्षकों को निर्देशित करते हुए कहा कि प्रत्येक माह हेल्थ वेलनेस सेंटर, विद्यालयों एवं सामुदायिक स्तर पर न्यूनतम एक-एक घंटे की अवधि वाले कुल 32 योग अभ्यास कार्यक्रम आयोजित किए जाएं। इनमें 20 योग अभ्यास कार्यक्रम हेल्थ वेलनेस सेंटरों पर व 12 योग अभ्यास कार्यक्रम विद्यालयों व अन्य सार्वजनिक स्थलों पर आयोजित करना सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि योग कार्यक्रमों के साथ-साथ प्रत्येक माह विद्यालयों व अन्य स्थानों पर कम से कम दो घंटे का आईईसी (सूचना, शिक्षा एवं संचार) आधारित जनजागरूकता कार्यक्रम भी आयोजित किया जाए। इसके अतिरिक्त सामुदायिक स्तर पर वर्ष में कम से कम दो व्यापक योग जागरूकता अभियान संचालित किए जाएं। महिला समूहों तक योग की पहुंच बढ़ाने के लिए सभी महिला योग प्रशिक्षक आपसी समन्वय स्थापित कर अन्य योग प्रशिक्षकों के सहयोग से कार्यक्रमों का प्रभावी संचालन करें। डीएम ने कहा कि हेल्थ वेलनेस सेंटरों में तैनात अंशकालिक पुरुष व महिला योग प्रशिक्षक शासन द्वारा निर्धारित समयावधि व दिशा-निर्देशों का पूर्ण अनुपालन सुनिश्चित करें।

# ऐतिहासिक कजली मेले की डीएम ने ली बैठक

▸ सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस को दिए जरूरी निर्देश

**समृद्धि न्यूज़, महोबा।**



जिलाधिकारी गजल भारद्वाज की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जनपद महोबा में कजली मेला का दिनांक 29 अगतब से दिनांक 4 सितम्बर तक 1 सप्ताह आयोजन किए जाने के संबंध में महोबा संरक्षण एवं विकास समिति की बैठक हुई

जिलाधिकारी ने बैठक में उपस्थित अधिकारियों से कहा कि जनपद की सांस्कृतिक विरासत एवं ऐतिहासिक तथा सांस्कृतिक पृष्ठभूमि को संरक्षित रखने तथा जनपद वासियों को इसके संबंध में पूर्ण जानकारी दिलाए जाने के संबंध में तथा परंपरागत कजरी महोत्सव के अंतर्गत इस कजली मेला का आयोजन किया जाएगा। जनपद महोबा में आल्हा ऊदल की ऐतिहासिक कर्मभूमि एवं अनेकों ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक धरोहर हैं जिनके बारे में लोगों को जानकारी दिलाए जाने हेतु कजरी महोत्सव कार्यक्रम में प्रतिदिन किसी न किसी रूप से कार्यक्रम आयोजित कर लोगों को इसके बारे में जानकारी देते हुए जागरूक किया जाएगा।इसके साथ ही कजरी महोत्सव में अन्य सांस्कृतिक दलों व विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं के कार्यक्रम तथा अन्य महत्वपूर्ण ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक धरोहरों के संबंध में वृद्धि हो सके।उन्होंने कजरी महोत्सव समिति के सदस्यों को कजरी महोत्सव के आयोजन के संबंध में आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित किए जाने तथा आयोजित कराए जाने वाले कार्यक्रमों की प्रतिदिन के अनुसार कार्यक्रमों का विवरण एवं सूची बनाते हुए प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। बैठक में अपर पुलिस अधीक्षक वंदना सिंह ने कजरी मेला के दौरान समुचित सुरक्षा व्यवस्था रखने हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया तथा उन्होंने कहा कि यह महत्वपूर्ण मेला है इसमें सुरक्षा के व्यवस्था में कोई लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी।

# अन्नदाता डेयरी को खेती के साथ-साथ आय का मुख्य स्रोत बनाएं: सीडीओ

**समृद्धि न्यूज़, झांसी।**



उत्तर प्रदेश में दुग्धशाला विकास विभाग के स्वर्ण जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में 05 अगस्त 2026 को जनपद के दुग्ध उत्पादकों, पशुपालकों एवं कृषकों को डेयरी व्यवसाय के क्षेत्र में आधुनिक तकनीकों एवं सरकारी योजनाओं की जानकारी उपलब्ध कराने के उद्देश्य से दुग्धशाला विकास विभाग एवं पशुपालन विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आज विकास भवन सभागार में जनपद स्तरीय डेयरी कॉन्क्लेव का आयोजन मुख्य विकास अधिकारी श्री रामेश्वर सुधाकर सब्बनवाड की अध्यक्षता में आयोजित हुआ। जनपद स्तरीय डेयरी कॉन्क्लेव का शुभारंभ अध्यक्षता कर रहे मुख्य विकास अधिकारी श्री रामेश्वर सुधाकर सब्बनवाड एवं अपर निदेशक पशुपालन डॉ. अरविंद कुमार साहू, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. संजय कुमार सिंह ने दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए मुख्य विकास अधिकारी श्री रामेश्वर सुधाकर सब्बनवाड ने जनपद के अन्नदाताओं से कहा कि डेयरी को खेती के साथ-साथ आय का प्रमुख स्रोत बनाते हुए अपनी आय दोगुनी कर सकते है। इसके लिए पशुपालकों को वैज्ञानिक पद्धति से डेयरी प्रबंधन अपनाना होगा। शासन द्वारा डेयरी विकास हेतु अनेक योजनाएं संचालित हैं, जिनका अधिक से अधिक लाभ उठाएं। उन्होंने पशुपालन विभाग को निर्देश दिए की अपनी योजनाओं का ग्राम पंचायत स्तर पर व्यापक प्रचार प्रसार करना सुनिश्चित करें। उन्होंने सुझाव दिया कि डेयरी कॉन्क्लेव से प्राप्त जानकारी को विकास खण्ड स्तर तक ले जाया जाए।

## जन्म के प्रथम स्वर्णिम घंटे में स्तनपान शुरू करना शिशु के संपूर्ण विकास के लिए बेहद जरूरी: डॉ. छवि



**उरई।** राजकीय मेडिकल कॉलेज के शिशु रोग विभाग एवं जालौन एकेडमी ऑफ पीडियाट्रिक्स के संयुक्त तत्वावधान में बुधवार को विश्व स्तनपान सप्ताह के उपलक्ष्य में एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य नई माताओं को स्तनपान के महत्व और सही तरीके की जानकारी देना था। कार्यक्रम का संचालन डॉ. निकिता ने किया। इस वर्ष की थीम , स्तनपान को प्राथमिकता दें सतत सहयोगी व्यवस्था का निर्माण करें, पर प्रकाश डालते हुए डॉ. छवि जायसवाल ने बताया कि जन्म के प्रथम स्वर्णिम घंटे में स्तनपान शुरू करना शिशु के संपूर्ण विकास के लिए बेहद जरूरी है। डॉ. संतोष लोधी ने कविता के माध्यम से माताओं को स्तनपान के लिए प्रेरित किया। डॉ. कामिनी राजपूत ने कार्यरत माताओं को स्तनदूध सुरक्षित रूप से निकालने, संग्रहित करने और उपयोग करने की विधि समझाई। डॉ. मीनल गोयल ने बताया कि स्तनपान से माँ को प्रसवोत्तर शीघ्र लाभ, स्तन व अंडाशय के कैंसर का खतरा कम होता है और माँ-बच्चे के बीच भावनात्मक जुड़ाव मजबूत होता है। डॉ. दिव्या पिपरिया ने स्तनपान की सही स्थिति और विधि का व्यावहारिक प्रदर्शन किया। मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. संतोष वर्मा ने कहा कि स्तनपान को सफल बनाने में परिवार का सहयोग सबसे अहम है। प्राचार्य डॉ. महेंद्र सिंह ने सभी अभिभावकों से अपील की कि जन्म से छह माह तक शिशु को केवल माँ का दूध पिलाएं, बोतल का प्रयोग न करें। उन्होंने उपस्थित माताओं को केवल स्तनपान का संकल्प भी दिलाया।

# मुख्यमंत्री के सुशासन को जन-जन तक पहुंचाने के लिए युवा मोर्चा गांव-गांव जाएगा: रोहित मिश्रा

▸ भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष रोहित मिश्रा का जिले में हुआ स्वागत

**समृद्धि न्यूज़, उरई।**



भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष रोहित मिश्रा बुधवार को दोपहर नगर पहुंचे। उनका आगमन कार्यकर्ताओं के लिए उत्सव जैसा बन गया। कालपी यमुना पुल पर सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने फूल बरसाकर उनका जोरदार स्वागत किया। इस दौरान क्रेन की मदद से 250 किलो की विशाल माला पहनाकर उन्हें सम्मानित किया वहीं आटा टोल प्लाजा पर भाजपा युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष अमीय त्रिपाठी ने अपने अंदाज में प्रदेश अध्यक्ष का स्वागत किया। कार्यकर्ताओं ने उन्हें भगवान श्रीराम की प्रतिमा भेंट की। स्वागत के दौरान ÷भारत माता की जय÷ और ÷योगी-मोदी जिंदाबाद÷ के नारे गूंजते रहे। शहर के विभिन्न चौराहों पर भी कार्यकर्ताओं ने जगह-जगह फूलमालाओं और ढोल-नगाड़ों के साथ रोहित मिश्रा का अभिनंदन किया। मीडिया से बात करते हुए रोहित मिश्रा ने कहा कि यह कोई चुनावी या रणनीतिक बैठक नहीं है, बल्कि कार्यकर्ताओं से सीधे संवाद और उनसे मिलने का कार्यक्रम है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 2047 के विकसित भारत के विजन और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सुशासन को जन-जन तक पहुंचाने के लिए युवा मोर्चा गांव-गांव जाएगा। युवा मोर्चा सरकार की योजनाओं को युवाओं तक पहुंचाने और राष्ट्र निर्माण में उनकी भागीदारी सुनिश्चित करने का काम करेगा।

# स्कूली बच्चों को हादसे का खतरा सड़क पर गड्ढ़ा बना जानलेवा

**समृद्धि न्यूज़, कुड़वार सुल्तानपुर।**

क्षेत्र में एक सड़क पर बना गहरा गड्ढा राहगीरों और स्कूली बच्चों के लिए खतरा बन गया है। करीब एक माह से सड़क पर लगभग तीन फीट गहरा गड्ढा होने के बावजूद अब तक उसकी मरम्मत नहीं कराई गई है, जिससे दुर्घटना की आशंका लगातार बनी हुई है। बता दे कि कुड़वार पावर हाउस के सामने से बाबू का पुरवा होते हुए मंगापुर के पास कुड़वार-अलीगंज मार्ग से जुड़ने वाली सड़क वचनपुर गांव के निकट क्षतिग्रस्त हो गई है। स्थानीय प्रधान राजकुमार यादव ने अस्थायी व्यवस्था के तहत गड्ढे में एक ट्रॉली मिट्टी डलवाई थी, लेकिन लगातार बारिश के चलते मिट्टी बह गई और गड्ढा पहले से अधिक गहरा हो गया। सड़क का एक हिस्सा भी धंसने लगा है। इसी मार्ग से प्राथमिक विद्यालय वचनपुर और कंपोजिट विद्यालय कुड़वार द्वितीय के छात्र-छात्राएं प्रतिदिन आवागमन करते हैं।


कुड़वार बाबू का पुरवा संपर्क मार्ग पर कटी हुई सड़क

इसके अलावा अलीगंज की ओर जाने वाले दोपहिया और चारपहिया वाहन भी बड़ी संख्या में इसी सड़क का उपयोग करते हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि गड्ढे की जानकारी न होने पर वाहन चालकों को अचानक ब्रेक लगाना पड़ता है, जिससे कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। ग्रामीणों ने लोक निर्माण विभाग से सड़क की तत्काल मरम्मत कराने और गड्ढे को भरवाने की मांग की है।

इस संबंध में लोक निर्माण विभाग के अवर अभियंता अनुराग गुप्ता ने बताया कि सड़क की मरम्मत का कार्य शीघ्र कराया जाएगा।

## राहुल गांधी के प्रयागराज कार्यक्रम को लेकर कांग्रेस ने बनाई रणनीति

- 8 अगस्त को बड़ी भागीदारी का दावा

**समृद्धि न्यूज़, सुल्तानपुर।**

आगामी 8 अगस्त को प्रयागराज के के.पी. ग्राउंड में प्रस्तावित 'छात्रों की गूंज' कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर बुधवार को जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय में बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष अभिषेक सिंह राणा ने की। इसमें कार्यक्रम की रूपरेखा, संगठनात्मक जिम्मेदारियों और सुल्तानपुर से अधिक से अधिक छात्र-युवाओं एवं कार्यकर्ताओं की सहभागिता सुनिश्चित करने पर चर्चा हुई। बैठक में ब्लॉक, नगर इकाइयों और न्याय पंचायत स्तर पर पदाधिकारियों की जिम्मेदारियां तय की गई। जिलाध्यक्ष अभिषेक सिंह राणा ने कहा कि यह कार्यक्रम युवाओं की आवाज़ को राष्ट्रीय स्तर पर उठाने का महत्वपूर्ण अवसर है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से अपने-अपने क्षेत्रों में जनसंपर्क अभियान चलाकर अधिक से अधिक छात्र-युवाओं को कार्यक्रम में शामिल होने के लिए प्रेरित करने का आह्वान किया। राणा ने कहा कि कार्यक्रम में लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी छात्रों, युवाओं, बेरोजगारी, शिक्षा व्यवस्था और प्रतियोगी परीक्षाओं में कथित अनियमितताओं जैसे मुद्दों पर संवाद करेंगे। यूथ कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष अरबाज खान ने कहा कि यह आयोजन युवाओं के अधिकारों और उनके भविष्य से जुड़े मुद्दों को नई दिशा देगा। वहीं, एनएसयूआई जिलाध्यक्ष विवेक सिंह ने कहा कि कार्यक्रम शिक्षा व्यवस्था और प्रतियोगी परीक्षाओं से जुड़े विषयों पर छात्रों की आवाज़ को मजबूती देगा।


कांग्रेस कार्यालय पर बैठक करते जिलाध्यक्ष अभिषेक सिंह राणा

## जहरीले जंतु के काटने से महिला की मौत

**समृद्धि न्यूज़, कुड़वार सुल्तानपुर।** सुबह पशुओं को चारा देने गई अधेड़ महिला को जहरीले जंतु ने काट लिया।गंभीर हालत में परिजन लेकर जिला मेडिकल कालेज पहुंचे।जहां चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया।परिजनो की सूचना पर स्थानीय पुलिस ने विधिक कार्यवाही की। बुधवार को स्थानीय थाना क्षेत्र सोहगौली गांव निवासी केश कुमारी (50) पत्नी राम करन यादव हर दिन की तरह पशुओं को चारा देने गई।जहां उन्हें किसी जहरीले जंतु ने काट लिया।हालत गंभीर होने के बाद परिजन लेकर जिला मेडिकल कॉलेज गए।जहां चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया।मृतक घोषित होने के बाद परिजन शव लेकर अपने घर चले आए। जिसकी सूचना परिजनो ने स्थानीय पुलिस को दी।

## हर घर तिरंगा अभियान की तैयारियों का सीडीओ ने किया निरीक्षण



**समृद्धि न्यूज़, संग्रामपुर/अमेठी।**

मुख्य विकास अधिकारी पूजा साहू ने बुधवार को विकासखंड संग्रामपुर की ग्राम पंचायत मड़ौली पहुंचकर 'हर घर तिरंगा' अभियान के तहत स्वयं सहायता समूहों द्वारा तैयार किए जा रहे राष्ट्रीय ध्वजों के निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। उन्होंने तिरंगों की गुणवत्ता, रंग, आकार तथा ध्वज संहिता के मानकों का शत-प्रतिशत पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान सीडीओ ने मां कालिका, मां चंद्रिका, सद्गुरु, विंध्यवासिनी एवं राधा महिला स्वयं सहायता समूहों की विभिन्न आजीविका गतिविधियों का भी जायजा लिया। उन्होंने दुग्ध उत्पादन, सिलाई, मुर्गी पालन, बीसी सखी सेवा, जनरल स्टोर संचालन तथा दोना-पत्तल निर्माण जैसे कार्यों से जुड़ी महिलाओं से संवाद कर उनके प्रयासों की सराहना की।

सीडीओ पूजा साहू ने कहा कि स्वयं सहायता समूह महिलाओं को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने का प्रभावी माध्यम है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को समूहों की आजीविका गतिविधियों को और मजबूत करने, उन्हें बाजार से जोड़ने तथा आवश्यक प्रशिक्षण व सहयोग उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। इस अवसर पर एडीओ आईएसबी सुरेश कुमार, शिवलोचन सहित अन्य अधिकारी एवं समूह की महिलाएं मौजूद रहीं।

## समर्थकों के बीच शुरू हुआ ऑडियो वार

- ऑडियो को लेकर सोनू-मोनू पर साधा निशाना
- पूर्व मंत्री पर महिला ने लगाए हैं गंभीर आरोप

**समृद्धि न्यूज़, सुल्तानपुर।**

जिले के चर्चित विधायक व महिला विवाद में नया मोड़ आ गया है।सोशल मीडिया पर दोनों पक्ष के समर्थकों द्वारा ऑडियो वार करके एक दूसरे को गलत साबित करने की कोशिश की जा रही है।हालांकि विधायक पुत्र भी अब इस मामले में कूद पड़े हैं।उन्होंने बाहुबली भाइयों को सीधे चुनौती देते हुए कानूनी कार्यवाही की बात कही है। बता दे कि जिले की राजनीति में उस समय तूफान आ गया। जब दिल्ली में बैठक एक महिला ने 11 मिनट का वीडियो जारी कर शहर विधायक विनोद सिंह पर आरोपों की झड़ी लगा दी।महिला द्वारा विधायक पर दुष्कर्म के प्रयास की कोशिश सहित बेटी व परिवार पर हमले की आशंका का भी आरोप लगाया।सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल होने के बाद विधायक प्रतिनिधियों ने महिला सोनिया पांडेय व उसके पति शशांक पांडेय के खिलाफ विधायक हजरतगंज थाने में जालसाजी का आरोप लगाकर 10 जुलाई को दर्ज कराए गए मुकदमे की एफआईआर के साथ प्रेस नोट जारी किया।जिसमे विधायक पक्ष द्वारा वेयर हाउस के नाम पर फ्राड करने का आरोप लगाया गया है।

मामला यहीं नहीं रुका फिर महिला सोनिया पांडेय के पति और विधायक विनोद सिंह का पुराना एक ऑडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ।जिसमे विधायक द्वारा शशांक से पत्नी से बात कराने के लिए कहा जा रहा है।इस ऑडियो के वायरल होते ही पूरे मामले में विधायक विनोद सिंह के पुत्र पुलकित सिंह भी कूद पड़े।

## जनेश्वर मिश्र की 94वीं जयंती पर गोष्ठी आयोजित

**समृद्धि न्यूज़, प्रतापगढ़।**



समाजवादी पार्टी कार्यालय मीराभवन में बुधवार को प्रखर समाजवादी चिंतक व दार्शनिक 'छोटे लोहिया' श्रद्धेय जनेश्वर मिश्र जी की 94वीं जयंती श्रद्धापूर्वक मनाई गई। इस अवसर पर सपा कार्यकर्ताओं व नेताओं ने उनके चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया, जिसके बाद एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व विधायक नागेंद्र सिंह 'मुन्ना यादव' ने की तथा संचालन जिला महासचिव अब्दुल कादिर जिलानी ने किया। गोष्ठी को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि जनेश्वर मिश्र जी समाजवादी आंदोलन के प्रमुख स्तंभ थे। इलाहाबाद विश्वविद्यालय के छात्र संघ अध्यक्ष से लेकर केंद्र सरकार में कई बार कैबिनेट मंत्री और राज्यसभा सांसद रहने तक, उन्होंने हमेशा शोषितों व वंचितों की आवाज उठाई। डॉ. राममनोहर लोहिया के विचारों से प्रेरित होकर उन्होंने जाति-पाति के भेदभाव से ऊपर उठकर समाज निर्माण का कार्य किया। वक्ताओं ने याद दिलाया कि समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष के रूप में उन्होंने संगठन और विचारधारा को मजबूती दी। अखिलेश यादव के मुख्यमंत्रित्व काल में लखनऊ में बना एशिया का सबसे खूबसूरत 'जनेश्वर मिश्र पार्क' उनके प्रति पार्टी के सम्मान का प्रतीक है। वक्ताओं ने आह्वान किया कि जनेश्वर जी के पदचिन्हों पर चलना ही उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि होगी। इस दौरान जिला उपाध्यक्ष प्रकाशचन्द्र उपाध्याय, जावेद अख्तर, पिछड़ा वर्ग अध्यक्ष मनीष पाल, नगर अध्यक्ष निसार अहमद, सदर विधानसभा अध्यक्ष डॉ. राम बहादुर पटेल, शिक्षक सभा अध्यक्ष जगदीश यादव, प्रदीप यादव सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## खबरें एक नजर में

### अवैध गांजा के साथ धराया, भेजा गया जेल

**प्रतापगढ़।** सांगीपुर पुलिस ने आपरेशन प्रहार के अन्तर्गत अवैध गांजा के साथ एक आरोपी को धर दबोचा। आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा में मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया। सांगीपुर थाने के उपनिरीक्षक अतुल तिवारी बुधवार को पुलिस बल के साथ गश्त पर निकले थे। इसी दौरान मुखबिर की सूचना पर कुम्भापुर सई नदी पुल के समीप से डभियार निवासी दिनेश सिंह को एक किलो एक सौ चौरासी ग्राम अवैध गांजा के साथ धर दबोचा। एसओ गौरव त्रिवेदी ने बताया कि आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा में मुकदमा दर्ज कर उसे जेल भेज दिया गया।

### जानलेवा हमले का आरोपी भेजा गया जेल

**प्रतापगढ़।** उदयपुर पुलिस ने जानलेवा हमले के दर्ज मुकदमें में वांछित चल रहे एक आरोपी को बुधवार को धर दबोचा। गिरफ्तार किये गये आरोपी को पुलिस ने जेल भेज दिया। उदयपुर थाने के दरोगा अमित द्विवेदी ने पुलिस बल के साथ गश्त के दौरान मुखबिर की सूचना पर वांछित बलराम सिंह पुत्र बैजनाथ सिंह निवासी आहरबीहर को रामपुर कसिहा पुल के समीप से धर दबोचा। प्रभारी निरीक्षक दीप नारायण ने बताया कि गिरफ्तार किये गये आरोपी को जेल भेज दिया गया है।

### करंट की चपेट में आने से युवक की मौत

**प्रतापगढ़।** करंट की चपेट में आने से युवक की मौत हो गयी। युवक के मौत की जानकारी होने पर परिजनो मे कोहराम मच गया। लालगंज कोतवाली के नया पुरवा निवासी कोमलचन्द्र का पुत्र उन्नीस वर्षीय अमित केसरवानी बुधवार को बाबा घुइसरनाथ धाम दर्शन करने गया था। वहां से लौटने के बाद सुबह करीब सात बजे वह घर में लगे नल पर हाथ मुंह धोने पहुंचा। यहां नल को छूते ही वह करंट की चपेट में आ गया। इसकी जानकारी होते ही परिजन उसे इलाज के लिए लालगंज ट्रामा सेण्टर ले आये। यहां परीक्षण के बाद चिकित्सकों ने युवक को मृत घोषित कर दिया। परिजनों ने बिना पीएम कराये शव का अंतिम संस्कार कर दिया। प्रभारी निरीक्षक आलोक कुमार का कहना है कि तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

### कोटेदारों ने पूर्ति निरीक्षक के खिलाफ किया विरोध प्रदर्शन

**प्रतापगढ़।** लालगंज पूर्ति निरीक्षक के ब्लाक में चौथी बार हुई तैनाती को लेकर बुधवार को कोटेदार संघ ने जमकर विरोध प्रदर्शन किया। पूर्ति निरीक्षक का स्थानांतरण निरस्त न होने पर विरोध प्रदर्शन तेज करने की चेतवानी भी दी है। विकासखण्ड सांगीपुर एवं रामपुर संग्रामगढ़ के कोटेदार बड़ी संख्या में बुधवार को लालगंज ब्लाक मुख्यालय पहुंचे। यहां जुटे कोटेदारों ने पूर्ति निरीक्षक देवी प्रसाद तिवारी की चौथी बार हुई तैनाती को लेकर विरोध प्रदर्शन करने लगे। कोटेदारों ने पूर्ति निरीक्षक पर उत्पीड़न का भी आरोप मढ़ा है। कोटेदार संघ के महेन्द्र प्रताप, बृजेश कुमार, रामसजीवन कोरी, कालिका प्रसाद, सुरेश सिंह, पारसनाथ, राजेश कुमार, धर्मराज पटेल, शिवकुमार, राधेश्याम, हीरालाल, राजेन्द्र बहादुर आदि ने जिलाधिकारी को संबोधित प्रार्थना पत्र के जरिए पूर्ति निरीक्षक की सांगीपुर व रामपुर संग्रामगढ़ ब्लाक से तैनाती निरस्त किये जाने की मांग उठाई है। पूर्ति निरीक्षक देवी प्रसाद तिवारी का कहना है कि कोटेदारों का उनके खिलाफ विरोध प्रदर्शन समझ से परे है। उत्पीडन का आरोप निराधार है। कोटेदार समन्वय स्थापित कर ईमानदारी व पारदर्शिता से कार्य करें।

## जरूरतमंदों के सहारा बने राजेश अग्रहरि

### तीन परिवारों को दी आर्थिक मदद

**समृद्धि न्यूज़, संग्रामपुर/अमेठी।**



जिला पंचायत अध्यक्ष एवं उद्योगपति राजेश अग्रहरि (राजेश मसाला) ने एक बार फिर मानवता का परिचय देते हुए विकासखंड संग्रामपुर क्षेत्र के तीन जरूरतमंद परिवारों को आर्थिक सहायता प्रदान की। बुधवार को पूर्व प्रधान संघ अध्यक्ष संजीव सिंह (रामू) के साथ क्षेत्र का दौरा कर उन्होंने पीड़ितों की मदद की। खौपुर बुजुर्ग गांव निवासी ओमप्रकाश मौर्य पुत्र सूर्य नारायण को पैर के ऑपरेशन के लिए 20 हजार रुपये, मोहनपुर चंडेरिया निवासी अनिल विश्वकर्मा पुत्र शिव नारायण को बाएं हाथ के ऑपरेशन हेतु 10 हजार रुपये तथा डिहवा अम्मरपुर निवासी ओमप्रकाश धुरिया पुत्र रामहरख के निधन पर उनके परिजनों को 10 हजार रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की गई। इस अवसर पर राजेश अग्रहरि ने कहा कि समाज के जरूरतमंद लोगों की मदद करना प्रत्येक सक्षम व्यक्ति का दायित्व है। दुख और संकट की घड़ी में पीड़ित परिवारों के साथ खड़ा होना ही सच्ची सेवा है। उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधि होने के नाते लोगों की समस्याओं के समाधान और सहायता के लिए वह सदैव तत्पर रहेंगे। क्षेत्रीय लोगों ने राजेश अग्रहरि के इस कदम की सराहना करते हुए कहा कि समाजसेवी और जनप्रतिनिधि तो बहुत आते-जाते रहते हैं, लेकिन जरूरत के समय सहायता करने वाले लोग कम होते हैं। राजेश अग्रहरि लगातार जरूरतमंदों की मदद कर समाज के सामने एक उदाहरण प्रस्तुत कर रहे हैं। इस दौरान पूर्व प्रधान संघ अध्यक्ष संजीव सिंह (रामू), प्रधान शैलेंद्र कुमार वर्मा, प्रधान तुफैल खान, राजदेव कश्यप सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## शादी से मुकरा प्रेमी तो युवती ने गंगा में कूदकर दी जान

**समृद्धि न्यूज़, प्रतापगढ़।** मानिकपुर थाना क्षेत्र के मुबारकपुर पाटीहार गांव की 22 वर्षीया प्रीति निर्मल की गंगा नदी में संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत के मामले में पुलिस ने नया मोड़ सामने आने के बाद केस दर्ज कर लिया है। मृतका के भाई की तहरीर पर पुलिस ने गांव के ही प्रेमी अमित कुमार सोनकर के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोप में भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 108 के तहत मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, गत 4 अगस्त को पुलिस कंट्रोल रूम के माध्यम से करेंटी गंगा पुल के नीचे एक युवती का शव मिलने की सूचना मिली थी। मौके पर पहुंची मानिकपुर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पहचान मुबारकपुर पाटीहार निवासी प्रीति निर्मल (22) पुत्री रामदेव निर्मल के रूप में की।

## सगे भाई को बचाने में युवक की मौत, दूसरा गंभीर

**समृद्धि न्यूज़, प्रतापगढ़।**

रानीगंज थाना क्षेत्र के जामताली दासा चौरा गांव में बुधवार सुबह एक बेहद दर्दनाक हादसे ने पूरे इलाके को झकझोर कर रख दिया। घर में लगा इलेक्ट्रिक स्विच बोर्ड बंद करने के दौरान करंट की चपेट में आने से दो सगे भाई गंभीर रूप से झुलस गए। अस्पताल में इलाज के दौरान बड़े भाई की मौत हो गई, जबकि छोटे भाई की हालत बेहद गंभीर बनी हुई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, दासा चौरा निवासी अनिरुद्ध गौतम (45) पुत्र लाल बहादुर गौतम बुधवार सुबह करीब 6 बजे सोकर उठने के बाद घर में लगे बिजली बोर्ड का स्विच बंद करने पहुंचे थे। स्विच दबाते ही बोर्ड में उतरे करंट की चपेट में आकर वह तड़पने लगे। अनिरुद्ध को तड़पता देख उनका छोटा भाई शशि गौतम (28) उन्हें बचाने के लिए दौड़ा, लेकिन वह भी तेज करंट की चपेट में आ गया। चीख-पुकार सुनकर दौड़े ग्रामीणों ने किसी तरह बिजली सप्लाई बंद कराई और दोनों को अस्पताल पहुंचाया।

डॉक्टरों ने अनिरुद्ध को मृत घोषित कर दिया, वहीं शशि का इलाज जारी है। हादसे के बाद से परिवार में कोहराम मचा हुआ है और पूरे गांव में शोक की लहर है। इस घटना ने एक बार फिर ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली विभाग की बदहाल व्यवस्था और प्रशासनिक उदासीनता पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

## कृमि मुक्ति अभियान को लेकर शिक्षकों को दिया गया प्रशिक्षण

**समृद्धि न्यूज़, संग्रामपुर/अमेठी।**

राष्ट्रीय कृमि मुक्ति अभियान के सफल संचालन के लिए बुधवार को ब्लॉक संसाधन केंद्र (बीआरसी) सभागार में शिक्षकों का एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में खंड शिक्षा अधिकारी शशांक कुमार मिश्र की उपस्थिति में 89 शिक्षकों को अभियान संबंधी आवश्यक जानकारी दी गई। प्रशिक्षण के दौरान स्वास्थ्य विभाग के बीसीपीएम तीरथ राज यादव ने शिक्षकों को एक से 19 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों को कृमिनाशक दवा (एल्बेंडाजोल) खिलाने की प्रक्रिया, आवश्यक सावधानियों तथा अभियान के प्रभावी क्रियान्वयन के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस अवसर पर विद्यालयों के लिए एल्बेंडाजोल की दवा भी उपलब्ध कराई गई। बीसीपीएम तीरथ राज यादव ने बताया कि 10 अगस्त को राष्ट्रीय कृमि मुक्ति अभियान के तहत क्षेत्र के सभी विद्यालयों में एक से 19 वर्ष तक के बच्चों को कृमिनाशक दवा खिलाई जाएगी।



## पुलिस को बड़ी सफलता: 67.68 लाख रुपये के 376 गुम व चोरी हुए मोबाइल बरामद

**समृद्धि न्यूज़, प्रतापगढ़।**

प्रतापगढ़ पुलिस ने सर्विलांस और केंद्रीय उपकरण पहचान रजिस्टर (सीईआईआर) पोर्टल की तकनीकी सहायता से गुम व चोरी हुए 376 मोबाइल फोन बरामद कर एक बड़ी सफलता हासिल की है। बरामद किए गए इन मोबाइलों की अनुमानित कीमत लगभग 67 लाख 68 हजार रुपये बताई जा रही है।

बुधवार दोपहर 1 बजे पुलिस लाइन स्थित साईं परिसर में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर तथा अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी आलोक कुमार ने इन मोबाइलों को उनके वास्तविक स्वामियों को सौंपा। खोया हुआ मोबाइल वापस पाकर लोगों के चेहरे खिल उठे और उन्होंने पुलिस की त्वरित व प्रभावी कार्यप्रणाली की सराहना की। बरामद कुल 376 मोबाइलों में विभिन्न प्रमुख कंपनियों के फोन शामिल हैं, जिनमें वीवो के 80, रियलमी के 46, ओप्पो के 42, सैमसंग के 36, रेडमी के 30, टेक्नो व पोको के 15-15, मोटोरोला के 13, वनप्लस के 12, इनफिनिक्स के 9, आईकू के 6, नथिंग के 3 तथा गूगल पिक्सल व आईटेल का 1-1 फोन शामिल है। इसके अलावा अन्य कंपनियों के 58 मोबाइल फोन भी बरामद किए गए हैं।



## संदिग्ध परिस्थितियों में किशोरी ने लगाई फांसी

**समृद्धि न्यूज, सलोन-रायबरेली।** कोतवाली क्षेत्र के पूरे चौरिहन (कमालुद्दीनपुर) गांव में मंगलवार को 13 वर्षीय किशोरी ने फांसी लगाकर जान दे दी। मृतका की मां ने गांव के ही एक युवक पर दुष्कर्म के प्रयास का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दी है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मामले की जांच शुरू कर दी है। गांव निवासी मंजू पत्नी फूलचंद्र के अनुसार उनकी 13 वर्षीय पुत्री शिवानी मंगलवार दोपहर घर के पास शौचालय जाने के लिए निकली थी। आरोप है कि पहले से घात लगाए बैठे गांव निवासी राजेंद्र का रिश्तेदार युधिष्ठिर उर्फ डिजिटल युवक ने पीछे से उसका गला पकड़ लिया और गलत नीयत से उसे एक खाली मकान में खींच ले गया।

## पंचायत सहायकों व सचिवों को ओएसआर पोर्टल का प्रशिक्षण



**समृद्धि न्यूज़, भेंटुआ/अमेठी।** राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान के तहत बुधवार को विकासखंड भेंटुआ में पंचायत सहायकों एवं पंचायत सचिवों का प्रशिक्षण आयोजित किया गया। प्रशिक्षण का उद्देश्य ग्राम पंचायतों को आत्मनिर्भर बनाना, स्थानीय राजस्व बढ़ाना तथा ग्रामीणों को पारदर्शी और समयबद्ध सेवाएं उपलब्ध कराना रहा। प्रशिक्षक योगेश शुक्ला, मदन और हर्ष ने प्रतिभागियों को ओएसआर (ओन सोर्स रेवेन्यू) पोर्टल के संचालन, राजस्व सृजन और ऑनलाइन सेवा वितरण की जानकारी दी। साथ ही पोर्टल के व्यावहारिक उपयोग, राजस्व संग्रह एवं अभिलेखों के डिजिटलीकरण की प्रक्रिया भी समझाई। कार्यक्रम में एडीओ पंचायत मनीष कुमार ने प्रशिक्षण में प्राप्त जानकारी को ग्राम पंचायत स्तर पर प्रभावी ढंग से लागू करने का आह्वान किया। प्रशिक्षण में विकासखंड के सभी पंचायत सहायकों और पंचायत सचिवों ने भाग लिया।

## प्राथमिक ग्रामीण सहकारी समिति का शुभारंभ

**समृद्धि न्यूज, डीह-रायबरेली।**

नव गठित बहु उद्देशीय प्राथमिक ग्रामीण सहकारी समिति रेवरी सैदपुर का शुभारंभ व उर्वरक वितरण समारोह का आयोजन प्रधान अशोक कुमार यादव के प्रयास से बुधवार को संपन्न किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष विवेक विक्रम सिंह को पगड़ी पहना कर व तलवार भेंट कर सम्मानित किया गया वहीं विशिष्ट अतिथि बृजेश विश्वकर्मा मुख्य कार्यपालक अधिकारी व विवेक कुमार सिंह सहायक आयुक्त एवं सहायक निबंधक सहकारिता को प्रधान द्वारा माला व अंग वस्त्र पहनाकर स्वागत अभिनंदन किया गया और कार्यक्रम में आए हुए सभी अतिथियों का भी स्वागत सम्मान माला पहनाकर सम्मानित किया गया। वहीं कार्यक्रम में उपस्थित सैकड़ो किसानों को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि चेयरमैन विवेक विक्रम सिंह ने कहा कि रेवरी सैदपुर डीह ब्लॉक का अंतिम ग्राम पंचायत है जो राही ब्लॉक व अमावा ब्लॉक के बार्डर पर स्थित है यहां के किसान पोठई ग्राम पंचायत लगभग सात किलोमीटर जाकर खाद लाने को विवश थे यहां के प्रधान अशोक यादव के अथक प्रयास से सहकारी समिति की स्थापना की गई अब रेवरी सैदपुर के अलावा मझिलहा बेतौरा के किसान भी इसी समिति से खाद लेने का सौभाग्य प्राप्त करेंगे। यह समिति खाद बीज दवा के अलावा किसानों व बेरोजगार लोगों को योजनाओं के माध्यम से ऋण देकर रोजगार को बढ़ावा देगी।



## दुकान की शटर में उतरे करंट से व्यवसायी की मौत

**समृद्धि न्यूज, डलमऊ-रायबरेली।** दुकान का शटर उठते समय एक व्यवसायी करंट की चपेट में आ गया जिससे वह बुरी तरह से झुलस गया परीजन उसे एम्स लेकर पहुंचे लेकिन वहां पर चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। शिवम अग्रहरी की घोरवारा बाजार में मिठाई की दुकान है मंगलवार देर शाम को उसने दुकान का शटर खोलने के लिए जैसे ही हाथ लगाया शटर में उतरे करंट की चपेट में आ गया और झुलस गया। परीजन उसे तुरंत अस्पताल इलाज के लिए लेकर पहुंचे लेकिन वहां पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। शिवम 30 वर्ष पुत्र अशोक कुमार अपने परिवार का इकलौता कमाने वाला युवक था परिवार की जिम्मेदारी थी।

## मिशन शक्ति के अभियान के तहत शिक्षिकाओं व छात्राओं को किया जागरुक



**समृद्धि न्यूज, डलमऊ-रायबरेली।**

मुख्यालय महिला एवं बाल सुरक्षा संगठन, उत्तर प्रदेश के आदेशानुसार मिशन शक्ति अभियान के तहत महिला सशक्तिकरण हेतु थाना डलमऊ की मिशन शक्ति टीम ने बुधवार को शांति मनोहर इंटर कॉलेज व भागीरथी इंटर कॉलेज में उपस्थित टीचर्स और बालिकाओं को विभिन्न आपातकालीन हेल्पलाइन नंबरों व साइबर जागरूकता अभियान के तहत विद्यार्थियों को डिजिटल अरेस्ट साइबर ठगी, उसके तरीकों, बचाव के उपायों, व साइबर हेल्पलाइन एवं राष्ट्रीय साइबर क्राइम रिपोर्टिंग पोर्टल के संबंध में विस्तृत जानकारी दी।

# ऑटो चालकों का जाम, पुलिस से बहस

▸ नगर के अंदर प्रवेश न मिल पाने को लेकर ऑटो चालकों में रोष



समृद्धि न्यूज़, कन्नौज।

ऑटो चालक जहां नगर में जाम की समस्या को लेकर जनमानस की बड़ी समस्या का कारण बने हुए हैं वहीं दूसरी ओर नगर के अंदर से गंतव्य तक पहुंचने को संसाधन ना मिलने से भी लोग परेशान नजर आ रहे हैं। वहीं दूसरी ओर नगर में ऑटो चालकों को प्रतिबंधित कर दिए जाने के बाद ऑटो चालक भी अपनी अपनी समस्या का रोना रो रहे हैं। ऑटो चालकों का कहना है कि, अगर उनको सवारियां नहीं मिलेंगी तो उनकी जीविका पर बड़ा प्रभाव पड़ेगा। रात दिन अपनी समस्या को लेकर ऑटो चालकों ने तिर्वा कन्नौज मार्ग पर चक्का जाम भी कर दिया था। फिलहाल अभी तक समस्या का कोई स्थाई हल नहीं निकल सका है। तिर्वा नगर में बढ़ती भीड़ में शामिल लोग आय दिन किसी न किसी दुर्घटना का शिकार हो रहे हैं। इसके चलते झगड़ा और विवाद भी अब आम बात हो गई है। नगर के तिर्वा कन्नौज मार्ग का हाल हो या फिर तिर्वा ठठिया मार्ग या फिर तिर्वा बेला वाया औरैया या कहीं तिर्वा खैरनगर वाया औसेर मार्ग का। उपरोक्त सभी मार्गों पर चलने वाले ऑटो चालक लोगों की बड़ी परेशानी का कारण बने हुए हैं। नगर की सड़कों पर दुकानदारों द्वारा फैलाया गया अतिक्रमण भी दुर्घटनाओं में अपनी अहम भूमिका निभा रहा है। बताते चलें कि, विगत दिन जारी फरमान के बाद नगर में ऑटो चालकों का प्रवेश प्रतिबंधित कर दिया गया है। और इन ऑटो चालकों के लिए उपरोक्त मार्गों पर एक निश्चित स्थान सवारियों को गंतव्य तक के जाने के लिए भी तय कर दिया गया है।इसके बाद भी ऑटो चालक अपनी परेशानियों का रोना रो रहे हैं। उनका कहना है कि, उनको सवारियां नहीं मिल रही हैं और उनकी जीविका प्रभावित हो रही है।

अपनी इस समस्या और नगर के अंदर प्रवेश ना मिल पाने को लेकर गत दिन ऑटो चालकों ने तिर्वा कन्नौज मार्ग पर तहसील मुख्यालय के निकट चक्का भी जाम कर दिया था। स्थित यह हुई कि, मुख्य मार्ग पर चक्का जाम के कारण आवागमन करने वाले वाहनों की लंबी कतारें चंद मिनटों में ही नजर आने लगीं। मामले की सूचना पर मौके पर पहुंची स्थानीय पुलिस और ऑटो चालकों के मध्य बहस होती नजर आई।

जहां ऑटो चालक अपनी मांगों को लेकर अड़े नजर आए वहीं पुलिस ने संबंधित अधिकारियों तक उनकी समस्या पहुंचा कर उनकी समस्या हल करवाने का आश्वासन भी दिया।

## खाना बनाते समय गैस सिलेंडर में लगी आग, हड़कंप

ठठिया/कन्नौज। संदीप शर्मा

घर पर खाना बनाते समय घरेलू गैस सिलेंडर में अचानक आग लग गई। आग की खबर से परिवार और गांव के ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंची दमकल टीम ने मशक्कत के बाद आग पर काबू पा पाया। जानकारी के मुताबिक थाना क्षेत्र के उपरोक्त गांव निवासी मंजू देवी बुधवार की सुबह अपने घर पर स्थित रसोई मे खाना बना रही थीं। अचानक रसोई में मौजूद घरेलू गैस सिलेंडर ने आग पकड़ ली। सिलेंडर में लगी आग देखते ही महिला रसोई से बाहर आ गई और चिल्लाने लगी। महिला के शोर पर परिवार के अन्य सदस्य मौके पर पहुंचे। इस बीच गांव में सिलेंडर में लगी आग की खबर से हड़कंप का माहौल पैदा हो गया। मामले की सूचना से दमकल टीम को अवगत कराया गया। इससे पहले कि मौके पर दमकल टीम पहुंचती, परिजनों ने किसी प्रकार आग लगे सिलेंडर को रसोई से किसी प्रकार निकालकर घर की रसोई से आंगन तक पहुंचा दिया।

# समस्याएं न सुलझीं तो दी आंदोलन की चेतावनी

▸ भाकियू (भानु) ने नगर पालिका ईओ को सौंपा ज्ञापन

समृद्धि न्यूज़, छिबरामऊ, कन्नौज।



नगर की विभिन्न जनसमस्याओं को लेकर भारतीय किसान यूनियन (भानु) के प्रतिनिधिमंडल ने नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी (ईओ) को 17 सूत्रीय ज्ञापन सौंपा। संगठन ने जलभराव, जाम, पेयजल संकट, सफाई व्यवस्था, बंद पड़ी नगर पालिका लाइब्रेरी, सार्वजनिक शौचालयों की कमी, कूड़ा प्रबंधन और अव्यवस्थित यातायात जैसी समस्याओं के शीघ्र समाधान की मांग की। ज्ञापन में नगर में स्थायी जल निकासी व्यवस्था, सार्वजनिक पेयजल आपूर्ति में सुधार, ट्यूबवेल कर्मचारियों के कार्यों की जांच, क्षतिग्रस्त डिवाइडरों की मरम्मत, रामनगर तालाब के सौंदर्यीकरण और विकास कार्यों की गुणवत्ता की समीक्षा कराने की मांग भी उठाई गई। इसके अलावा ताजपुर रोड निर्माण की जांच, मुख्य मार्गों पर अवैध बस स्टॉप बंद कराने, तालाबों से अतिक्रमण हटाने तथा शास्त्रीनगर, जेरकिला, तिवारियान और काशीराम कॉलोनी में विशेष स्वच्छता अभियान चलाने की मांग रखी गई। भाकियू (भानु) ने चेतावनी दी कि यदि जनहित की मांगों पर शीघ्र एवं पारदर्शी कार्रवाई नहीं हुई तो संगठन शांतिपूर्ण लोकतांत्रिक आंदोलन शुरू करेगा।

ईओ अजय कुमार ने समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया। इस दौरान राष्ट्रीय संगठन मंत्री अमन यादव, राष्ट्रीय सचिव आरपी ठाकुर एवं अन्य पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# सपा नेता कैश खां पर पशु क्रूरता का मुकदमा दर्ज

▸ गाय पर कुत्ते छोड़ने का आरोप
▸ कथित सीसीटीवी वीडियो सामने आने का दावा



समृद्धि न्यूज़ , कन्नौज।

समाजवादी पार्टी के नेता कैश खां के खिलाफ पशु क्रूरता अधिनियम के तहत सदर कोतवाली में एक और मुकदमा दर्ज किया गया है। पड़ोसी अदील खान की शिकायत पर पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार के निर्देश पर कार्रवाई की गई। शिकायत में आरोप है कि कैश खां ने अपने गेस्ट हाउस में एक गाय को बांधकर उस पर कुत्ते छोड़ दिए। मामले का कथित सीसीटीवी वीडियो भी सामने आने की बात कही जा रही है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। उधर, कैश खां ने सभी आरोपों को बेबुनियाद बताते हुए कहा कि उनके यहां तीन गायें पाली जाती हैं और सभी पशु शाम के समय एक साथ रहते हैं। उनका कहना है कि यदि किसी गाय को चोट पहुंची है तो उसे सार्वजनिक किया जाए। उन्होंने आरोप लगाया कि व्यक्तिगत रंजिश के चलते उनके खिलाफ झूठा मुकदमा दर्ज कराया गया है। पुलिस का कहना है कि जांच के बाद ही मामले की वास्तविक स्थिति स्पष्ट होगी।

## प्रोन्नति वेतन लाभ दिये जाने की शिक्षकों ने की मांग

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। उत्तर प्रादेशीय जूनियर हाईस्कूल पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष प्रवेश कटियार के नेतृत्व में शिक्षकों की मांगों को लेकर जिला बेसिक शिक्षाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। दिये गये ज्ञापन में मांग की गई कि पेंशन से अच्छादित शिक्षकों की जीपीएफ संबंधित कोई जानकारी विगत कई वर्षों से प्राप्त नहीं हो रही है। जनपद में कई वर्षों से २२बी प्रोन्नति वेतन मान का लाभ नहीं मिल रहा है। मध्यान्ह भोजन (पीएम पोषण) के खातों का संचालन ग्राम प्रधान के स्थान पर एसएमसी अध्यक्ष के साथ कराया जाये। महानिदेशक स्कूल शिक्षा की बैठक में स्पष्ट कहा गया कि जब तक किसी भी कर्मचारी के अवकाश शेष है। विशेषकर अकास्मिक अवकाश तब तक वेतन कटौती न की जाये।इस मौके पर जिलाध्यक्ष प्रवेश कटियार, प्रांतीय कोषाध्यक्ष मजहर मोहम्मद खां, महामंत्री नीरज शुक्ला, कोषाध्यक्ष विमलेश शाक्य, अटेवा जिलाध्यक्ष नरेन्द्र सिंह, अटेवा प्रदेश संयुक्त मंत्री ज्ञानप्रकाश त्रिपाठी आदि लोग मौजूद रहे।

# जुड़वा बच्चों की बिक्री की जांच कर रही पुलिस

▸ जांच में जुटी चाइल्ड हेल्पलाइन और पुलिस

समृद्धि न्यूज़, छिबरामऊ, कन्नौज।



विशुनगढ़ थाना क्षेत्र के एक गांव में पति की मौत के पांच वर्ष बाद विधवा महिला द्वारा जुड़वां नवजात बच्चों को कथित रूप से बेचने का मामला सामने आने के बाद बुधवार को पुलिस टीम गांव पहुंची। टीम ने ग्रामीणों से जानकारी जुटाई और पूरे प्रकरण की जांच शुरू कर दी।

जानकारी के अनुसार, वर्ष 2020 में सड़क हादसे में महिला के पति की मौत हो गई थी। बीते रविवार को प्रसव पीड़ा होने पर उसे छिबरामऊ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया, यहां उसने एक पुत्र और एक पुत्री को जन्म दिया। तबीयत बिगड़ने पर उसे मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया था। इलाज के बाद सोमवार को वह बच्चों के साथ घर लौट आई। ग्रामीणों में चर्चा है कि महिला ने सोमवार रात दोनों नवजातों को तीन लाख रुपये में अलग-अलग लोगों को बेच दिया और इसके बाद अपने अन्य बच्चों के साथ घर छोड़कर चली गई। हालांकि, इस संबंध में अभी तक आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। बुधवार को चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 की टीम, जिसमें सुपरवाइजर प्रमोद कुमार, प्रीति माला, केस वर्कर आशीष कुमार और पिंकी शामिल रहे, विशुनगढ़ पुलिस के हल्का इंचार्ज रामसजीवन वर्मा के साथ गांव पहुंची। टीम ने मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि जांच के आधार पर आगे की आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# धरना स्थल पर पहुंची संयुक्त टीम ने रास्ते की कराई निशानदेही

समृद्धि न्यूज़, छिबरामऊ, कन्नौज।



ग्राम बहबलपुर में रास्ते के विवाद को लेकर भारतीय किसान यूनियन (बलराज) का धरना बुधवार को दसवें दिन भी जारी रहा।

प्रशासन की ओर से चकबंदी लेखपाल अजय कुमार और लेखपाल प्रशांत कुमार की संयुक्त टीम ने मौके पर पहुंचकर न्यायालय के आदेश के अनुसार 13 फीट चौड़े रास्ते की निशानदेही कराई। अधिकारियों ने बताया कि संबंधित भूमि सरकारी ऊसर है और इस पर किसी भी प्रकार का निर्माण कार्य नहीं होने दिया जाएगा। यदि कोई सरकारी भूमि पर कब्जा या निर्माण का प्रयास करेगा तो उसके विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया जाएगा। ग्रामीणों ने रास्ते पर मिट्टी डलवाकर आवागमन सुचारु कराने की मांग की। इस पर उपजिलाधिकारी ने गुरुवार को स्वयं मौके पर पहुंचकर रास्ता दुरुस्त कराने का आश्वासन दिया।

किसान यूनियन ने चेतावनी दी कि यदि कार्रवाई नहीं हुई तो धरना जारी रहेगा। धरने में प्रदेश अध्यक्ष चौधरी अवधेश सिंह सहित विभिन्न जिलों के पदाधिकारी और बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।


## खबरें एक नजर में

### पांच साल से आवास की आस, अब छत भी गिरी



छिबरामऊ, कन्नौज। विकासखंड क्षेत्र की ग्राम पंचायत मिघौली के मजरा माधौवनगर में बुधवार रात एक जर्जर कच्चे मकान की छत अचानक भरभराकर गिर गई। हादसे के समय कमरे में मौजूद अंजू देवी, उनके पति पन्नालाल सैनी और उनकी नातिन मलबे की चपेट में आ गए, लेकिन सौभाग्य से तीनों की जान बच गई। सोमवार की रात तथा मंगलवार के दिन हुई मूसलाधार बारिश के कारण कच्चा जर्जर मकान बर्दाशत नहीं कर पाया और भरवारा कर नीचे गिर पड़ा। बताया जा रहा है कि छत गिरने से कमरे में रखी गेहूं की चार बोरियां, बर्तन, बिस्तर, बक्से समेत घरेलू सामान मलबे में दबकर क्षतिग्रस्त हो गया। पीड़िता अंजू देवी ने बताया कि उनका मकान लंबे समय से जर्जर था और वह पिछले पांच वर्षों से प्रधानमंत्री/ मुख्यमंत्री आवास योजना के तहत आवास के लिए ग्राम प्रधान व संबंधित अधिकारियों के चक्कर लगा रही हैं, लेकिन अब तक उन्हें कोई लाभ नहीं मिला। छत गिरने के बाद परिवार बेघर हो गया है और सुरक्षित रहने तक की जगह नहीं बची है। ग्रामीणों ने प्रशासन से तत्काल आर्थिक सहायता और आवास उपलब्ध कराने की मांग की है।

### भाकियू (हलधर) के राष्ट्रीय अध्यक्ष का आगमन आज



पुरस्कृत छात्र- छात्रा व मौजूद प्रधानाचार्य दिनेश कुमार

छिबरामऊ, कन्नौज। भारतीय हलधर किसान यूनियन के जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र कश्यप ने बताया कि राष्ट्रीय अध्यक्ष ठाकुर धीरेन्द्र सिंह सोलंकी का आगमन 6 अगस्त को यहां पर हो रहा है। जिलाध्यक्ष ने बताया इस अवसर पर पदाधिकारियों के साथ आगामी कार्यक्रम की रूपरेखा बनाने के लिए समीक्षा बैठक होगी। यहां के बाद राष्ट्रीय अध्यक्ष गुरुसहायगंज में आयोजित बैठक में शामिल होंगे।

### बस्ता प्रतियोगिता संपन्न, मेधावियों को किया सम्मानित

समृद्धि न्यूज़, जलालाबाद। कस्बा स्थित सरस्वती शिशु मंदिर/ सरस्वती विद्या मंदिर में वस्ता प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का संचालन प्रभारी दिनेश सिंह चौहान एवं कुमारी दीपिका के कुशल निर्देशन में सम्पन्न हुआ। प्रतियोगिता में विभिन्न कक्षाओं के छात्र– छात्राओं ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य दिनेश कुमार नायक ने प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र– छात्राओं को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि ऐसी प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों में अनुशासन, सृजनात्मकता और प्रतिस्पर्धा की भावना विकसित करती हैं। प्रधानाचार्य ने बताया कि विद्या भारती योजनान्तर्गत संचालित सरस्वती शिशु मंदिर जलालाबाद क्षेत्र के बालक– बालिकाओं के सर्वांगीण विकास के लिए निरंतर शैक्षणिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों का आयोजन करता रहेगा।

### जनपदीय खेल प्रतियोगिताओं का शेड्यूल तय

समृद्धि न्यूज,गुरसहायगंज कन्नौज। सत्र 2026–27 में जनपद कन्नौज में माध्यमिक विद्यालयों की जनपदीय और मण्डलीय खेल प्रतियोगिताओं की तिथि एवं स्थान का निर्धारण कर दिया गया है। जिला विद्यालय निरीक्षक पप्पू सरोज ने इस संबंध में सभी विद्यालयों को पत्र जारी कर आवश्यक तैयारियां समय से पूरी करने के निर्देश दिए हैं। डीआईओएस कार्यालय से जारी पत्रांक क्रीड़ा/4563–73/2026–27 के अनुसार संयुक्त शिक्षा निदेशक कानपुर मण्डल के निर्देश और 03.08.2026 को कल्याण बाल सरस्वती विद्या मन्दिर इण्टर कॉलेज कन्नौज में आयोजित बैठक में लिए गए निर्णय के आधार पर शेड्यूल तय किया गया है। बैठक में जनपद के समस्त राजकीय, अशासकीय सहायता प्राप्त, वित्तविहीन एवं संस्कृत मान्यता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों के प्रधानाचार्य, शारीरिक शिक्षक और क्रीड़ा प्रभारी उपस्थित थे। जिला विद्यालय निरीक्षक ने निर्देश दिए हैं कि जिन विद्यालयों में खेल निर्धारित किए गए हैं, वे निर्धारित तिथि से पहले सभी व्यवस्थाएं अपने क्रीड़ा कोष से सुनिश्चित करें। इस आदेश की प्रतिलिपि शिक्षा निदेशक माध्यमिक लखनऊ, प्राचार्य राज्य विद्यालयीय क्रीड़ा संस्थान अयोध्या, संयुक्त शिक्षा निदेशक कानपुर मण्डल, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला समन्वयक और मण्डलीय सचिव को भी भेजी गई है।

### अश्लील पोस्ट करने वाला युवक गिरफ्तार

कन्नौज। कोतवाली पुलिस ने फर्जी इंस्टाग्राम आईडी बनाकर नाबालिग किशोरी के संबंध में अश्लील सामग्री प्रसारित करने और उसे आत्महत्या के लिए दुष्प्रेरित करने के आरोप में वांछित नितिन पाल उर्फ सूर्या को चौधरियापुर तिराहे से गिरफ्तार किया। आरोपी को न्यायालय में पेश कर दिया गया।

### पॉक्सो एक्ट का वांछित आरोपी गिरफ्तार

सौरिख/कन्नौज। थाना सौरिख पुलिस ने पॉक्सो एक्ट के वांछित आरोपी तनू उर्फ राज निवासी नगला बक्श को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। आरोपी पर नाबालिग से छेड़छाड़, धमकी और मारपीट सहित पॉक्सो एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज था। पुलिस ने अभियान के तहत कार्रवाई की।

# पूर्व सभासद के नेतृत्व में निकाला चेहल्लुम का जुलूस

▸ जगह-जगह किया गया लंगर का आयोजन

समृद्धि न्यूज,गुरसहायगंज कन्नौज।



चेहल्लुम के मौके पर शहर में पूर्व सभासद एवं समाजसेवी मुनीर कुरैशी के नेतृत्व में भव्य जुलूस निकाला गया। जुलूस विभिन्न मार्गों से होता हुआ जामा मस्जिद से करबाला पहुंचा, जहां ताजियों को सुपुर्द-ए-खाक किया गया। जुलूस की अगुवाई कर रहे पूर्व सभासद मुनीर कुरैशी ने बताया कि चेहल्लुम हजरत इमाम हुसैन और उनके साथियों की शहादत की याद में मनाया जाता है। इस दिन हमें अमन, भाईचारे और इंसानियत का पैगाम देना है। जुलूस को सफल बनाने के लिए मार्गों पर सुरक्षा और सफाई की विशेष व्यवस्था की गई थी। मुनीर कुरैशी तथा आसिफ जमाल उर्फ पप्पी के प्रयासों से जुलूस के दौरान जगह-जगह लंगर का आयोजन किया गया। लोगों ने श्रद्धालुओं के लिए शरबत, फल और भोजन वितरित किया। जुलूस में मुनीर कुरैशी के साथ मुन्ना सूफी, लाल मियाँ सदर, शकील लारकी सदर, हिप्पी लारकी, मैजान कुरैशी, सुफी कमर, अजमल, अमन वों, अरशद, जियाउल और लड्डू वों सहित बड़ी संख्या में लोग शामिल रहे।

चेहल्लुम के दौरान पूरे शहर में शांति और सौहार्द का माहौल बना रहा। इस अवसर पर कोतवाली प्रभारी अजय स्वास्थ्य सहित भारी पुलिस बल मौके पर मौजूद रहा।

# वेतन वृद्धि व आठवें वेतन आयोग पर हुई चर्चा

समृद्धि न्यूज़, छिबरामऊ, कन्नौज।

बेसिक शिक्षा पेंशनर्स एसोसिएशन की बैठक जिला कोषागार परिसर में अध्यक्ष भारत सिंह वर्मा की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में सेवानिवृत्त शिक्षकों की लंबित समस्याओं पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया तथा उनके शीघ्र समाधान की मांग उठाई गई। पदाधिकारियों ने कहा कि वर्षों से लंबित प्रकरणों के कारण पेंशनर्स को अनावश्यक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बैठक में सभी ने वर्ष 2013, 2014 और 2015 की राष्ट्रीय वेतन वृद्धि से संबंधित पीओ (पेमेंट ऑर्डर) अपर निदेशक शिक्षा, कानपुर कार्यालय से अब तक जारी न होने पर गहरा असंतोष व्यक्त किया। पदाधिकारियों ने संबंधित अधिकारियों से इस मामले में शीघ्र आवश्यक कार्रवाई कर लंबित प्रकरणों का निस्तारण कराने की मांग की। इसके अलावा आठवें वेतन आयोग की संभावित सिफारिशों और उससे सेवानिवृत्त शिक्षकों को मिलने वाले लाभों पर भी विस्तार से चर्चा की गई। अंत में संगठन ने निर्णय लिया कि यदि समस्याओं का शीघ्र समाधान नहीं हुआ तो संबंधित अधिकारियों से मिलकर ज्ञापन सौंपा जाएगा। इस दौरान महामंत्री सेवकराम यादव, कोषाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद शुक्ला, वरिष्ठ उपाध्यक्ष महेश प्रसाद झा, उपाध्यक्ष भारत सिंह प्रजापति, बालिस्टर सिंह, राजाराम पाल, नवाज खान, राम शंकर शर्मा सहित अन्य पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे।

## प्राथमिक विद्यालय मदारपुर में स्कूल प्रबंधन समिति की बैठक संपन्न

फरुखाबाद, समृद्धि न्यूज। शासन के निर्देश पर परिषदीय स्कूलों में हर महीने स्कूल प्रबंधन समिति की बैठक आयोजित कराने के क्रम में प्राथमिक विद्यालय मदारपुर में एसएमसी अध्यक्ष खेतल सिंह की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक को संबोधित करते हुए समिति के सचिव राजकिशोर शुक्ल ने उपस्थित अभिभावकों को बताया कि अभी प्रवेश प्रक्रिया चल रही है, डीबीटी की 1200 रुपये की धनराशि अभिभावकों के खातों में भेजी जा चुकी है, केवाईसी के अभाव में 10 बच्चों की धनराशि नहीं भेजी जा सकती। लगातार अनुपस्थित बच्चों की सूची दी गई। नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा फार्म तथा विद्या ज्ञान परीक्षा के आवेदन आनलाईन भरे जा रहे हैं, जिसमें कक्षा 5 के बच्चों के फार्म भरे जाएंगे। इस कार्य में अभिभावक शीघ्रता करें। इस माह प्रथम सत्र परीक्षा का आयोजन किया जाएगा।

## सपा कार्यालय पर मनाई गयी जनेश्वर मिश्र की जयंती

फरुखाबाद, समृद्धि न्यूज। आवास विकास स्थित समाजवादी पार्टी कार्यालय पर पूर्व केंद्रीय मंत्री छोटे लोहिया पं. जनेश्वर मिश्र की जयंती मनाई गयी। जिलाध्यक्ष चंद्रपाल सिंह यादव की अध्यक्षता में गोष्ठी आयोजित की गई। उनके चित्र पर फूल माला चढ़ाकर उनके समाजवादी सिद्धांतों एवं जीवन मूल्यों पर चर्चा की गई। संचालन जिला महासचिव इलियास मंसूरी ने किया। जिलाध्यक्ष चंद्रपाल सिंह यादव ने कहा जनेश्वर मिश्र के सिद्धांत समाजवादी पार्टी की बुनियाद में हैं, राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव को राजनीति में लाने का फैसला उन्हीं का था। पूर्व जिलाध्यक्ष रामसेवक सिंह यादव ने कहा कि पंडित ने बागी बलिया की धरती से संघर्ष की दम पर राजनीति के शीर्ष पर अपने आपको स्थापित किया, पंडित जी के रहते हुए नेताजी ने शायद ही कोई ऐसा फैसला लिया हो जिसमें उनकी सहमति न ली हो। पूर्व महानगर अध्यक्ष सरल दुबे ने कहा समाजवादी पार्टी की सरकार के समय मुख्यमंत्री रहते हुए अखिलेश यादव ने पंडित की याद में लखनऊ के गोमती नगर में भारत ही नहीं बल्कि एशिया का सबसे बड़ा पार्क बनाया, उनके नाम से बने हुए पार्क बना है।

# हर घर तिरंगा अभियान को भाजपा ने दी धार



समृद्धि न्यूज,कन्नौज।

▸ 10 से 14 अगस्त तक निकलेगी तिरंगा यात्रा
▸ 14 अगस्त को निकलेगा मौन जुलूस

भारतीय जनता पार्टी ने बुधवार को हर घर तिरंगा एवं तिरंगा यात्रा-राष्ट्र अभिमान अभियान को लेकर जिला कार्यशाला आयोजित की। मुख्य अतिथि भाजपा प्रदेश मंत्री रजनी पांडे ने कहा कि तिरंगा यात्रा राष्ट्रभक्ति, राष्ट्रीय एकता और भारत के गौरव का जन-अभियान है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश का सम्मान विश्व पटल पर बढ़ा है और युवाओं के हाथों में तिरंगा भारत के उज्ज्वल भविष्य का प्रतीक है। कार्यशाला में अभियान की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए जिला संयोजक मुनीश मिश्रा ने बताया कि 10 से 12 अगस्त तक सभी विधानसभा क्षेत्रों में तिरंगा यात्राएं निकाली जाएंगी। 13 अगस्त को जिला मुख्यालय से विशाल तिरंगा यात्रा और 14 अगस्त को विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस पर मौन जुलूस व संगोष्ठी आयोजित होगी। जिलाध्यक्ष वीर सिंह भदौरिया ने कार्यकर्ताओं से प्रत्येक घर तक तिरंगा पहुंचाकर अभियान को जनभागीदारी का उत्सव बनाने का आह्वान किया। जिला प्रवासी अनूप अवस्थी सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## छोटे लोहिया जनेश्वर मिश्र की जयंती पर श्रद्धांजलि




समृद्धि न्यूज, छिबरामऊ, कन्नौज। सौरिख रोड स्थित पिज्जा कॉर्नर, रम्पुरा में समाजवादी विचारक एवं छोटे लोहिया के नाम से विख्यात स्वर्गीय जनेश्वर मिश्र की जयंती श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं ने उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम में वक्ताओं ने उनके समाजवादी मूल्यों, सादगी, ईमानदारी और जनसेवा के प्रति समर्पित जीवन को याद किया। विधानसभा अध्यक्ष उमेश पाल ने कहा कि जनेश्वर मिश्र का जीवन समाज के अंतिम व्यक्ति तक न्याय और सम्मान पहुंचाने के लिए समर्पित रहा। उनके आदर्श आज भी नई पीढ़ी के लिए प्रेरणास्रोत हैं। उन्होंने कार्यकर्ताओं से समाजवादी विचारधारा को मजबूत बनाने और उनके बताए मार्ग पर चलने का आह्वान किया। कार्यक्रम में प्रदेश सचिव अज्जू मिश्रा, मीडिया प्रभारी अंकुर यादव, स्वदेश पाल, प्रीति त्रिपाठी, गौरव यादव, मोनू यादव, विनय पाल और पवन मिश्रा सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# जिलाधिकारी ने सूचना व पर्यटन कार्यालय का किया निरीक्षण

समृद्धि न्यूज,कन्नौज।



जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री ने बुधवार को कलेक्ट्रेट स्थित जिला पर्यटन अधिकारी एवं जिला सूचना कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने कार्यालयों की कार्यप्रणाली, अभिलेखों के रखरखाव, स्वच्छता और उपलब्ध संसाधनों का जायजा लिया। जिला सूचना कार्यालय में अभिलेखों के सुव्यवस्थित रखरखाव की सराहना करते हुए खाली गत्ते और अनुपयोगी सामग्री हटाकर कार्यालय को व्यवस्थित रखने के निर्देश दिए। शासन से मिले एलईडी टीवी को शीघ्र चालू कराने तथा सूचना कार्यालय के पास खाली भूमि की सफाई कर परिसर को स्वच्छ और आकर्षक बनाने को कहा। निरीक्षण के दौरान एडीएम (वि./रा.) देवेंद्र सिंह सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## शिक्षक संघ ने डीआईओएस को सौंपा ज्ञापन

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ ने बुधवार को जिला विद्यालय निरीक्षक को ज्ञापन सौंपकर माध्यमिक शिक्षकों की लंबित समस्याओं के जल्द निस्तारण की मांग की है। शिक्षक संघ ने डीआईओएस की कार्यशैली पर निराशा व्यक्त करते हुए कहा कि उनके कार्यभार ग्रहण करने के बाद से संगठन द्वारा लगभग 4 ज्ञापन दिए जा चुके हैं, परन्तु अभी तक किसी भी समस्या का समाधान नहीं किया गया है। संघ ने चेतावनी दी कि समस्याओं का शीघ्र निस्तारण किया जाये। मांग की कि क्रिश्चियन इण्टर कॉलेज के शिक्षकों एवं कर्मचारियों का जुलाई 2026 का वेतन अविलंब जारी किया जाए। क्रिश्चियन इण्टर कॉलेज के व्यायाम शिक्षक अतुल अन्थोनी दास को प्रवक्ता पदनाम देने संबंधी पत्रावली विद्यालय से मंगाने के लिए प्रबंधक/ प्रधानाचार्य को अंतिम पत्र जारी किया जाए।

# आधुनिक तकनीक अपनाने से बढ़ेगा दुग्ध उत्पादन

▸ दुग्ध स्वर्ण महोत्सव के तहत डेयरी कॉन्क्लेव
▸ गो-संवर्धन योजना के लाभार्थियों को मिले चयन-पत्र

समृद्धि न्यूज,कन्नौज।



दुग्ध स्वर्ण महोत्सव के अंतर्गत बुधवार को विकास भवन के हर्षवर्धन सभागार में जनपद स्तरीय डेयरी कॉन्क्लेव आयोजित किया गया। मुख्य विकास अधिकारी राजेंद्र कुमार श्रीवास ने कहा कि वैज्ञानिक पशुपालन और आधुनिक डेयरी प्रबंधन ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के साथ किसानों की आय बढ़ाने का प्रभावी माध्यम है। उन्होंने पशुपालकों से संतुलित पशु आहार, नियमित टीकाकरण, कृत्रिम गर्भाधान और आधुनिक तकनीकों को अपनाने का आह्वान किया। साथ ही अधिकारियों को विभागीय योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र पशुपालक तक समयबद्ध ढंग से पहुंचाने के निर्देश दिए।

मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. सरदूल सिंह ने पशु स्वास्थ्य प्रबंधन, संक्रामक रोगों की रोकथाम और गुणवत्तापूर्ण दुग्ध उत्पादन के उपाय बताए। कॉन्क्लेव में विशेषज्ञों ने आधुनिक डेयरी प्रबंधन, मूल्य संवर्धन और सरकारी योजनाओं की जानकारी दी। मुख्यमंत्री गो-संवर्धन योजना के तहत चयनित लाभार्थियों को चयन-पत्र वितरित किए गए। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के अधिकारी, स्वयं सहायता समूहों के सदस्य, किसान और बड़ी संख्या में पशुपालक मौजूद रहे।

# नीलगाय से टकराकर श्रद्धालुओं से भरा टेम्पो पलटा

**समृद्धि न्यूज,नवाबगंज।**

नवाबगंज थाना क्षेत्र में एक दर्दनाक सड़क हादसा सामने आया है। कम्पिल स्थित मंदिर में दर्शन के लिए जा रहे श्रद्धालुओं से भरा एक तेज रफ्तार टेम्पों अचानक सड़क पर आई नीलगाय से टकराकर अनियंत्रित होकर पलट गया। इस भीषण हादसे में टेम्पो चालक और एक डेढ़ वर्षीय मासूम समेत आधा दर्जन से अधिक लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। मासूम की हालत बेहद नाजुक बनी हुई है। सभी को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया।

जानकारी के अनुसार, कोतवाली मोहम्मदाबाद क्षेत्र के गांव तकीपुर दाढ़ी नगला के रहने वाले कुछ श्रद्धालु कम्पिल स्थित मंदिर में दर्शन करने जा

**▸ डेढ़ वर्षीय मासूम समेत आधा दर्जन से अधिक घायल**

रहे थे। टेम्पो को मोहम्मदाबाद के ही गांव स्वान खान निवासी सचिन कुमार चला रहे थे। जब यह टेम्पो नवाबगंज थाना क्षेत्र के अंतर्गत गांव करनपुर और बांसमई के बीच पहुंचा, तभी खेतों से दौड़ती हुई एक नीलगाय अचानक मुख्य मार्ग पर आ गई। सामने अचानक नीलगाय के आ जाने से टेम्पो चालक नियंत्रण खो बैठा और तेज रफ्तार टेम्पो सीधे उससे जा टकराया।

टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि टेम्पो सड़क पर ही बुरी तरह पलट गया। इस दुर्घटना में टेम्पो में सवार घायल मीरा देवी और उनके बच्चे अनाया (8 वर्ष) व अभि (3 वर्ष), खुशबू और उनका डेढ़ वर्षीय पुत्र अर्जुन, रिया पुत्री मुकुल सिंह, सुंदरी, गुंजन, सचिन कुमार टेम्पो चालक घायल हो गये। हादसे के तुरंत बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई और अफरा-तफरी का माहौल हो गया। घायलों की आवाज सुनकर आसपास काम कर रहे ग्रामीण तुरंत दौड़कर घटनास्थल पर पहुंचे। उन्होंने भारी मशक्कत के बाद पलटे हुए टेम्पो को सीधा किया और उसमें फंसे लोगों को बाहर निकाला। ग्रामीणों ने सूझबूझ दिखाते हुए तत्काल आपातकालीन सेवा 108 एंबुलेंस को फोन कर सूचना दी। इसके साथ ही, परिजनों व स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को नवाबगंज नगर के एक निजी अस्पताल में ले जाया गया। घायलों में खुशबू के डेढ़ वर्षीय पुत्र अर्जुन को सबसे गंभीर चोटें आई हैं। उसकी नाजुक हालत को देखते हुए चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे बेहतर इलाज के लिए रेफर कर दिया है। अन्य घायलों का इलाज जारी है।


अस्पताल में भर्ती घायल बच्चे

# निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का हुआ आयोजन

**▸ 280 मरीजों को मिला लाभ**

**समृद्धि न्यूज,फर्रुखाबाद।**

समाजवादी पार्टी के प्रदेश सचिव और अमृतपुर विधानसभा क्षेत्र से पूर्व प्रत्याशी डॉ. जितेन्द्र सिंह यादव के नेतृत्व में चलाए जा रहे जनसेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत एक विशाल निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर अमृतपुर विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत बरुआ में लगाया गया। जिसका उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र के लोगों तक बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाना था। स्वास्थ्य टीम द्वारा कुल 280 मरीजों का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण किया गया और उन्हें आवश्यक चिकित्सीय परामर्श दिए गए। ग्रामीणों को मौसमी बीमारियों व अन्य स्वास्थ्य समस्याओं के प्रति जागरूक भी किया गया। मरीजों के स्वास्थ्य की गहन जांच करने के लिए शिविर में अनुभवी डॉक्टरों की एक विशेष टीम मौजूद रही। डॉ. अरविंद कुमार वर्मा, डॉ. शिवम गुप्ता, डॉ. आशुतोष कुशवाहा, डॉ. सरिता कुमारी, डॉ. सृष्टि वर्मा ने मरीजों की जांच की और उन्हें उचित इलाज मुहैया कराया।


ग्रामीणों का स्वास्थ्य परीक्षण करते चिकित्सक

# डॉ. राजीव कुमार पाठक राष्ट्रीय हिन्दू शक्ति संगठन के बने राष्ट्रीय सचिव

**समृद्धि न्यूज,फर्रुखाबाद।** राष्ट्रीय हिन्दू शक्ति संगठन ने फतेहगढ़ के निवासी डॉ0 राजीव कुमार पाठक को एक महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपते हुए उन्हें संगठन का राष्ट्रीय सचिव मनोनीत किया है। संगठन के मुजफ्फरनगर स्थित कैम्प कार्यालय से राष्ट्रीय संयोजक संजय अरोड़ा द्वारा नियुक्ति पत्र जारी कर उन्हें जिम्मेदारी सौंपी है। इस नियुक्ति से पूर्व, राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व राज्यसभा सांसद अनिल अग्रवाल तथा महिला इकाई की राष्ट्रीय अध्यक्ष सरिता शर्मा अरोड़ा से विस्तृत विचार-विमर्श किया गया। डॉ0 पाठक के नाम की संस्तुति होने के बाद प्रदेश अध्यक्ष प्रमोद वाजपेयी द्वारा जानकारी दी गई है। समाजसेवी डॉ. राजीव कुमार पाठक ने बताया कि जो जिम्मेदारी दी गई है उसका निर्वाहन करते हुए हिन्दुत्व के कार्य व समाजसेव व संगठन को सशक्त बनाने के लिए निष्ठापूर्ण भाव से मजबूत करेंगे। राष्ट्रीय संयोजक संजय अरोड़ा, राष्ट्रीय संगठन मंत्री प्रवीण जैन ने नियुक्ति पत्र जारी कर डॉ. राजीव पाठक को बधाई दी है। उनके राष्ट्रीय सचिव बनने पर समर्थकों ने फूल मालाओं से स्वागत कर मिठाई खिलाकर उन्हें बधाई दी।


डॉ. राजीव कुमार पाठक

# विश्व स्तनपान सप्ताह के पांचवें दिन जागरूकता अभियान आयोजित

**समृद्धि न्यूज,फर्रुखाबाद।**

विश्व स्तनपान सप्ताह के उपलक्ष्य में मेजर एसडी सिंह पीजी आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल में 5वें दिन जन-जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। अभियान का उद्देश्य माताओं को जन्म से लेकर शिशु के पहले 6 माह तक केवल माँ का दूध का सेवन कराने के महत्व एवं शिशु की समुचित देखभाल के प्रति जागरूक किया गया। विश्व स्तर पर भी जन्म के बाद पहले 6 माह तक केवल स्तनपान कराने की जनकारी दी, क्योंकि इससे शिशु के पोषण, प्रतिरक्षा और स्वस्थ विकास को महत्वपूर्ण लाभ मिलता है। कार्यक्रम में कॉलेज के चिकित्सकों एवं स्त्री रोग एवं प्रसूति तंत्र विभागों के पीजी स्कॉलर्स ने गर्भवती एवं धात्री माताओं को स्तनपान के वैज्ञानिक एवं आयुर्वेदिक महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जन्म के तुरंत बाद शिशु को माँ का पहला गाढ़ा पीला दूध अवश्य पिलाना चाहिए, क्योंकि यह शिशु की पहली प्राकृतिक सुरक्षा कवच के रूप में कार्य करता है। विशेषज्ञों ने माताओं को बताया कि जन्म से 6 माह की आयु तक शिशु को केवल माँ का दूध ही दिया जाना चाहिए। इस अवधि में शिशु को पानी, शहद, घुट्टी, गाय का दूध या अन्य कोई भी बाहरी आहार देने की कोई आवश्यकता नहीं होती। छह माह पूर्ण होने के बाद पौष्टिक ऊपरी आहार प्रारम्भ करते हुए स्तनपान को दो वर्ष या उससे अधिक समय तक जारी रखना चाहिए। कार्यक्रम के दौरान माताओं को शिशु की स्वच्छता, समय-समय पर टीकाकरण, उचित पोषण, पर्याप्त नींद, संक्रमण से बचाव तथा नियमित स्वास्थ्य परीक्षण के विषय में भी जानकारी दी गई। साथ ही स्तनपान से जुड़ी भ्रांतियों को दूर करते हुए बताया गया कि माँ का दूध शिशु की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने, मानसिक एवं शारीरिक विकास को बेहतर बनाने तथा कुपोषण एवं संक्रमण के खतरे को कम करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

उपस्थित माताओं ने विशेषज्ञों से अपने प्रश्न पूछे, जिनका चिकित्सकों एवं पीजी स्कॉलर्स द्वारा समाधान किया गया। कॉलेज प्रशासन ने सभी माताओं से अपील की कि वे अपने शिशु के स्वास्थ्य एवं उज्ज्वल भविष्य के लिए जन्म से छह माह तक केवल स्तनपान अवश्य कराएं तथा परिवार एवं समाज भी स्तनपान कराने वाली माताओं का पूर्ण सहयोग करें।



कार्यक्रम में मौजूद लोग

## बीडीओ ने पंचायत सचिवों के साथ की साप्ताहिक बैठक

**समृद्धि न्यूज,नवाबगंज।** नवाबगंज विकास खंड कार्यालय में खंड विकास अधिकारी अमरेश सिंह चौहान ने ग्राम पंचायत सचिवों के साथ साप्ताहिक बैठक की। बैठक के दौरान विभिन्न विकास कार्यों की समीक्षा की गई और कई आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। समीक्षा में सबसे पहले प्रधानमंत्री आवास और मुख्यमंत्री आवास योजना पर चर्चा की गई। बीडीओ ने निर्देश दिए कि हाल ही में किए गए सर्वे में चयनित लाभार्थियों के प्रपत्र जल्द से जल्द जमा कराए जाएं। बैठक में विभिन्न नई ग्रामीण योजनाओं के बारे में अहम जानकारियां साझा की गईं। साथ ही, प्रधानों के प्रशासक बनने के बाद गांवों में कराए जाने वाले विकास कार्यों को लेकर भी बीडीओ ने सचिवों को महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश दिए। ग्राम पंचायतों में साफ-सफाई और स्वच्छता पर विशेष जोर दिया गया। खंड विकास अधिकारी ने सचिवों को निर्देशित किया कि गांवों में स्वच्छता अभियान को प्राथमिकता दी जाए, ताकि क्षेत्र में संक्रामक बीमारियां न पनप सकें। इसके अतिरिक्त, विकास कार्यों से जुड़े कई अन्य महत्वपूर्ण बिंदुओं पर भी गहनता से चर्चा की गई। इस मौके पर खंड विकास अधिकारी अमरेश सिंह चौहान, एडीओ पंचायत किशन पाल सिंह, एडीओ ग्राम्य विकास सुखदेश सिंह के अलावा ग्राम पंचायत सचिव अनुपम बाजपेई, प्रमोद शुक्ला, बृजेश कुमार, अरविंद कुमार, प्रवीण कुमार, कामता प्रसाद पटेल, वेद प्रकाश, आनंद गंगवार, मोतीलाल और सुनील कुमार सहित कई अन्य लोग मौजूद रहे।


बैठक लेते बीडीओ

# खबरें एक नजर में

## एसडीएम ने बाढ़ संभावित क्षेत्रों की व्यवस्थाओं का लिया जायजा


राहत सामग्री का निरीक्षण करते अधिकारी

**समृद्धि न्यूज,कायमगंज।** उपजिलाधिकारी कायमगंज द्वारा तहसील क्षेत्र के बाढ़ प्रभावित/बाढ़ संभावित ग्राम झौआ एवं कटरी तौफीक का स्थलीय निरीक्षण कर वहां की स्थिति एवं उपलब्ध व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। निरीक्षण के दौरान संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि जिन ग्रामों एवं स्थानों पर आवश्यकता हो, वहां नाव एवं स्टीमर की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। साथ ही ग्रामीणों से निरंतर संवाद बनाए रखते हुए उनकी आवश्यकताओं पर सतत दृष्टि रखी जाए। क्षेत्रीय लेखपालों एवं अन्य संबंधित अधिकारियों/कर्मचारियों द्वारा निरंतर क्षेत्र का भ्रमण कर स्थिति की निगरानी की जा रही है। आवश्यकतानुसार बाढ़ शरणालय, बाढ़ चौकी तथा अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं को प्रभावी बनाए रखने हेतु समुचित प्रयास किए जा रहे हैं, जिससे आवश्यकता पड़ने पर त्वरित सहायता उपलब्ध कराई जा सके। जनपद प्रशासन द्वारा बाढ़ संबंधी परिस्थितियों पर सतत निगरानी रखी जा रही है तथा आवश्यकतानुसार सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जा रही हैं।

## उधारी के रुपये मांगने पर दबंगों ने युवक को पीटा

**समृद्धि न्यूज,नवाबगंज।** थाना क्षेत्र के गांव बराकेशव निवासी अरविंद कुमार का गांव के ही एक युवक पर 3 हजार रुपए बकाया था। अरविंद में कई बार युवक से अपने रुपए मांगे, लेकिन युवक टालमटोल करता रहा। लगभग 5 दिन पूर्व इसी बात को लेकर अरविंद से युवक का वाद विवाद हो गया था। अरविंद मंगलवार को एक गाय खरीदकर अपने घर लाया था। वह जैसे ही गांव में पहुंचा, युवक व उसके साथियों ने अरविंद को रास्ते में गाली-गलौज करना शुरू कर दिया। अरविंद ने इसका विरोध किया तो युवक व उसके साथियों ने अरविंद को लात घूंसो व लाठी डंडों से मारपीट कर दी। मारपीट में अरविंद चोटिल हो गए। बुधवार को सुबह थाने पहुंचकर अरविंद ने युवक व उसके साथियों के खिलाफ तहरीर दी। पुलिस ने जांचकर कार्यवाही करने का भरोसा दिया।

## जनपद स्तरीय डेयरी कॉन्क्लेव का हुआ आयोजन

**समृद्धि न्यूज,फर्रुखाबाद।** फतेहगढ़ स्थित विकास भवन में जनपद स्तरीय डेयरी कॉन्क्लेव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य पशुपालकों और किसानों को सरकार की लाभकारी योजनाओं से जोड़ना तथा उन्हें जागरूक करना था। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्यालय से सीधे जूम लिंक के माध्यम से किया गया। कार्यक्रम के दौरान अतिथियों के द्वारा श्मुख्यमंत्री स्वदेशी गौ-संवर्धन योजना, मिनी नंदिनी कृषक समृद्धि योजना और नंदिनी कृषक समृद्धि योजना के लाभार्थियों को स्वीकृति पत्र वितरित किए गए। मुख्य अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष फतेहचन्द्र वर्मा ने लाभार्थियों को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार सदैव किसानों के हित में महत्वपूर्ण योगदान देती है। वहीं, विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित मुख्य विकास अधिकारी विनोद कुमार गौड़ ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए किसानों से इन सरकारी योजनाओं से अधिक से अधिक संख्या में जुड़ने का आग्रह किया। कार्यक्रम के दौरान उप-पशुचिकित्साधिकारी ने उपस्थित किसानों को जैविक खेती को बढ़ावा देने की आवश्यकता से अवगत कराया। सृजनी महिला मिल्क प्रोड्यूसर कंपनी के क्लस्टर मैनेजर आदित्य पांडेय ने महिला किसानों को ए0एम0सी0यू0 प्रशिक्षण और जागरूकता के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। इस अवसर पर मुख्य पशु चिकित्साधिकारी, उप-पशु चिकित्साधिकारी, जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी, जिला कृषि अधिकारी शैलेन्द्र कुमार वर्मा, सहायक निदेशक मत्स्य, कृषि वैज्ञानिक डॉ0 अरविन्द कुमार और ज्ञान डेयरी के सहायक प्रबंधक आरआर यादव सहित कई अन्य अधिकारीगण मौजूद रहे।

# 33 गांव बाढ़ की चपेट में शुरू हुआ राहत शरणालय

**समृद्धि न्यूज,राजेपुर।**

जिले में गंगा नदी के लगातार बढ़ते जलस्तर से बाढ़ की स्थिति गंभीर बनी हुई है। बाढ़ का असर अब 33 गांवों तक पहुंच चुका है, जिनमें सबसे अधिक प्रभावित क्षेत्र अमृतपुर तहसील का है। हालात को देखते हुए जिला प्रशासन ने बाढ़ प्रभावित परिवारों के लिए राजेपुर ब्लॉक क्षेत्र में राहत शरणालय शुरू किया है, जहां सुरक्षित रहने, भोजन और चिकित्सा की समुचित व्यवस्था की गई है। राजेपुर से जमापुर जाने वाले मार्ग पर चित्रकूट डिप के पास स्थित एक फार्मेसी कॉलेज भवन को अस्थायी राहत शरणालय बनाया गया है। यहां एक समय में लगभग 80 लोगों के ठहरने की व्यवस्था की गई है। कमरों में गद्दे बिछाए गए हैं तथा विद्युत व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के लिए जल्द ही जनरेटर भी उपलब्ध कराया जाएगा। शरणालय में महिलाओं और पुरुषों के लिए अलग-अलग रहने की व्यवस्था के साथ अलग शौचालय भी बनाए गए हैं। प्रशासन की ओर से सुबह और शाम दोनों समय भोजन उपलब्ध कराया जा रहा है। साथ ही जरूरतमंदों के लिए दवाइयों और प्राथमिक उपचार की भी व्यवस्था की गई है। राहत शिविर में क्षेत्रीय लेखपाल सहित अन्य प्रशासनिक कर्मचारी लगातार मौजूद रहकर व्यवस्थाओं की निगरानी कर रहे हैं। बाढ़ प्रभावित चित्रकूट गांव के निवासी महेश ने बताया कि उनका गांव चारों ओर से बाढ़ के पानी से घिर चुका है।

# पत्नी प्रेमी के साथ फरार, क्षुब्ध पति ने लगाई फांसी

**समृद्धि न्यूज, कंपिल।**

पत्नी के साढ़ू के घर जाने से क्षुब्ध राजमिस्त्री ने फंदा लगाकर खुदकुशी कर ली। स्वजनों ने महिला पर पड़ोसी युवक के साथ रुपए व जेवर ले जाने का आरोप लगाया। शव देखकर स्वजन बिलखने लगे। फारेंसिक टीम ने भी साक्ष्य जुटाए। पुलिस ने शव पीएम के लिए भेज दिया।

जानकारी के अनुसार क्षेत्र के गांव सिसैया नगला निवासी श्रीकृष्ण जाटव के 33 वर्षीय पुत्र उमेश चंद्र ने बुधवार दोपहर लगभग दो बजे कंपिल कायमगंज मार्ग पर स्थित गीतापुरम कालोनी के निकट बाग में आम के पेड़ पर शर्ट से फंदा लगाकर खुदकुशी कर ली। कालोनी में मौजूद लोगों ने फंदे पर लटके युवक को देख पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंचे दारोगा हरीश कुमार ने जांच पड़ताल कर मृतक के स्वजनों को सूचना दी। शव देखकर स्वजन बिलखने लगे। फारेंसिक टीम ने भी घटना स्थल पहुंच साक्ष्य जुटाए। मृतक के भाई राजकुमार ने दी तहरीर में बताया कि उनके घर एक पड़ोसी गांव के युवक का आना जाना था। इसी दौरान मृतक की पत्नी पिंकी के संबंध युवक के साथ हो गए। लगभग पच्चीस दिन पूर्व मृतक के साढ़ू का लड़का महिला व दो बच्चों के साथ उसके घर चली गई। कुछ दिन रहने के बाद वह वहां से युवक के साथ चली गई। इसी बात से क्षुब्ध युवक ने फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। थाना प्रभारी नितिन कुमार ने बताया मामले की जांच की जा रही है। शव पीएम के लिए भेज दिया गया है। अन्य पहलुओं पर भी जांच की जा रही है।


जांच पड़ताल करती पुलिस


मृतक का फाइल फोटो

## जमीनी विवाद में दो पक्षों में चले लाठी-डंडे, छह घायल

**समृद्धि न्यूज,कंपिल।** जमीनी विवाद में दो पक्ष आमने सामने हो गए। जमकर लाठी डंडे ईंट पत्थर व फायरिंग हुई। जिससे दोनों पक्षों से छः लोग घायल हो गए। पुलिस मामले की जांच कर रही है। क्षेत्र के गांव शेखपुर हुसंगा निवासी जदुवीर का गांव के ही सचिन व शिवकुमार से दस विस्वा जमीन को लेकर विवाद चल रहा है। जदुवीर ने बताया कि बुधवार सुबह लगभग नौ बजे दूसरे पक्ष के लोग जमीन पर झोपड़ी व खूंटे गाड़कर कब्जा करने लगे। विरोध करने पर वाद विवाद होने लगा। विवाद बढ़ते ही दोनों पक्ष आमने सामने हो गए। जमकर लाठी डंडे ईंट पत्थर चले। दोनों पक्षों ने एक दूसरे पर कई राउंड फायरिंग करने का आरोप लगाया। मारपीट में प्रथम पक्ष से जदुवीर, श्रीकृष्ण, अजयपाल, शिशुपाल, नरवीर व दूसरे पक्ष से मनोज घायल हो गए। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की। पुलिस ने सभी घायलों को इलाज के लिए सीएचसी भेज दिया।

# दस अगस्त तक चलेगा दिव्यांग रोजगार अभियान


बैठक में मौजूद सीडीओ व आईटीआई के प्रधानाचार्य

**समृद्धि न्यूज,फर्रुखाबाद।**

मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में उप्र कौशल विकास मिशन के अन्तर्गत जनपद में जिला कौशल समिति के सदस्यों एवं आवद्ध समस्त राजकीय/निजी प्रशिक्षण प्रदाताओं के साथ विकास भवन सभागार फतेहगढ़ में समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। जिसमें वित्तीय वर्ष 2026-27 का जिला कौशल विकास योजना (डी.एस.डी.पी.) में कुल 20 सेक्टर में 5300 अभ्यर्थियों को प्रशिक्षण देने हेतु समिति के सदस्यों एवं आवद्ध समस्त राजकीय/निजी प्रशिक्षण प्रदाताओं के प्रतिनिधियों के प्रस्ताव के आधार पर अनुमोदित किया गया।

साथ ही उप्र कौशल विकास मिशन के अन्तर्गत चलाये जा रहे दिव्यांगजन रोजगार अभियान 3.0, 03 से 10 अगस्त तक चलेगा। जिसमें आई.टी.आई., कौशल विकास से प्रशिक्षित व अन्य योग्यताधारी दिव्यांगजनों को सेवायोजित/स्व.रोजगार से लाभानिवत करने हेतु मुख्य विकास अधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया। बैठक में जिला समन्वयक राजवीर सिंह, उ.प्र.कौ.वि.मि. फर्रुखाबाद, समस्त स्टॉफ व समिति के सदस्यों एवं आवद्ध समस्त राजकीय/निजी प्रशिक्षण प्रदाताओं के प्रतिनिधियों की उपस्थिति रही।

# संत रविदास जयंती पर निकली कलश वंदन यात्रा


कलश वंदन यात्रा में मौजूद भाजपा नेता

**समृद्धि न्यूज, नवाबगंज।**

अमृतपुर विधानसभा के नवाबगंज मंडल में संत सद्गुरु रविदास महाराज के 650वें जयंती वर्ष पर समरसता संकल्प अभियान के तहत कलश वंदन यात्रा का आयोजन किया गया। पवित्र कलश संत रविदास की जन्मस्थली वाराणसी से लाया गया है।

यात्रा का शुभारंभ नगर पंचायत नवाबगंज के वार्ड नंबर 16 नगला जोधा से नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल कुमार राजपूत तथा भाजपा कार्यकर्ताओं के जोरदार स्वागत और पूजन-अर्चन के साथ हुआ। नगला जोधा से शुरू होकर यह कलश वंदन यात्रा मंझना, रोशनाबाद, हुसैनपुर तराई और चिलसरा सहित क्षेत्र के विभिन्न गाँवों से होकर गुजरी। यात्रा मार्ग में स्थान-स्थान पर नगरवासियों एवं क्षेत्रवासियों ने पुष्पवर्षा कर कलश यात्रा का भव्य स्वागत किया। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष फतेहचंद्र राजपूत, कुलदीप गंगवार, संदीप शाक्य, नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल राजपूत, यात्रा संयोजक वीरेंद्र कठेरिया, रामनरेश गौतम, मनोज गंगवार, राजीव चतुर्वेदी, आदेश राठौर, कमल भारद्वाज उपस्थित रहे। यात्रा में कृष्ण मुरारी राजपूत, हेम सिंह लोधी, आकाश सिंह ठाकुर, ललित श्रीवास्तव, धर्मेंद्र राजपूत, कन्हैयालाल दिवाकर, देशराज शाक्य, रजनीश अवस्थी, सुरजीत गंगवार, सर्वेंद्र गंगवार, नरेंद्र गुप्ता और रत्नेश गोस्वामी सहित आदि मौजूद रहे।

# बाढ़ प्रभावितों को हरसंभव राहत उपलब्ध कराना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता: डीएम

**समृद्धि न्यूज,अमृतपुर।**

जिलाधिकारी डॉ. अंकुर लाठर ने तहसील अमृतपुर अंतर्गत विकासखंड राजेपुर के बाढ़ प्रभावित ग्राम तीस राम की मड़ैया का स्थलीय निरीक्षण कर जिला प्रशासन द्वारा संचालित राहत एवं बचाव कार्यों का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि बाढ़ प्रभावित प्रत्येक परिवार तक समयबद्ध एवं पारदर्शी ढंग से राहत सामग्री उपलब्ध कराई जाए तथा किसी भी प्रभावित व्यक्ति को आवश्यक सहायता से वंचित न रखा जाए।

डीएम ने राहत शिविरों, खाद्यान्न वितरण, पेयजल, चिकित्सा सुविधाओं, स्वच्छता व्यवस्था तथा पशुओं के लिए चारा आदि की

**▸ शरणार्थियों को फंगल इन्फेक्शन आदि दवाओं का किया जाये वितरण**

**▸ डीएम ने बाढ़ प्रभावित ग्राम तीस राम मड़ैया का किया निरीक्षण**

उपलब्धता की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने प्रभावित क्षेत्रों में निरंतर निगरानी बनाए रखते हुए आवश्यकतानुसार राहत सामग्री का वितरण सुनिश्चित किया।

उन्होंने बाढ़ प्रभावित ग्रामीणों से संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं तथा उन्हें आश्वस्त किया कि जिला प्रशासन उनकी हर संभव सहायता के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप सभी राहत एवं बचाव कार्य प्राथमिकता के आधार पर किए जा रहे हैं तथा प्रत्येक प्रभावित परिवार तक आवश्यक सहायता पहुंचाई जा रही है। डीएम ने सीएमओ को निर्देश दिए कि बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में नियमित स्वास्थ्य परीक्षण कराया जाए। ग्रामवासियों को क्लोरीन, डीहाईड्रेशन, फंगल इन्फेक्शन एवं एंटी वेनम की दवाओं का वितरण किया जाए।

उन्होंने बेसिक खण्ड शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिए कि बाढ़ प्रभावित ग्राम में बच्चों के अध्ययन कार्य हेतु शिक्षक की तैनाती की जाए। डीएम ने नाव से राहत एवं बचाव कार्यों का जायजा लिया तथा तहसील अमृतपुर के विकासखंड राजेपुर स्थित रामनिवास महाविद्यालय के अवध इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मेसी भवन में बाढ़ प्रभावित लोगों के लिए संचालित शरणालय स्थल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने शरणालय में रह रहे लोगों को उपलब्ध कराई जा रही व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा संबंधित अधिकारियों को सभी आवश्यक सुविधाएं गुणवत्तापूर्ण ढंग से उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने बाढ़ प्रभावित लोगों से संवाद कर उनकी समस्याओं एवं आवश्यकताओं की जानकारी ली। संबंधित शरणालय स्थल उनके पशुओं को भी संरक्षित रखकर पशुओं का नियमित स्वास्थ्य परीक्षण एवं उपचार कराकर उनका टीकाकरण भी कराएं। निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक आरती सिंह, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अरुण कुमार सिंह, उपजिलाधिकारी अमृतपुर स्वेता साहू, नायब तहसीलदार अभिषेक, खंड विकास अधिकारी सुनील जायसवाल, राजस्व, स्वास्थ्य, पुलिस एवं अन्य विभागों के अधिकारी तथा कर्मचारी उपस्थित रहे।


बाढ़ क्षेत्र का स्टीमर से निरीक्षण करती डीएम व एसपी

# मिड-डे मील की खबर प्रकाशित होने के बाद जांच तेज

**समृद्धि न्यूज,नवाबगंज।**

**खबर का समृद्ध असर**

नगर पंचायत नवाबगंज क्षेत्र के वार्ड नंबर 16 स्थित प्राथमिक विद्यालय डभौआ में बीते सप्ताह मिड-डे मील (एमडीएम) योजना के तहत सरकारी राशन में विद्यालय स्टाफद्वारा हेराफेरी करने का मामला सामने आया था।

समृद्धि न्यूज में खबर प्रकाशित होने और एक ऑडियो वायरल होने के बाद उच्चाधिकारियों ने मामले का कड़ा संज्ञान लिया है। वायरल ऑडियो में स्टाफ की यह हेराफेरी स्पष्ट रूप से उजागर हो रही थी। मामले की जानकारी के लिए जब खंड शिक्षा अधिकारी से संपर्क किया गया, तो लगातार चार बार कॉल करने के बावजूद उन्होंने फोन नहीं उठाया। इसके बाद बेसिक शिक्षा अधिकारी से वार्ता की गई। बीएसए ने बताया कि यह प्रकरण उनके संज्ञान में है और मामले की निष्पक्ष जांच के लिए एक कमेटी गठित कर दी गई है। जांच कमेटी की रिपोर्ट आने के बाद दोषियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। वहीं, कुछ समय बाद खंड शिक्षा अधिकारी अमर सिंह राणा ने बताया कि विद्यालय प्रशासन को नोटिस जारी कर दिया गया है। उन्हें अपना स्पष्टीकरण देने के लिए दो दिन का समय दिया गया है। विद्यालय का जवाब आने के बाद नियमानुसार आगे की कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

# कराटे प्रतियोगिता में बच्चों ने दिखाया दम

**समृद्धि न्यूज,फर्रुखाबाद।**

बढ़पुर स्थित क्रिश्चियन इंटर कॉलेज में जनपद स्तरीय माध्यमिक कराटे प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में जिले भर के विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने पूरे उत्साह के साथ प्रतिभाग किया और अपनी खेल प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। माध्यमिक खेल सचिव अतुल एंथोनी और कराटे एसोसिएशन ऑफ़ फर्रुखाबाद की देखरेख में संपन्न हुई। प्रतियोगिता के विजेता खिलाड़ी अब आगामी 11 अगस्त को क्रिश्चियन कॉलेज में ही आयोजित होने वाली मंडल स्तरीय प्रतियोगिता में जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे। विभिन्न आयु एवं भार वर्गों के विजेता खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। अंडर-14 और अंडर-17 (बालक एवं बालिका) वर्गों में प्रथम स्थान प्राप्त कर मंडल स्तर के लिए चयनित हुए खिलाड़ियों का विवरण-अंडर-14 (बालक वर्ग) 25 किलो भार वर्ग में वीर प्रताप-मदर मेमोरियल पब्लिक स्कूल, 30 किग्रा0 में आयुष शाक्य, 35 किग्रा0 श्रेयांश रस्तोगी, 40 किग्रा0 यश जेएन मेमोरियल स्कूल, 45 किग्रा0 ऋषभ डीपीएस, 50 किग्रा0 में अर्चित जेएन मेमोरियल स्कूल, 55 किग्रा0 अभिनय जेएन मेमोरियल स्कूल, अंडर-17 (बालक वर्ग) 35 किग्रा भार वर्ग अंशुमन जेएन मेमोरियल स्कूल, 50 किग्रा0 नैतिक रस्तोगी इंटर कॉलेज, 62 किग्रा0 आदित्य कुमार राजकीय इंटर कॉलेज, अंडर-14 बालिका वर्ग भार वर्ग 30 किग्रा में साक्षी नारायण आर्य कन्या पाठशाला इंटर कॉलेज, 34 किग्रा0 में आर्निका एसआर दयाल एजी खान जूनियर हाईस्कूल-38 किग्रा0 में अनन्या चौहान नारायण आर्य कन्या पाठशाला इंटर कॉलेज, 42 किग्रा0 तृषा रामानंद इंटर कॉलेज, अंडर-17 बालिका वर्ग में 32 किग्रा0 तनिषा सिटी गर्ल्स इंटर कॉलेज, 40 किग्रा0 श्रद्धा सिटी गर्ल्स इंटर कॉलेज, 44 किग्रा0 वैष्णवी वर्मा कनोडिया इंटर कॉलेज, 52 किग्रा0 अनन्या भारद्वाज नारायण आर्य कन्या पाठशाला इंटर कॉलेज, 56 किग्रा0 प्रियांशी मिश्रा कनोडिया इंटर कॉलेज, 60 किग्रा0 पाखी सक्सेना नारायण आर्य कन्या पाठशाला इंटर कॉलेज रहे। निर्णायक मंडल की भूमिका शिहान पारस भारद्वाज (रेफरी), सेंसई पुष्कर भारद्वाज (रेफरी), सेंपई विष्णु सक्सेना (जज), सेंपई अर्पिता भारद्वाज (जज), तनिष्का दीक्षित (जज), अभ्या मिश्रा (जज) ने निभाई। सचिव ने मंडल स्तर के लिए चयनित सभी छात्र-छात्राओं को बधाई दी।



मेडल दिखाते विजेता खिलाड़ी

## जनपद स्तरीय जिम्नास्टिक प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने जीते मेडल

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** पीएम श्रीमहीयसी महादेवी वर्मा राजकीय बालिका इंटर कॉलेज फतेहगढ़ में जनपद स्तरीय जिम्नास्टिक प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ प्रधानाचार्य दीपिका राजपूत ने किया। इस अवसर पर विद्यालय की व्यायाम शिक्षिका आरती यादव और सुनील कुमार पाल के नेतृत्व में प्रतियोगिता संपन्न हुई। बालक वर्ग में जनता राष्ट्रीय और बालिका वर्ग में राजकीय बालिका इंटर कॉलेज फतेहगढ़ के खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया और प्रतिभागी खिलाड़ियों को मेडल पहनकर सम्मानित किया गया। बालक वर्ग में राष्ट्रीय जनता इंटर कॉलेज के आयुष कश्यप व विशाल ने कुशल प्रदर्शन किया। बालिका वर्ग में नैंसी आरती व अर्जी अंबेडकर का प्रदर्शन अच्छा रहा।

# नैतिक मूल्यों के प्रति विद्यार्थियों को किया जागरुक

**समृद्धि न्यूज,फर्रुखाबाद।**

मान्यवर कांशीराम राजकीय महाविद्यालय निनौआ में शैक्षणिक सत्र 2026-27 में नवप्रवेशित बीए, बीएससी एवं बीकॉम के छात्र-छात्राओं हेतु प्रवेश उपरांत ओरिएंटेशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को महाविद्यालय की शैक्षणिक व्यवस्था,अनुशासन, परीक्षा प्रणाली, विभिन्न सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों तथा उपलब्ध सुविधाओं से परिचित कराना था।

अध्यक्षता करते हुए प्राचार्य डॉ. कल्पना सिंह ने विद्यार्थियों का स्वागत करते हुए उन्हें नियमित अध्ययन, अनुशासन, नैतिक मूल्यों तथा व्यक्तित्व विकास के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया। उन्होंने विद्यार्थियों से महाविद्यालय की शैक्षणिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों में सक्रिय सहभागिता निभाने का आह्वान किया। डॉ0 प्रियांशु गुप्ता एवं डॉ. अमित कुमार ने भी विद्यार्थियों को महाविद्यालय की विभिन्न शैक्षणिक प्रक्रियाओं, राष्ट्रीय शिक्षा नीति, पुस्तकालय, छात्रवृत्ति, कैरियर मार्गदर्शन तथा छात्र हित से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियाँ प्रदान कीं। विद्यार्थियों की जिज्ञासाओं का समाधान भी किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय का समस्त कार्यालय स्टाफ उपस्थित रहा।




कार्यक्रम में मौजूद विद्यार्थी व विद्यालय स्टाफ

# सफाई मजदूर संघ ने नगर पालिका ईओ को सौंपा ज्ञापन



ज्ञापन देने के बाद जानकारी देते सफाई कर्मचारी

**समृद्धि न्यूज,फर्रुखाबाद।**

स्थानीय निकाय सफाई मजदूर संघ ने सफाई कर्मचारियों की लंबित समस्याओं और मांगों को लेकर नगर पालिका परिषद् ईओ को 7 सूत्रीय ज्ञापन सौंपा। यूनियन ने चेतावनी दी है कि यदि 15 दिनों के भीतर इन मांगों पर विचार कर लिखित रूप में अवगत नहीं कराया गया, तो संगठन आगे की रणनीति तय करेगा। दिये गये ज्ञापन में कहा कि जिन स्थायी सफाई कर्मचारियों के वेतन से जीपीएफ फंड काटा जा रहा है, उन्हें तत्काल प्रभाव से उनके जीपीएफ खाते का स्टेटमेंट उपलब्ध कराया जाए। स्थायी और संविदा सफाई कर्मचारियों को महंगाई भत्ते के एरियर का भुगतान रक्षाबंधन पर्व से पूर्व नकद रूप में सुनिश्चित किया जाए। निकाय में कार्यरत सभी सफाई कर्मचारियों को अनिवार्य रूप से वर्दी उपलब्ध कराई जाए। शहर की सफाई व्यवस्था को सुचारु और बेहतर बनाने के लिए सभी कर्मचारियों को उचित सफाई उपकरण मुहैया कराए जाएं। नगर पालिका कार्यालय परिसर में यूनियन के लिए एक कार्यालय उपलब्ध कराया जाए। पिछले कई वर्षों से लंबित है। ठेका सफाई कर्मचारियों के वेतन में उत्तर प्रदेश शासन के श्रम विभाग द्वारा जारी शासनादेश के अनुसार तत्काल वृद्धि की जाए।

नगर पालिका परिषद में ठेके पर ई-रिक्शा चालकों की जो भर्ती हो रही है, उसमें केवल वैध लाइसेंस धारकों को ही नियुक्त किया जाए। जो बिना लाइसेंस के भर्ती किए जा चुके हैं, उनकी पुनः जांच हो। साथ ही, भर्ती में उन लोगों को प्राथमिकता दी जाए। इस मौके पर जिलाध्यक्ष नीरज कुमार वाल्मीकि, राधेश्याम वाल्मीकि, घनश्याम बाबू, रामलखन, नन्दकिशोर वाल्मीकि आदि मौजूद रहे।

## घर पहुंचा मर्चेंट नेवी अफसर का शव

**कानपुर।** 18 जुलाई को रूस-यूक्रेन युद्ध के बीच जान गंवाने वाले मर्चेंट नेवी के चीफ ऑफिसर सागर गुप्ता का शव 18 दिन बाद बुधवार को शास्त्री नगर स्थित आवास पहुंच चुका है। सुबह छह बजे शव मास्को से दिल्ली आया, जहां पर सागर के बड़े भाई मनीष गुप्ता ने शव को रिसीव किया और एंबुलेंस से कानपुर लेकर आए हैं। शव के घर पहुंचते ही परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। इसके अलावा मोहल्ले व शहर के लोग भी पार्थिव शरीर को नमन कर रहे हैं बताते चलें कि 18 जुलाई को ब्लैक सी में ड्यूटी के दौरान सागर की शिप पर हमला हुआ। पहले हमले के बाद सागर ने आठ क्रू मेंबर्स को शिप में ही सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया। उसके बाद वह शिप को सुरक्षित स्थान पर ले जा रहे थे। तभी दूसरा हमला हुआ और उनकी जान चली गई। घटना की जानकारी परिजनों को 21 जुलाई को सागर के एक दोस्त के फोन कॉल से लगी। मुआवजा और शहीद का दर्जा देने की मांगपरिजनों ने सरकार से मांग की है कि परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी दी जाए।

# साइबर अपराध से बच्चों को बचाने की दी गई जानकारियां

**समृद्धि न्यूज,फर्रुखाबाद।**

विकासखंड शमशाबाद के सभागार में ब्लॉक प्रमुख सुषमा वर्मा की अध्यक्षता में ब्लॉक बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति की बैठक संपन्न हुई। उन्होंने कहा कि बच्चे ही देश का भविष्य हैं, उन्हें उचित संरक्षण प्रदान किया जाए और सरकारी योजनाओं से अधिक से अधिक जोड़ा जाए। कोई असहाय बच्चा प्राप्त होता है, तो तुरंत उसकी सहायता करें।

जिला प्रोबेशन अधिकारी अनिल चंद्र ने साइबर अपराध से बच्चों को बचाव करने से संबंधित जानकारी प्रदान की और कहा कि प्रत्येक आंगनबाड़ी कार्यकत्री अपनी ग्राम सभा में ग्राम बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति की बैठक अवश्य करें। सहायक श्रमायुक्त नम्रता सिंह ने बाल श्रम एवं उससे संबंधित कानून के विषय में विस्तृत रूप से जानकारी प्रदान की और कहा कि किसी भी बच्चे से बाल श्रम कराना अपराध है, बाल श्रम कराते हुए पकड़े जाने पर नियोक्ता को 20000 से 50000 तक का जुर्माना एवं सजा का प्रावधान है। खंड विकास अधिकारी राधेश्याम ने कहा कि माता पिता अपने बच्चों को मोबाइल के अधिक प्रयोग से दूर रखें और उनसे समय समय पर चर्चा अवश्य करें। बाल संरक्षण अधिकारी सचिन सिंह द्वारा मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना सामान्य आदि के संबंध में जानकारी प्रदान कर अनुरोध किया गया कि कोई भी अपने छोटे बच्चों को किसी के भरोसे अकेला छोड़कर कहीं भी न जाएं, क्योंकि इससे बैड टच प्रारंभ होता है और बड़ी घटना हो जाती है, इसके साथ ही उन्होंने कहा कि ग्राम स्तर पर गठित ग्राम बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति की नियमित बैठक कराकर गांव समुदाय में कठिन परिस्थितियों में रह रहे बच्चों को चिन्हित किया जाए, जिससे उन्हें विभिन्न सरकारी योजनाओं से जोड़ा जा सके। इस अवसर पर सहायक विकास अधिकारी पंचायत संजीव कुमार, खंड चिकित्साधिकारी डॉ0 मोहम्मद अलीम, बाल विकास परियोजना अधिकारी पुष्पा सेन, मनोज गंगवार, परामर्शदाता प्रवीन गुप्ता, चाइल्ड हेल्पलाइन काउंसलर ज्योति शर्मा, जीशान अंसारी द्वारा बैठक में प्रतिभाग किया गया।



बैठक में मौजूद अधिकारी व आंगनवाडी कार्यकत्री

## खबरें एक नजर में

### अन्नू टंडन ने छात्राओं को वितरित की साइकिल



**उन्नाव।** प्रखर समाजवाद चिंतक एवं समाजवादी पार्टी के संस्थापक सदस्यों में शामिल स्वर्गीय जनेश्वर मिश्र जी की 93वीं जयंती के अवसर पर पूर्व सांसद अन्नू टंडन ने जिले के विभिन्न क्षेत्रों की आर्थिक रूप से कमजोर छात्राओं को साइकिल वितरित कर जनेश्वर मिश्रा जी को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर पूर्व सांसद अन्नू टंडन ने कहा कि क्षेत्र भ्रमण के दौरान उन्हें अनेक स्थानों पर छात्राएं कई किलोमीटर पैदल चलकर विद्यालय जाती हुई मिलीं। बातचीत में पता चला कि आर्थिक तंगी के कारण वे साइकिल नहीं खरीद पा रही हैं, जिससे उन्हें प्रतिदिन लंबी दूरी पैदल तय करनी पड़ती है। इसी समस्या को देखते हुए उन्होंने व्यक्तिगत स्तर पर जरूरतमंद बेटियों को साइकिल उपलब्ध कराने का संकल्प लिया। उन्होंने कहा कि स्वर्गीय जनेश्वर मिश्र जी ने समाजवाद के माध्यम से समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास और सम्मान पहुंचाने का जो सपना देखा था, उसी विचारधारा से प्रेरित होकर वे समाजहित में निरंतर कार्य करने का प्रयास कर रही हैं। साइकिल प्राप्त करने वाली छात्राओं में अनामिका गौतम, मुस्कान रावत, आंचल कुशवाहा, साक्षी कुरील, पम्मी यादव, शगुन कश्यप, निहारिका सविता, अंजली लोधी एवं आकांक्षा द्विवेदी सहित अन्य छात्राएं शामिल रहीं। छात्राओं ने पूर्व सांसद अन्नू टंडन का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि विद्यालय दूर होने के कारण उन्हें प्रतिदिन पैदल आना-जाना पड़ता था, जिससे समय और सुरक्षा दोनों की समस्या रहती थी। अब साइकिल मिलने से उनकी पढ़ाई आसान होगी और वे नियमित रूप से विद्यालय जा सकेंगी।

### गंगा का जलस्तर खतरे के निशान के करीब

**कानपुर।** पहाड़ों पर लगातार हो रही बारिश का असर अब कानपुर में भी दिखाई देने लगा है। बुधवार सुबह शुक्लागंज में गंगा का जलस्तर 112.02 मीटर दर्ज किया गया, जो खतरे के निशान 114 मीटर से लगभग 2 मीटर नीचे है। चेतावनी बिंदु 113 मीटर के करीब पहुंचने की आशंका को देखते हुए जिला प्रशासन ने सतर्कता बढ़ा दी है। गंगा में बढ़ते जलस्तर के चलते कानपुर गंगा बैराज से करीब 2,74,985 क्यूसेक पानी छोड़ा गया है। वहीं हरिद्वार से 1,07,550 क्यूसेक और नरोरा से 1,11,969 क्यूसेक पानी गंगा में पहुंचने के कारण आने वाले दिनों में जलस्तर और बढ़ने की संभावना जताई जा रही है। स्थिति को देखते हुए प्रशासन ने गंगा बैराज के सभी 30 गेट खोल दिए हैं ताकि पानी की निकासी सुचारु रूप से हो सके। इसके साथ ही परमट सहित प्रमुख घाटों पर बैरिकेडिंग कर लोगों के नदी किनारे जाने और सीढ़ियों से नीचे उतरने पर रोक लगा दी गई है।

### पीड़ित का रिश्तेदार निकला मास्टरमाइंड, एक गिरफ्तार

**कानपुर।** थाना चकेरी क्षेत्र में हुई लूट की घटना का पुलिस ने सफल अनावरण करते हुए एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। जांच में सामने आया कि गिरफ्तार आरोपी पीड़ित का ही पारिवारिक रिश्तेदार है। आरोपी, पीड़ित के भाई का साला बताया गया है। पुलिस पूछताछ में अभियुक्त ने अपने अन्य साथियों के नाम भी उजागर किए हैं। उनकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस की टीमें लगातार संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही हैं। पुलिस का कहना है कि शेष आरोपियों को भी जल्द गिरफ्तार कर पूरे मामले का पूर्ण खुलासा किया जाएगा। गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध संबंधित धाराओं में विधिक कार्रवाई की जा रही है। मामले को लेकर अपर पुलिस आयुक्त (कानून एवं व्यवस्था) डॉ. विपिन ताडा ने बताया कि पुलिस सभी फरार आरोपियों की तलाश में जुटी हुई है और जल्द ही उन्हें गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# तीन दिवसीय परिवार नियोजन विशेष शिविर आयोजित

**समृद्धि न्यूज,फर्रुखाबाद**

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत जनसंख्या स्थिरीकरण, सुरक्षित मातृत्व एवं स्वस्थ परिवार के उद्देश्य से जनपद में 03 से 05 अगस्त तक सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कायमगंज, कमालगंज एवं बरौन में विशेष परिवार नियोजन महिला नसबन्दी/ट्यूबल लिगेशन शिविरों का आयोजन किया गया। तीनों शिविरों में चिकित्सकीय परीक्षण, आवश्यक प्रयोगशाला जाँच एवं विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण के उपरांत कुल 38 महिलाओं की महिला नसबन्दी की गई। इनमें सीएचसी कायमगंज में 14, सीएचसी कमालगंज में 14 तथा सीएचसी बरौन में 10 महिलाओं का ऑपरेशन किया गया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 आनन्द उपाध्याय के निर्देशन में सम्पन्न हुआ। उन्होंने कहा कि परिवार नियोजन केवल जनसंख्या नियंत्रण का माध्यम नहीं, बल्कि मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य की सुरक्षा, परिवार की आर्थिक सुदृढ़ता तथा बच्चों के बेहतर भविष्य की आधारशिला है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक योग्य दम्पत्ति को अपनी आवश्यकतानुसार परिवार नियोजन के अस्थायी एवं स्थायी साधनों का चयन कर उनका लाभ उठाना चाहिए। तीनों शिविरों के दौरान संबंधित प्रभारी चिकित्सा अधिकारियों, उप मुख्य चिकित्सा अधिकारियों एवं जिला कार्यक्रम प्रबंधन टीम के अधिकारियों ने व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। शिविरों में डॉ. कृष्णा बोस डीजीओ द्वारा सफलतापूर्वक ऑपरेशन किए गए। सहयोगी टीम में डॉ. अरुण यादव एनेस्थेटिस्ट, डॉ. रोहित तिवारी सर्जन, डॉ. ममता अरुण डीजीओ, डॉ. मधु अग्रवाल डीजीओ, नरेन्द्र ओटी टेक्नीशियन, सुनीता काउंसलर, रीता एवं मीरा स्टाफ नर्स, सहित जिला महिला चिकित्सालय एवं संबंधित स्वास्थ्य केन्द्रों के चिकित्सकों, नर्सिंग एवं पैरामेडिकल स्टाफ ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।



शिविर में मौजूद स्वास्थ्य कर्मी

# अतरौली के बाशिंदों ने रखा था भगत सिंह का मान

**▸ मदारी पासी की सिफारिश करने नरायनपुर आये थे शहीद-ए-आजम**

**योगेश त्रिपाठी**

**समृद्धि न्यूज, हरदोई।** वर्ष 1927 में सरदार भगत सिंह हिंदुस्तान रिपब्लिकन एशोसिएशन के क्रांतिकारियों से मिलने एक सप्ताह के लिए कानपुर गए थे। वहां उनकी मुलाकात डीएवी कॉलेज के छात्र शिव वर्मा से हुई। शिव वर्मा हरदोई के खतेली गांव के रहने वाले थे। कानपुर में पढ़ाई के दौरान वह तमाम क्रांतिकारी गतिविधियों में शामिल रहते थे। भगत सिंह से उनकी अच्छी दोस्ती हो गई। शहीद-ए-आजम दो माह बाद दोबारा जब कानपुर गए तो शिव वर्मा के कमरे पर ही रुके। भगत सिंह ने जब यह जाना कि शिव वर्मा हरदोई के रहने वाले हैं तो एका आंदोलन व मदारी पासी के बारे में उनसे चर्चा की। मदारी पासी उस समय फरार चल रहे थे। उनके घर की कुर्की तक हो चुकी थी। शिव वर्मा ने मदारी को भगत सिंह से मिलवाया। मदारी ने अपनी सारी दास्तान उनके सामने रखी और मदद की गुहार लगाई। इसके बाद भगत सिंह अतरौली के नरायनपुर गढ़ी पहुंचे और बैठक कर मदारी को माफ करने के लिए सिफारिश की। नरायनपुर गढ़ी निवासी अनिल सिंह बताते हैं कि यह घटना उनके बाबा के समय की है। उनके बाबा बताया करते थे कि 1921 के मध्य में एका आंदोलन चरम पर था। उस समय एका आंदोलन के जनक मदारी पासी की क्षेत्र में तूती बोलती थी। मदारी की एक आवाज पर आधी रात हजारों की संख्या में भीड़ एकत्रित हो जाती थी। बताते हैं कि मदारी अपने घर से भारत माता की जय का नारा लगाते थे तो बीसों किलोमीटर तक यह नारा गूँजता था। मदारी का एका आंदोलन जमीदारों के खिलाफ था, लेकिन धीरे-धीरे इसमें सवर्णों से द्वेष की बू आने लगी। हालात इतने खराब हो गए कि ठाकुरों के कुओं में हड़ावर (मरे हुए जानवर के अस्थि पंजर) तक डाल दी गई। जिससे वह बूंद-बूंद पानी को तरस जाएं। अंग्रेजों द्वारा 1922 में आपसी संघर्ष का फायदा उठाकर एका आंदोलन का दमन कर दिया गया। और मदारी की गिरफ्तारी के लिए जगह-जगह छापेमारी की जाने लगी। काफी प्रयास के बाद भी पकड़ में न आने पर सरकार ने उन्हें फरार घोषित कर दिया। इस दौरान उनके घर की कुर्की कर सामान, गाय-बैल व 40 भैंस जमीदार के मुख्तियार शंकर बख्श सिंह को दे दी गईं।

# व्यापारियों ने कपड़ा मार्केट जनरलगंज में किया जनसंपर्क

**समृद्धि न्यूज,कानपुर नगर।**

भारतीय उद्योग व्यापार मंडल द्वारा हर वर्ष होने वाले व्यापारिक महा अधिवेशन के 45 में अधिवेशन के अवसर पर व्यापारियों की विभिन्न समस्याओं पर आज कानपुर की सबसे बड़ी कपड़ा मार्केट जनरल गंज में एक जनसंपर्क बैठक हुई जिसमें वहां के व्यापारियों ने कानपुर की बंद पड़ी मिलो को खुलवाने की मांग को प्रमुख रूप से रखा ऑनलाइन व्यापार से हो रही समस्याएं जीएसटी मैं आने वाली खामियां व अन्य राष्ट्रीय स्तर की समस्याओं को लेकर अधिवेशन आयोजित किया जाता है उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष मुकुंद मिश्रा भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के राष्ट्रीय महासचिव हैं और कानपुर नगर उनके गृह जनपद होने के नाते कानपुर की जिम्मेदारी अधिक हो जाती है इस नाते से व्यापार मंडल द्वारा कानपुर की विभिन्न बाजारों में चरणबद्ध तरीके से व्यापारियों से जनसंपर्क कर दिल्ली चलने का आवाहन किया गया।

जिसमें आज कानपुर की सबसे बड़ी कपड़ा मार्केट जनरल गंज एवं घूमने बाजार कटपीस कपड़ा कमेटी में भी संपर्क किया गयामें जनसंपर्क किया गया व्यापारियों से संपर्क किया गया सौभाग्य बस और कार्यकर्ताओं में जोश भी प्राप्त हुआ है छोटा व्यापारी चाहता है।

# रास्ता अवरूद्ध करने वालों पर कार्रवाई की मांग

**समृद्धि न्यूज,फतेहपुर।**

मलवां थाने के कांधी गांव के ग्रामीण कलेक्ट्रेट पहुंचे और जिलाधिकारी के नाम ज्ञापन प्रेषित किया।

इस दौरान इन लोगों ने आरोप लगाया कि उनके गांव के बाबूराम पुत्र छेद्दू के घर से कच्चा आम रास्ता बलराम पुत्र अयोध्या के मकान तक जाता है इसी आम रास्ते से प्रार्थी के गांव के अन्य तमाम व्यक्ति आते जाते हैं प्रार्थी के गांव के ही कुछ लोग अनाधिकृत दीवार खड़ी करके आम रास्ते को बंद कर दिया है तथा अपना शौचालय रास्ते में बनाकर रास्ते को बाधित कर दिया है।

जिससे प्रार्थी गणों को निकलने में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है इसी प्रकार गांव के अन्य व्यक्ति ने भी अपना शौचालय रास्ते में बनाकर रास्ते को अवरूद्ध कर रास्ते को पूरी तरह से बंद कर दिया है।प्रार्थी गणों के कहने पर उक्त लोग अनधिकृत निर्माण कार्य रास्ते से हटाने को तैयार नहीं है और बेवजह विवाद करते हैं। इन लोगों ने जांच करवाकर कार्रवाई की मांग किया है। इस अवसर पर ज्ञापन देने वालों में रामनरेश, वीरेंद्र कुमार, दीपक कुमार, आकाश, रामबाबू,रामरति, धर्मेंद्र,अंजू देवी, माया सहित तमाम लोग मौजूद रहे।



## शीतगृहों से चरणबद्ध ढंग से आलू की निकासी करें किसानः जिला उद्यान अधिकारी

**समृद्धि न्यूज, ब्यूरो हरदोई।** जिला उद्यान अधिकारी सुभाष चन्द्र ने जनपद के आलू उत्पादक किसानों से शीतगृहों में भंडारित आलू की चरणबद्ध एवं योजनाबद्ध निकासी करने की अपील की है। उन्होंने बताया कि वर्ष 2025-26 में जनपद में लगभग 14,500 हेक्टेयर क्षेत्रफल में आलू का उत्पादन हुआ, जिसका मार्च 2026 तक जिले के 36 निजी शीतगृहों में सफलतापूर्वक भंडारण कराया गया। वर्तमान में शीतगृहों में कुल 3,44,799 मीट्रिक टन आलू सुरक्षित रखा गया है। जिला उद्यान अधिकारी ने बताया कि सामान्यत: वर्षाकाल में आलू की मांग बढ़ जाती है, लेकिन इस वर्ष बाजार में अपेक्षित मूल्य न मिलने के कारण किसान आलू की निकासी धीमी गति से कर रहे हैं। अब तक शीतगृहों से केवल लगभग 12 प्रतिशत आलू की ही निकासी हो सकी है, जबकि भंडारण अवधि समाप्त होने में अभी लगभग पांच माह का समय शेष है। उन्होंने किसानों को सलाह दी कि केवल इस उम्मीद में कि सितंबर या अक्टूबर के अंत तक आलू के दाम अवश्य बढ़ जाएंगे, लंबे समय तक आलू को शीतगृहों में न रखें। इस वर्ष जिले में आलू का उत्पादन सामान्य से अधिक हुआ है और बाजार में इसकी निकासी अपेक्षाकृत धीमी बनी हुई है। यदि समय रहते संतुलित ढंग से निकासी नहीं की गई तो भंडारण अवधि के अंतिम चरण में बाजार में एक साथ अधिक आपूर्ति होने से आलू के दाम और गिर सकते हैं।

# फतेहपुर के लोगों से मिले विभाकर शास्त्री

**समृद्धि न्यूज,फतेहपुर।**

तामेश्वर मंदिर के पास पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के पोते,भाजपा नेता विभाकर शास्त्री ने फतेहपुर से एक बार फिर से अपने रिश्ते की डोर को और मजबूत करते हुए अपने आवास में सुंदर कांड का पाठ कराया और गृह प्रवेश किया। इसके साथी तमाम गणमान्य लोग उनके आवास पहुंचे और उन्हें शुभकामनाएं दिया इस अवसर पर विभाकर शास्त्री ने कहा कि जिस तरीके से फतेहपुर मे उनके पिताजी पूर्व केंद्रीय मंत्री हरिकृष्ण शास्त्री का लगाव रहा है वह फतेहपुर से सांसद रहे हैं और फतेहपुर का चहुमुखी विकास भी उन्होंने कराया था उसी क्रम को आगे बढ़ाते हुए फतेहपुर से उनका गहरा लगाव है और यह लगाओ कभी कम नहीं होगा लिहाजा अब वह अपने बेटे विराज शास्त्री के साथ फतेहपुर में रहकर फतेहपुर को विकास के पथ पर ले जाने के लिए अग्रणी भूमिका निभाते रहेंगे। इस अवसर पर पूर्व मंत्री रणवेंद्र प्रताप सिंह उर्फ धुन्नी भैया, पूर्व विधायक करण सिंह पटेल, नगरपालिका अध्यक्ष राजकुमार मौर्य, मनोज शुक्ला, अमित मिश्रा उर्फ नीटू कांग्रेस के जिलाध्यक्ष महेश द्विवेदी, भाजपा के जिलाध्यक्ष अन्नु श्रीवास्तव, वंदना राकेश शुक्ला, शेख एजाज अहमद, पप्पू सिंह, मणि प्रकाश दुबे, वंदना द्विवेदी, विश्व हिंदू परिषद के प्रांत उपाध्यक्ष वीरेंद्र पांडे, मनोज श्रीवास्तव, कमल लोधी, भाजपा के पूर्व नगर अध्यक्ष उत्तरी धनंजय द्विवेदी, रामप्रताप सिंह गौतम सहित तमाम गणमान्य लोग मौजूद रहे।



# भूमि व जल संरक्षण समिति, जिला मिशन समिति की बैठक सम्पन्न

**समृद्धि न्यूज,फतेहपुर।**

जिला भूमि एवं जल संरक्षण समिति, जिला मिशन समिति की बैठक कलेक्ट्रेट महात्मा गाँधी सभागार में जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। भूमि संरक्षण अधिकारी ई.ई.सी. खागा द्वारा बैठक का संचालन करते हुए गत वर्ष 2025-26 में दोनों भूमि संरक्षण इकाईयों ( ई.ई.सी. खागा एवं राष्ट्रीय जलागम) द्वारा संचालित आर.के.वी.वाई अन्तर्गत खेत तालाब योजना, आर.ए.डी. योजना, पं0 दीनदयाल उपाध्याय किसान समृद्धि योजना एवं डब्ल्यू.डी.सी. पी.एम.के.एस. वाई 2.0 योजनाओं में आवंटित भौतिक एवं वित्तीय लक्ष्यों के सापेक्ष की गयी प्रगति के सम्बन्ध में समिति को अवगत कराया, समीक्षा में दोनों इकाईयों ( ई.ई.सी. खागा एवं राष्ट्रीय जलागम) द्वारा उक्त योजनाओं में प्रगति संतोषजनक पायी गयी। भूमि संरक्षण अधिकारी/सचिव द्वारा अवगत कराया गया कि वित्तीय वर्ष 2026 हेतु भूमि संरक्षण इकाई राष्ट्रीय जलागम एवं ई0ई0सी0 खागा को कुल 24 खेत तालाब एवं 04 पम्प सेट का लक्ष्य आवंटित है। खेत तालाब मे कृषकों का चयन वित्तीय वर्ष 2026-27 मे कृषकों का चयन ई-लॉटरी/ऑटो कन्फर्म विधि से ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से होना है। जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि खेत तालाब के प्रचार प्रसार पर बल दिया जाये और साथ ही विगत वर्षों में दोनों इकाईयों द्वारा अनुदानित खेत तालाब के इच्छुक लाभार्थियों को मोती उत्पादन हेतु स्थानीय स्तर पर पूर्व से मोती उत्पादन कर रहे कृषकों से सम्पर्क स्थापित कर एक्स्पोजर विजिट/प्रशिक्षण कराकर मोती उत्पादन हेतु प्रोत्साहित करें। मत्स्य पालन हेतु इच्छुक लाभार्थी कृषकों की सूची मत्स्य विभाग को उपलब्ध करा दी जाये, जिससे कि कृषकों की आय में वृद्धि हो सके। डब्ल्यू.डी.सी पी.एम.के. एस0वाई 2.0 योजना के अन्तर्गत एन.आर.एम., उत्पादन प्रणाली, आजीविका सम्बर्धन आदि में किये गये कार्यो का विवरण प्रस्तुत किया गया। पं0दीनदयाल उपाध्याय किसान समृद्धि योजना के अन्तर्गत चयनित नवीन परियोजनाओं, खेत तालाब योजनान्तर्गत आवंटित लक्ष्य एवं डब्ल्यू.डी.सी.-पी.एम.के.एस.वाई 2.0 योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2026-27 की कार्ययोजना पर विस्तृत चर्चा की गयी तथा समिति का अनुमोदन प्राप्त किया गया।



**INFORMATION**

I hitherto known as Pran Gupta S/O: C. S. Gupta R/O: Jila Aspatal Road Hathi Khana Fatehgarh Farrukhabad Uttar Pradesh 209601, have changed my name and shall hereafter be KUMAR MANINDRA.

**KUMAR MANINDRA S/O: C. S. Gupta R/O: Jila Aspatal Road Hathi Khana Fatehgarh Farrukhabad Uttar Pradesh 209601.**

## खबरें एक नजर में

### अश्लील हरकत करने वाला अभियुक्त गिरफ्तार

**गाजीपुर।** जनपद में महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक गाजीपुर के निर्देशन में जनपद के समस्त थाना क्षेत्रों में निरंतर संदिग्ध व्यक्ति/वाहन चेकिंग एवं प्रभावी गश्त की कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में दिनांक 05.08.2026 को थाना गहमर पुलिस टीम को सूचना प्राप्त हुई कि खेमनराय पट्टी स्थित बभनिया इनार के पास एक युवक आने-जाने वाली महिलाओं को देखकर अश्लील हरकतें कर रहा है, जिससे महिलाओं एवं स्थानीय लोगों में भय एवं असहजता का वातावरण उत्पन्न हो रहा है। सूचना प्राप्त होते ही पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुँची, जहाँ एक व्यक्ति महिलाओं के प्रति अशोभनीय एवं अश्लील हरकत करते हुए पाया गया। पुलिस टीम द्वारा उसे तत्काल हिरासत में लिया गया । पूछताछ में उसने अपना नाम समर्थ सिंह पुत्र करुणेश सिंह, निवासी ग्राम गहमर पट्टी परमाराय, थाना गहमर, जनपद गाजीपुर, उम्र लगभग 24 वर्ष बताया। अभियुक्त के विरुद्ध उपलब्ध तथ्यों एवं साक्ष्यों के आधार पर थाना गहमर पर मु0अ0सं0 164/2026, धारा 296 भारतीय न्याय संहिता (BNS) के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया। नियमानुसार अभियुक्त को गिरफ्तार कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

### पुलिस ने पाक्सो एक्ट के आरोपी को किया गिरफ्तार

**गाजीपुर।** अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में दिनांक 04.08.2026 को उ0नि0 मनोज कुमार पाण्डेय अपने हमराह द्वारा मुखबिर खास की सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम द्वारा टाउन नेशनल स्कूल के पीछे रंगमहल की तरफ से एक वांछित अभियुक्त पंकज निषाद पुत्र अच्छे निषाद, निवासी वार्ड नं0 15, सुभाष नगर, थाना सैदपुर, जनपद गाजीपुर, उम्र करीब 20 वर्ष को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारशुदा अभियुक्त मु0अ0सं0 266/2026 धारा 5द्व/6 पॉक्सो एक्ट व 351(2) बीएनएस में नामजद वांछित अभियुक्त है, जिसके विरुद्ध थाना स्थानीय पर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

### गिरफ्तार अभियुक्त को न्यायालय ने भेजा जेल

**महाराजगंज।** पुलिस अधीक्षक शक्ति मोहन अवस्थी के कुशल निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ और क्षेत्राधिकारी सु श्री दीप शिखा वर्मा के पर्यवेक्षण में बलात्कार घटना से संबंधित अभियुक्त की गिरफ्तारी थाना बृजमनगंज द्वारा गठित पुलिस टीम द्वारा की गई। अभियुक्त नीरज पांडेय पुत्र ओमकार पांडेय निवासी ग्राम महुलानी थाना बृजमनगंज को विधिक कार्रवाई करते हुए न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया जहां से न्यायालय द्वारा जेल भेज दिया गया है। उल्लेखनीय है कि वादिनी सोहभाती पत्नी पलटू निवासी ग्राम करदहा थाना बेलहर जनपद संत कबीर नगर हाल पता आवास रेलवे स्टेशन बृजमनगंज थाना बृजमनगंज जनपद महाराजगंज एंबुलेंस की सहायता से उपस्थित थाना आकर एक लिखित तारीख के आधार पर थाना स्थानीय पर मुकदमा अपराध संख्या 189 /2026 धारा 64, 115 (2 )बी एन एस थाना बृजमनगंज बनाम नीरज के विरुद्ध पंजीकृत किया गया। अभियुक्त नीरज को बहद ग्राम घोडनामपुर महुलानी मोड़ के आगे आम की बगिया से पुलिस द्वारा गिरफ्तार कर हिरासत में लिया गया। मुकदमा उपरोक्त में अवलोकन, मेडिकल रिपोर्ट बयान डॉक्टर व अन्य साक्ष्य संकलन के आधार पर धारा 64 बी एन एस को 64 (1)बीएनएस में तरमीम किया गया। धारा 118 (2 )बीएनएस की वृद्धि की गई। पुलिस द्वारा गिरफ्तार अभियुक्त को न्यायालय में प्रस्तुत किया गया जहां से न्यायालय द्वारा अभियुक्त को जेल भेज दिया गया।

### पुल की रेलिंग तोड़ मोरंग लदा ट्रेलर पलटा

**महाराजगंज।** सदर कोतवाली थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत बेलवा काजी स्थित पुल का रेलिंग तोड़कर मोरंग बालू लदा एक ट्रेलर बीती रात पलट गया। रात 11 बजे के लगभग घटित घटना को सुनकर आसपास के ग्रामीण पहुंचे और तत्परता दिखाते हुए ट्रेलर में फंसे चालक को बाहर निकाला। उल्लेखनीय है कि मोरंग लगा ट्रेलर संख्या यूपी 53 एच टी 8927 बागापार से फुरसतपुर की तरफ जा रहा था। जिसके मंगलवार की रात बेलवा काजी स्थित पुल पर पहुंचने के बाद चालक का वाहन से नियंत्रण बिगड़ गया और भारी भरकम ट्रेलर पुल की रेलिंग को तोड़ते हुए सड़क किनारे पलट गया। घटना की सूचना पाकर बागापार चौकी पुलिस, डायल 112 तथा फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और घटना स्थल का निरीक्षण कर स्थिति का जायजा लिया।

### वैज्ञानिक डेयरी प्रबंधन व पशु स्वास्थ्य पर दिया जोर

**महराजगंज।** दुग्ध स्वर्ण महोत्सव के अंतर्गत आज विकास भवन सभागार में जनपद स्तरीय डेली कॉन्क्लेव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्य विकास अधिकारी, महेंद्र कुमार सिंह ने किया इस अवसर पर जिला विकास अधिकारी, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी सहित पशुपालन विभाग, दुग्ध विकास विभाग, संबंधित विभागों के अधिकारी, पशु चिकित्साधिकारी, दुग्ध उत्पादक किसान, पशुपालक, स्वयं सहायता समूहों एवं दुग्ध सहकारी समितियों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। सी डी ओ ने अपने संबोधन में कहा कि डेयरी क्षेत्र ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने का महत्वपूर्ण माध्यम है। वैज्ञानिक पशुपालन, संतुलित पोषण, नियमित टीकाकरण तथा आधुनिक डेयरी तकनीकों को अपनाकर पशुपालक दुग्ध उत्पादन एवं अपनी आय में उल्लेखनीय वृद्धि कर सकते हैं। उन्होंने सभी विभागों से समन्वय स्थापित कर शासन की योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र पशुपालक तक पहुँचाने का आह्वान किया।

# खड्डा में अवैध अतिक्रमण पर चला बुलडोजर, 13 अवैध कब्जे हटाए गये

**समृद्धि न्यूज़, कुशीनगर।**



खड्डा तहसील क्षेत्र में भू माफियाओं के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान के क्रम में मंगलवार को डीएम महेंद्र सिंह तंवर के निर्देश पर नगरपंचायत खड्डा के वार्ड संख्या 3 लोहिया नगर में हुए अवैध अतिक्रमण को हटाने की कार्रवाई तहसील प्रशासन द्वारा की गई। यह भूमि राजस्व अभिलेखों में खाद गड्डा तथा सीलिंग खाते की सरकारी भूमि में दर्ज है। उपजिलाधिकारी कुशीनगर डॉ. संतराज सिंह बघेल तथा नायब तहसीलदार खड्डा अभिषेक कुमार के नेतृत्व में राजस्व टीम, नगर पंचायत खड्डा और पुलिस बल की उपस्थिति में यह अभियान चलाकर कुल 13 व्यक्तियों द्वारा किए गए अवैध कब्जे को जेसीबी के माध्यम से हटाया गया। इनके विरुद्ध तहसीलदार खड्डा की अदालत द्वारा धारा 67 के अंतर्गत बेदखली का आदेश पारित किया जा चुका था। हल्का लेखपाल अजीत द्वारा अतिक्रमणकारियों को बार-बार चेतावनी दिए जाने के बावजूद उन्होंने कब्जा नहीं हटाया था। परिणामस्वरूप राजस्व, नगर पंचायत और पुलिस टीम की मौजूदगी में जेसीबी की मदद से अवैध निर्माणों को जमींदोज कर दिया गया।

# एटीएम कार्ड बदलकर ठगी करने वाले युवक को पुलिस ने पकड़ा

- तलाशी में दर्जनों कार्ड मिलने की सूचना

**समृद्धि न्यूज़, कुशीनगर।**

नगर के हाईवे चौराहे पर स्थित एक एटीएम बूथ पर भोले-भाले लोगों से कार्ड बदलकर उनके खाते से रकम उड़ाने की फिराक में घूम रहे एक संदिग्ध युवक को पकड़े जाने सूचना है । संदिग्ध युवक के पकड़े जाने के बाद यह बात सामने आ गयी है कि कस्बा में ऐसा एक गिरोह सक्रिय है जो जालसाजी की घटना को अंजाम देते है । जालसाजों का गिरोह नोट की गड्डी पकड़ा कर भोली- भाली जनता से ठगी करते है। जानकारी के अनुसार हाईवे चौराहे पर स्थित एटीएम बूथ पर तैनात गार्ड की सतर्कता से एक संदिग्ध युवक की गतिविधियां संदिग्ध लगीं। मामले की भनक लगते ही एटीएम गार्ड की ओर से तमकुहीराज थाने में सूचना दी गई। सूचना मिलते ही हरकत में आई कस्बा चौकी पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए एटीएम के आसपास से संदिग्ध युवक को दबोच लिया। चर्चा है कि पकड़े गए युवक के पास से पुलिस को तलाशी के दौरान दर्जनों अलग-अलग बैंकों के एटीएम कार्ड मिले हैं, जो इस बात की ओर इशारा करते हैं कि यह शातिर किसी बड़े अंतरराज्यीय या स्थानीय ठग गिरोह का हिस्सा हो सकता है। पुलिस इस पूरे मामले में जालसाजी, धोखाधड़ी और अन्य एंगल से गहनता से जांच कर रही है ताकि इसके पीछे के अन्य चेहरों को भी बेनकाब किया जा सके।

## प्रयागराज में ट्रिपल मर्डर से सनसनी

**समृद्धि न्यूज़, प्रयागराज।** पुलिस कमिश्नरेट प्रयागराज के सिटी जोन के शाहगंज थाना क्षेत्र में ट्रिपल मर्डर से सनसनी फैल गई। लीडर रोड के पास एक मोहल्ले गढी सराय में दो महिलाओं और एक पुरुष की हत्या कर दी गई। ट्रिपल मर्डर की सूचना पर तत्काल शाहगंज थाना पुलिस, फील्ड यूनिट, डाग स्क्वायड और फोरेंसिक टीम मौके पर पहुंची। पुलिस की प्रारंभिक जांच पड़ताल में इस बात की जानकारी मिली है कि तीनों मृतक मूक बधिर हैं। उनके बीच ही आपसी लड़ाई झगड़े की बात सामने आ रही है। मौके पर पहुंचे डीसीपी सिटी मनीष कुमार शांडिल्य के मुताबिक सभी मृतक आस-पास के इलाके में कूड़ा बीनने का कार्य करते थे। पुलिस मृतकों के शिनाख्त का प्रयास कर रही है।

# ट्रांसफार्मर फुंका, बांस-बल्ली के सहारे झूल रहे जर्जर तार

**समृद्धि न्यूज़, कुशीनगर।**

- भीषण उमस में बिजली-पानी का संकट गहराया
- अंधेरे में पूरा गांव



तमकुही विकासखंड की ग्रामसभा छहूँ का चनऊटोला इन दिनों बिजली संकट से कराह रहा है। गांव में लगा 100 केवीए का एकमात्र ट्रांसफार्मर जल जाने से पूरा गांव अंधेरे में डूब गया है। भीषण गर्मी और उमस के बीच बिजली ठप होने से लोगों का जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। पेयजल संकट गहरा गया है, बच्चों की पढ़ाई बाधित है और रात होते ही गांव अंधेरे में सिमट जा रहा है।

ग्रामीणों का कहना है कि गांव की विद्युत व्यवस्था वर्षों से बदहाल है। बढ़ती आबादी और उपभोक्ताओं के बावजूद आज भी पूरा गांव मात्र 100 केवीए के ट्रांसफार्मर पर निर्भर है। अत्यधिक लोड और जर्जर बिजली लाइन के कारण आए दिन फाल्ट, ट्रिपिंग और ट्रांसफार्मर खराब होने की घटनाएं होती रहती हैं। विभागीय कर्मचारियों ने मरम्मत का प्रयास किया, लेकिन जांच में ट्रांसफार्मर पूरी तरह जला हुआ मिला। स्थिति की गंभीरता का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि गांव में कई स्थानों पर बिजली के तार आज भी बांस-बल्ली के सहारे झूल रहे हैं। बरसात और तेज हवा के मौसम में यह व्यवस्था हादसों को खुला निमंत्रण दे रही है। ग्रामीणों का आरोप है कि जर्जर तार कभी भी टूट सकते हैं, जिससे जान-माल का बड़ा खतरा बना हुआ है।ग्रामीणों ने बताया कि बिजली व्यवस्था सुधारने के लिए कई बार विद्युत विभाग केअधिकारियों, लाइनमैन, सांसद और विधायक को ज्ञापन सौंपा गया, लेकिन अब तक न ट्रांसफार्मर की क्षमता बढ़ाई गई और न ही जर्जर तार बदले गए। वर्षों से आश्वासन मिल रहे हैं, लेकिन धरातल पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई।ग्रामीणों ने मांग की है कि तत्काल नया और अधिक क्षमता वाला ट्रांसफार्मर लगाया जाए, पूरे गांव की केबलिंग कराई जाए तथा जर्जर तारों को हटाकर सुरक्षित विद्युत व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र बिजली आपूर्ति बहाल कर स्थायी समाधान नहीं किया गया तो ग्रामीण विद्युत विभाग और जनप्रतिनिधियों के खिलाफ आंदोलन करने को मजबूर होंगे, जिसकी पूरी जिम्मेदारी प्रशासन और संबंधित विभाग की होगी।

# 18,889 परिवारों को मिला व्यक्तिगत शौचालय

- ग्रामीण महिलाओं, बच्चों व बुजुर्गों को मिली बेहतर सुविधा

**समृद्धि न्यूज़, बस्ती।**

स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के प्रभावी क्रियान्वयन से जनपद बस्ती में ग्रामीण स्वच्छता को नई दिशा मिली है। पंचायत राज विभाग द्वारा लगातार किए जा रहे प्रयासों के परिणामस्वरूप हजारों ग्रामीण परिवारों को व्यक्तिगत शौचालय की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। इससे न केवल खुले में शौच की प्रवृत्ति पर प्रभावी रोक लगी है, बल्कि ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छ, स्वस्थ और सम्मानजनक जीवन का वातावरण भी मजबूत हुआ है। पंचायत राज विभाग के अनुसार वित्तीय वर्ष 2024-25 में 10,114 व्यक्तिगत शौचालयों का निर्माण कराया गया, जिस पर ?1,213.68 लाख की धनराशि व्यय की गई। वहीं वित्तीय वर्ष 2025-26 में 8,775 व्यक्तिगत शौचालयों का निर्माण कराते हुए ?1,053 लाख की वित्तीय सहायता लाभार्थियों को प्रदान की गई। इस प्रकार दोनों वर्षों में कुल 18,889 परिवारों को व्यक्तिगत शौचालय उपलब्ध कराए गए तथा ?2,266.68 लाख की सहायता प्रदान की गई। व्यक्तिगत शौचालयों के निर्माण से ग्रामीण महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों को सबसे अधिक सुविधा मिली है। पहले जहां कई परिवारों को खुले में शौच के लिए जाना पड़ता था, वहीं अब घरों में शौचालय बनने से सुरक्षा, गोपनीयता और सम्मान सुनिश्चित हुआ है। साथ ही स्वच्छता के प्रति लोगों में जागरूकता बढ़ी है और संक्रामक बीमारियों की रोकथाम में भी सकारात्मक परिणाम सामने आए हैं। स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) का उद्देश्य केवल शौचालय निर्माण तक सीमित नहीं है, बल्कि लोगों में स्वच्छता को जन-आंदोलन का रूप देना भी है। इसी उद्देश्य से पंचायत राज विभाग द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में समय-समय पर जागरूकता कार्यक्रम संचालित किए जाते हैं, जिससे लोग स्वच्छता को अपनी दैनिक जीवनशैली का हिस्सा बना सकें। जनपद बस्ती में मिशन के तहत प्राप्त उपलब्धियां इस बात का प्रमाण हैं कि शासन की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंच रहा है।

# आटा मिलों का निरीक्षण कर लिए नमूने



**समृद्धि न्यूज़, महाराजगंज।**

आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन,ज़िलाधिकारी महराजगंज व प्रभारी सहायक आयुक्त खाद्य द्वितीय के0के0उपाध्याय के निर्देश पर फ्लोर मिलो की जांच हेतु अभियान जारी है। बिशेष अभियान में खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की टीम द्वारा- जायसवाल एग्रो इंडस्ट्रीज़ प्रा0लि0, मनीकौरा, फरेंदा का निरीक्षण कर आटा व मैदा का नमूना लिया गया तथा हिन्दुस्तान फ्लोर मिल ,प्रसन्ना, नौतनवा का निरीक्षण कर गेहूँ आटा का नमूना संग्रहित कर जांच हेतु भेजा गया। और खाद्य वस्तुओं के रखरखाव को लेकर आवश्यक निर्देश दिए गए। टीम में खाद्य सुरक्षा अधिकारी हंसराज प्रसाद,अंकित सिंह व पवन गौड़ शामिल रहे हैं ।

## 50 किसानों का दल प्रशिक्षण के लिए रवाना

**समृद्धि न्यूज़, महाराजगंज।** उत्तर प्रदेश मिलेटस पुनरुद्धार कार्यक्रम योजना अंतर्गत जनपद के 50 किसानों के जा रहे दल को उप कृषि निदेशक संजीव कुमार ने सुकठिया कृषि भवन से बस को हरी झंडी दिखा रवाना किया। किसानों का दल 5 अगस्त से 7 अगस्त 2026 तक आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कुमारगंज अयोध्या भ्रमण/ प्रशिक्षण हेतु भेजा गया।
मौके पर बस प्रभारी बलवीर सिंह सहायक विकास अधिकारी (कृषि) एटीएम उपस्थित थे। कृषकों का दल उक्त विश्वविद्यालय /संस्थान पर जाकर श्री अन्य मिलेटस के खेती की नवीनतम तकनीकी जानकारी प्राप्त करेंगे तथा मिलेट्स के बनने वाले खाद्य पदार्थ के प्रोसेसिंग प्लांट का भ्रमण कर उनके उत्पाद कैसे तैयार किए जाते हैं।

# डीएसआर विधि से धान की खेती पर किसानों को दी गई जानकारी

**समृद्धि न्यूज़, हलिया (मिर्जापुर)।**



हलिया विकास खंड सभागार में बुधवार को कृषि विभाग द्वारा किसानों के लिए जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में एडीओ एजी नरेंद्र कानापुरिया ने प्रोजेक्टर के माध्यम से किसानों को डीएसआर विधि से धान की खेती के फायदों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। डीएसआर विधि के फायदे बताए एडीओ एजी ने बताया कि डीएसआर यानी 'डायरेक्ट सीडेड राइस विधि' में धान की रोपाई नहीं की जाती, बल्कि बीज को सीधे खेत में बोया जाता है। इससे किसानों को कई लाभ मिलते हैं। उन्होंने कहा कि इस विधि से खेती करने पर पानी की बचत होती है और मजदूरी का खर्च कम हो जाता है समय की बचत होती है और समय पर बुवाई संभव हो पाती है फसल जल्दी पककर तैयार हो जाती है उत्पादन लागत में कमी आती है एडीओ एजी नरेंद्र कानापुरिया ने किसानों से अपील की कि अगर आप सभी किसान भाई डीएसआर विधि से खेती करते हैं तो आपको काफी फायदा होगा। इससे पैदावार भी अच्छी होगी और लागत भी कम आएगी। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे। कृषि विभाग के अधिकारियों ने किसानों की शंकाओं का समाधान भी किया और डीएसआर विधि अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया।इस दौरान सीएम फेलो गौरव सिंह, प्रदीप दुबे आदि मौजूद रहे।

# किसान दिवस पर बीडीओ ने खाद वितरण व सड़क को लेकर जताई नाराजगी

- रजिस्ट्री की प्रक्रिया को सरल बनाया जाए
- ताकि किसान समय पर खाद ले सकें

**समृद्धि न्यूज़, हलिया (मिर्जापुर)।**

किसान दिवस के अवसर पर हलिया विकास खंड सभागार में बुधवार को आयोजित कार्यक्रम में बीडीओ विमल प्रकाश पाण्डेय ने किसानों की समस्याएं सुनीं। इस दौरान कई किसानों ने खाद वितरण, फार्मर रजिस्ट्री और क्षतिग्रस्त सड़कों को लेकर शिकायतें दर्ज कराई।किसान प्रदीप दुबे ने शिकायत करते हुए कहा कि समितियों पर खाद वितरण के समय फिंगर नहीं लग पा रही है। फिंगरप्रिंट मैच न होने व सर्वर की समस्या के कारण किसानों को खाद नहीं मिल पा रहा है, जिससे बुवाई प्रभावित हो रही है।वहीं किसान सुरेंद्र बहादुर सिंह ने कहा कि फार्मर रजिस्ट्री न होने के कारण कई किसानों को खाद नहीं मिल पा रहा है। उन्होंने मांग की कि रजिस्ट्री की प्रक्रिया को सरल बनाया जाए ताकि सभी किसान समय पर खाद ले सकें।किसान परशुराम मिश्रा ने बरौधा से बड़गड़ा संपर्क मार्ग की शिकायत की। उन्होंने बताया कि पाइप लाइन डालने के कारण संपर्क मार्ग क्षतिग्रस्त हो गया है। सड़क खराब होने से आवागमन में काफी परेशानी हो रही है उन्होंने सिरसी बांध की नहर को लेकर भी समस्या बताई। कहा कि नहर पर जगह-जगह कुलाबा न होने से किसानों की सिंचाई प्रभावित हो रही है। पानी खेतों तक नहीं पहुंच पा रहा है।सभी समस्याओं को गंभीरता से सुनने के बाद बीडीओ ने संबंधित विभागों को निर्देश दिए कि खाद वितरण में आ रही तकनीकी दिक्कतों को जल्द ठीक किया जाए। फार्मर रजिस्ट्री में मदद के लिए शिविर लगाए जाएं। साथ ही क्षतिग्रस्त सड़क और नहर की मरम्मत के लिए भी प्रस्ताव भेजने का आश्वासन दिया।

# हलिया पुलिस ने महिलाओं को साइबर सुरक्षा के प्रति किया जागरूक

- 1930 हेल्पलाइन की भी जानकारी दी

**समृद्धि न्यूज़, हलिया (मिर्जापुर)।**




हलिया थाना परिसर में बुधवार को पुलिस द्वारा राष्ट्रीय साइबर सुरक्षा जागरूकता अभियान के तहत महिलाओं को साइबर अपराधों से बचाव के उपाय बताए गए। इस दौरान महिला आरक्षी पूजा चौहान व आरक्षी विश्वनाथ ने महिलाओं को बताया कि आजकल मोबाइल फोन और ऑनलाइन माध्यम से ठगी के मामले बढ़ रहे हैं। ऐसे में सतर्क रहना बहुत जरूरी है।पुलिस ने महिलाओं को साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 की जानकारी दी। बताया कि अगर किसी के साथ ऑनलाइन धोखाधड़ी, पैसा निकाल लिया जाना या मोबाइल से कोई फ्रॉड होता है तो तुरंत 1930 पर कॉल करके शिकायत दर्ज कराई जा सकती है। यह हेल्पलाइन उपलब्ध है। इसके साथ ही महिलाओं को वेबसाइट पर ऑनलाइन शिकायत दर्ज करने की प्रक्रिया भी समझाई गई। थानाध्यक्ष राजीव कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि साइबर अपराध होने पर तुरंत नजदीकी थाने में भी सूचना दी जा सकती है।इस जागरूकता कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाएं शामिल हुई। पुलिस ने सभी से अपील की कि किसी भी संदिग्ध लिंक, ओटीपी या अनजान कॉल पर अपनी जानकारी साझा न करें।

## राजगढ़ में जला ट्रांसफार्मर, 4 दिन से गांव अंधेरे में

**समृद्धि न्यूज़, राजगढ़ (मिर्जापुर)।** विकासखंड राजगढ़ क्षेत्र के ग्रामीण इलाकों में बिजली न होने से गांव अंधेरे में। गांव के ग्रामीण अजय मौर्य ने बताया कि 4 दिन से गांव का ट्रांसफार्मर जल गया है लेकिन बिजली विभाग के द्वारा अभी तक ट्रांसफार्मर नहीं बदल गया जिससे गांव अंधेरे में डूबा हुआ है ग्रामीण ने ऑनलाइन शिकायत किया और इसकी सूचना राजगढ़ पावर हाउस पर दिए। राजगढ़ पावर हाउस के के राजेंद्र सिंह मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों से सूचना प्राप्त की।ग्रामीणों ने कहा कि 4 दिन से ट्रांसफार्मर जल जाने से चारों तरफ अंधेरा छाया हुआ है रात में मच्छरों ने जीना दुश्वार कर दिया। सरकार की योजना है कि ट्रांसफार्मर जलने के 72 घंटे के अंदर नया ट्रांसफार्मर लगा दिया जाएगा।लेकिन सब खोखला साबित हो रहा है बुजुर्ग और बच्चे इस गर्मी में परेशान हो रहे हैं। लेकिन बिजली विभाग के पास समय नहीं है राजगढ़ पावर हाउस के जेई ने ग्रामीणों से बताया कि हमारा तीन जगह का चार्ज है हम कहां-कहां देखेंगे। अब ग्रामीण अपनी शिकायत किससे कहेंगे।

# सपा ने मनाई पूर्व केंद्रीय मंत्री पंडित जनेश्वर मिश्र की जयंती

**समृद्धि न्यूज़, मिर्जापुर।**



समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय लोहिया ट्रस्ट पर पार्टी कार्यकर्ताओं द्वारा पूर्व केंद्रीय मंत्री स्व. जनेश्वर मिश्र जी की 93वीं जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई।

इस अवसर पर आयोजित गोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए पार्टी के जिलाध्यक्ष देवी प्रसाद चौधरी ने कहा कि प्रख्यात समाजवादी चिंतक व विचारक, प्रखर वक्ता स्व. पंडित जनेश्वर मिश्र जी अपनी सादगी व विचारों के कारण छोटे लोहिया के नाम से विख्यात हुए, जो समाजवादी पार्टी के संस्थापक सदस्यों में शामिल रहे और लोकसभा व राज्यसभा के सदस्य रहते हुए सात बार केंद्रीय मंत्रिमंडल में शामिल किए गए। उन्होंने कहा कि स्व. पंडित जनेश्वर मिश्र जी के आदर्श आज भी उतने ही प्रासंगिक हैं तथा उन आदर्शों पर चल कर ही समाजवाद की परिकल्पना को सच्चे मायनों में साकार किया जा सकता है। गोष्ठी का संचालन कर रहे जिला सहकारी बैंक के पूर्व चेयरमैन एड. सुरेन्द्र सिंह पटेल ने कहा कि छात्र जीवन से ही लोहिया जी व जयप्रकाश नारायण के संपर्क में आए पंडित जनेश्वर मिश्र जी दिखावे से दूर रह कर हमेशा आम जनता व गरीबों के हक की लड़ाई लड़ते रहे, उनकी निष्ठा व ईमानदारी का आलम यह रहा कि सात बार केंद्रीय मंत्री रहने के बावजूद उनके पास अपना कोई निजी वाहन या मकान तक नहीं था। इस अवसर पर उपस्थित पार्टीजनों मे मुख्य रूप से गुलाब चंद्र यादव मुन्नी, आशीष यादव, अशोक यादव, एड. सुरेन्द्र सिंह पटेल, रमाशंकर कोल, डॉ. शक्ति श्रीवास्तव, संतोष गोयल, अशोक सिंह मुन्ना, बलराम यादव, रवि सोनकर, मेवा लाल प्रजापति, राकेश यादव, रामजी यादव, चंदन यादव, धनंजय सिंह, लवकुश यादव, आशीष राव, प्रेम कुमार यादव कल्लू, अयान आलम, धीरज मौर्या, अजय सोनकर, रविन्द्र कुमार व विशाल इत्यादि शामिल रहे।

# रील बनाने के चक्कर में युवक पहुंचा जेल

- लालगंज थाने के सामने वीडियो बनाना पड़ा भारी

**समृद्धि न्यूज़, हलिया (मिर्जापुर)।**



सोशल मीडिया पर प्रसिद्धि पाने के लिए लालगंज थाने के सामने सड़क पर रील बनाना एक युवक को महंगा पड़ गया। सोशल मीडिया पर वायरल हुए वीडियो का संज्ञान लेते हुए लालगंज पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया। पुलिस के अनुसार सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में एक व्यक्ति लालगंज थाने के सामने सड़क पर रील बनाते हुए दिखाई दे रहा था। मामले का संज्ञान लेते हुए थानाध्यक्ष वेद प्रकाश पांडे के निर्देशन में पुलिस टीम ने वीडियो की जांच कर आरोपी की पहचान फिरोज पुत्र मंसूर अली निवासी पतार कला, थाना लालगंज, जनपद मीरजापुर के रूप में की। इसके बाद पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर उसके विरुद्ध नियमानुसार आवश्यक वैधानिक कार्रवाई करते हुए चालान कर न्यायालय भेज दिया। पुलिस की इस त्वरित कार्रवाई के बाद क्षेत्र में चर्चा का माहौल है। थाना अध्यक्ष वेद प्रकाश पांडेय ने लोगों से सार्वजनिक स्थानों एवं यातायात प्रभावित करने वाले स्थानों पर रील बनाने से बचने तथा कानून-व्यवस्था का पालन करने की अपील की।